www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, मंगलवार, 2 अप्रैल, 2024 | वर्ष-16 | अंक-357 | पृष्ठ-10 | मूल्य-3.00 रुपए





चीन मुद्दे पर क्यों नहीं बोलते मोदी : कांग्रेस 02
- लोकसभा चुनाव में हार से डरी भाजपा
- राजधानी दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू करना... 03
- पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने आईएचसी के जजों के...
- अल-कायदा के हमले में सरकार समर्थक चार यमनी... 07
हेमा मालिनी को ओलंपियन विजेंदर सिंह देंगे चुनौती 10

### रमजान मुबारक

2 अप्रैल-22

| | | |
|---|---|---|
| खत्म सहरी | : | 4.49 |
| रोजा इफ्तार | : | 6.42 |



**सार संक्षेप**

### जनता की गाढ़ी कमाई मोदी सरकार ने बैंकों से लूटी : खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि उन्होंने बैंकों के जरिए जनता की कमाई को लूटा है और बैंकिंग प्रणाली को नोटबंदी जैसे कदम उठा कर ध्वस्त किया है। श्री खड़गे ने कहा, मोदी की गारंटी जन-धन की लूट है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, आज आप बैंकों की बात कर रहे थे। नोटबंदी से बैंकिंग प्रणाली को धराशायी करने में आप की सरकार ने महारत पाई है।

### रालोद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी का इस्तीफा



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) को एक बड़ा झटका लगा है। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी ने लोकसभा चुनाव से पहले सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। शाहिद सिद्दीकी ने सोमवार को अपने इस्तीफे का ऐलान सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा मैंने अपना त्यागपत्र राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी को भेज दिया है। मैं खामोशी से देश के लोकतांत्रिक ढांचे को समाप्त होते नहीं देख सकता।

### ओडिशा में बीजद के अनुभव मोहंती भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले ओडिशा में बीजू जनता दल (बीजद) को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। ओडिशा के केंद्रपाड़ा से लोकसभा सांसद अनुभव मोहंती ने सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और संजय मयूख की मौजूदगी में अनुभव मोहंती ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। तावड़े ने अनुभव मोहंती का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के लक्ष्य को साधने के लिए लगातार नेताओं का भाजपा में आना जारी है।

### मथुरा में अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक पकड़ा



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा की कोतवाली पुलिस ने तिलकनगर कालोनी के एक खंड़हर मकान में छापा मारकर हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने भारी मात्रा में बने , अधबने हथियार और हथियार बनाने का सामान बरामद कर योगेश उर्फ बोना गैंगेस्टर उर्फ मोना (30) को गिरफ्तार किया है। एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डे ने यह जानकारी दी।

## टैक्स वसूली मामले में कांग्रेस को राहत

# कांग्रेस पर 24 जुलाई तक नहीं होगी कारवाई

**न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना व ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष आयकर विभाग के वकील ने दिया आश्वासन**

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी से 3,500 करोड़ रुपए की कथित बकाया कर वसूली मामले में सोमवार को उच्चतम न्यायालय के समक्ष कहा कि वह लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 24 जुलाई तक उसके (कांग्रेस) के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष कांग्रेस पार्टी की याचिका पर सुनवाई के दौरान आयकर विभाग का पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ये आश्वासन दिया। उन्होंने शीर्ष अदालत को आश्वासन दिया कि आम चुनावों के मद्देनजर आयकर अधिकारी कांग्रेस पार्टी से दो वित्तीय वर्ष के 3,500 करोड़ रुपए की मांग के संबंध में 24 जुलाई तक उसके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। श्री मेहता ने पीठ के समक्ष कहा, चूंकि आम चुनाव होने वाले हैं, इसलिए विभाग वसूली कार्यवाही या कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा। शीर्ष अदालत ने इस मामले में श्री मेहता के ये बयान दर्ज करने के साथ ही अगली सुनवाई के लिए 24 जुलाई की तारीख मुकर्रर कर दी। कांग्रेस का पक्ष वरिष्ठ वकील ए एम सिंघवी ने रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता केवल एक राजनीतिक दल है, लाभ कमाने वाला कोई संगठन नहीं।




- चुनाव के मद्देनजर नहीं की जाएगी कोई कार्रवाई
- याचिकाकर्ता कोई लाभ कमाने वाला संगठन नहीं

**पहले ही कुर्क कर चुका 135 करोड़**

श्री सिंघवी ने पीठ के समक्ष कहा कि आयकर के मामले में कांग्रेस पार्टी की 135 करोड़ रुपए की राशि आयकर विभाग पहले ही कुर्क कर चुका है। श्री मेहता ने हालांकि, करीब 3,500 करोड़ रुपए बकाया वसूली की मांग अदालत के समक्ष दोहराई। उन्होंने कहा कि इस मामले में शीर्ष अदालत के नोटिस का जवाब दाखिल किया जाएगा। पीठ के समक्ष बयान देते हुए श्री मेहता ने कहा कि आयकर अपीलों से उत्पन्न मुद्दों पर अभी फैसला सुनाया किया जाना बाकी है, लेकिन मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए? आयकर विभाग मामले को तूल नहीं देना चाहता। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग आय कर वसूली मामले में कांग्रेस के खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाएगी।शीर्ष अदालत ने उनके इस बयान को रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया।

**हाईकोर्ट से नहीं मिली थी कोई राहत**

दिल्ली हाई कोर्ट ने अधिकारियों द्वारा उसके खिलाफ चार साल की अवधि का पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू करने को चुनौती देने वाली कांग्रेस की याचिकाओं को 28 मार्च को खारिज कर दिया था। कांग्रेस ने अपनी याचिका में आय कर मूल्यांकन वर्ष 2014-15 से 2016-17 से संबंधित पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू करने को चुनौती दी है।

### भोजशाला एएसआई सर्वेक्षण पर रोक लगाने से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के उस फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें भोजशाला मंदिर सह कमाल मौला मस्जिद की पूरी साइट के एएसआई सर्वेक्षण का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय की अध्यक्षता वाली पीठ ने मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी द्वारा दायर एक विशेष अनुमति याचिका पर केंद्र सरकार, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ट्रस्ट और अन्य को नोटिस जारी किया। पीठ में न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि निचली अदालतें सर्वेक्षण रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं करेंगी।

### ज्ञानवापी मस्जिद में पूजा रोकने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी के विवादित ज्ञानवापी मस्जिद के 'व्यासजी का तहखाना' में हिंदू पक्ष को पूजा करने से रोकने की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, 'यथास्थिति बनाए रखना महत्वपूर्ण है, ताकि दोनों समुदाय अपनी- अपनी तरह से धार्मिक आस्था का निर्वहन कर सकें।' पीठ ने इस मामले में मस्जिद समिति की ओर से इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की और यह आदेश पारित किया। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत द्वारा हिंदू पक्षकारों को पूजा करने की अनुमति देने के फैसले के खिलाफ मस्जिद समिति की अपील ठुकरा दी थी।

## केजरीवाल 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली की शराब आबकारी नीति केस में सोमवार को सीएम अरविंद केजरीवाल को 15 अप्रैल तक के लिए तिहाड़ जेल भेज दिया गया। वे जेल नंबर 2 में अकेले रहेंगे। 21 मार्च से जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जुड़े दो मामलों पर राउज एवेन्यू कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। राउज एवेन्यू कोर्ट में ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल ने पूछताछ में बताया कि आतिशी और सौरभ भारद्वाज को विजय नायर रिपोर्ट करता था। ईडी ने कहा कि केजरीवाल हमें सहयोग नहीं कर रहे हैं। वे हमें गुमराह कर रहे हैं। केजरीवाल ने जेल में समय बिताने के लिए तीन किताबें - भगवद गीता, रामायण और हाउ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड के लिए एक आवेदन दायर किया है। श्री केजरीवाल पहले नेता हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री के पद पर रहते गिरफ्तार किया गया। अदालत के समक्ष ईडी का पक्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने रखा। उन्होंने केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूछताछ के दौरान वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। श्री केजरीवाल को 21 मार्च को केंद्रीय जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया था। अगले दिन 22 मार्च को उन्हें विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में पूछताछ के लिए भेजने का आदेश पारित किया गया। दूसरी बार 28 मार्च को अनुरोध करने पर एक अप्रैल तक बढ़ाई थी।



- तिहाड़ की जेल नंबर दो में रहेंगे केजरीवाल
- ईडी के वकील ने कहा, सहयोग नहीं कर रहे

**ये जो कर रहे हैं, देश के लिए अच्छा नहीं : केजरीवाल**

इससे पहले कोर्ट में पेशी के दौरान केजरीवाल ने मीडिया से कहा- ये जो कर रहे हैं, देश के लिए अच्छा नहीं है। सुनवाई के दौरान केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, दिल्ली की मंत्री आतिशी, गोपाल राय और सौरभ भारद्वाज भी कोर्ट में मौजूद थे।

## मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

# अगले तीन महीने सितम ढाएगी गर्मी

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। जहां एक तरफ देशवासी लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व आम चुनाव की तैयारी में जुटे हुए हैं। वहीं दूसरी ओर, मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए मौसम के बारे में अपडेट जारी किया है। आईएमडी डीजी मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि अप्रैल से लेकर जून महीनें के दौरान मैदानी इलाके के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से अधिक लू चलने की संभावना है। गौरतलब है कि इस समय पूरे देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे।

**10 से 20 दिनों तक चलेगी लू**

मौसम विभाग द्वारा जारी ताजा अपडेट के मुताबिक, देश के कई हिस्सों में अप्रैल से लेकर जून के बीच भीषण गर्मी होने की आशंका है, इस दौरान तकरीबन 10 से 20 दिनों तक लू चलने की संभावना है। वहीं मौसम विभाग ने जानकारी देते हुए कहा कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, पूर्वोत्तर राज्यों और उत्तरी ओडिशा के कुछ हिस्सों में तापमान को लेकर भी बदलाव दिख सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, अप्रैल से जून की अवधि के दौरान गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, उत्तरी कर्नाटक, राजस्थान, एमपी, ओडिशा, उत्तरी छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश में लू का सबसे बुरा असर देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, अप्रैल और जून माह के दौरान पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, पूर्वोत्तर राज्यों और उत्तरी ओडिशा के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। वहीं, अप्रैल में देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।



- लू के थपेड़े बढ़ाएंगे लोगों की मुसीबत
- अप्रैल से जून तक में होगी भीषण गर्मी

## अब दिल्ली में ऑपरेशन लोटस की तैयारी

# आप विधायक का दावा, 25 करोड़ का दिया ऑफर

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा ने एक बार फिर दिल्ली में आम आदमी पार्टी के विधायकों को खरीद कर अपनी सरकार बनाने के लिए ऑपरेशन लोटस शुरू कर दिया है। सीएम अरविंद केजरीवाल की झूठे आरोपों में गिरफ्तारी के बाद भाजपा दिल्ली की 'आप' सरकार को अस्थिर करने में जुट गई है।

सोमवार को विधानसभा सत्र के दौरान 'आप' के विधायक ऋतुराज गोविंद ने सदन में सनसनीखेज खुलासा करते हुए दावा किया कि रविवार की रात एक शादी समारोह में उनसे तीन-चार लोग मिले। उन्होंने 'आप' के 10 और विधायकों को तोड़कर अपने साथ लाने पर पूर्वांचल कोटे से मंत्री बनाने का लालच दिया और सभी विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए देने का ऑफर दिया। ऋतुराज ने कहा कि सोमवार सुबह 9:14 बजे मुझे इंटरनेट कॉल कर धमकी दी गई कि रात में हुई बातचीत किसी को बताया तो अच्छा नहीं होगा। इस खुलासे पर विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि भाजपा कह रही है कि केजरीवाल को बिना सबूत के गिरफ्तार कर लिया। अब दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाएंगे और आम आदमी पार्टी को तोड़ेंगे। 'आप' ने इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की है। दिल्ली विधानसभा के सत्र के दौरान आम आदमी पार्टी के विधायक ऋतुराज गोविंद ने कहा कि 21 मार्च 2024 को देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक फर्जी केस में फंसाकर गिरफ्तार कर लिया गया। सरथ रेड्डी और मगुंटा रेड्डी समेत चार लोगों की फर्जी गवाही के आधार पर गिरफ्तारी हुई। अगर गवाही पर ही गिरफ्तारी होनी है तो भारत के प्रधानमंत्री मोदी जिस वक्त गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उस समय सामने आई सहारा और बिड़ला की डायरी में भी साफ-साफ लिखा था कि जिस समय प्रधानमंत्री मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री के पद पर थे, तब उनको कितना पैसा दिया गया। अभी तक उनको जेल में होना चाहिए था। 'आप' विधायक ऋतुराज गोविंद कहा कि सदन में पहले भी कई बार इस बात पर चर्चा हो चुकी है कि किस तरह से ऑपरेशन लोटस के नाम पर एक राजनीतिक षड़यंत्र करके दिल्ली की सरकार और आम आदमी पार्टी को कुचलने की कोशिश की जा रही है। ऑपरेशन लोटस पूरे देश में एक ही पार्टी चलाती है, उसका नाम बीजेपी है।




भाजपा ने दिल्ली में अपनी सरकार बनने के लिए 10 विधायकों को तोड़कर लाने पर सबको 25-25 करोड़ देने का लालच दिया : ऋतुराज गोविंद

## आयोग ने घोष व श्रीनेत के बयानों को आपत्तिजनक पाया

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और हिमाचल प्रदेश में मंडी लोक सभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी कंगना रणौत के विरुद्ध क्रमशः भाजपा नेता दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत के बयानों को आपत्तिजनक, आयोग के निर्देशों और महिलाओं की गरिमा के प्रतिकूल करार देते हुए उनकी निंदा की है और उन्हें चेतावनी दी है। आयोग को श्री घोष और सुश्री श्रीनेत के खिलाफ शिकायतें मिली थीं। आयोग ने सोमवार को जारी अलग-अलग आदेश में श्री घोष और सुश्री श्रीनेत को सख्त अंदाज में आगाह किया है कि वे 'आदर्श आचार संहिता की अवधि में सार्वजनिक वक्तव्य देते समय सावधानी बरतें।' आयोग की ओर से जारी दोनों आदेशों में कहा गया है कि आयोग विवादास्पद बयानों की कड़ी निंदा करता है। आयोग ने आदेश में दोनों नेताओं की भर्त्सना की है। आयोग ने अपने आदेश की प्रतियां भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजकर उन्हें आयोग की ओर से एक मार्च को जारी सलाह का ध्यान दिलाते हुए अपने-अपने दलों के कार्यकर्ताओं को प्रचार या किसी सार्वजनिक वार्तालाप में महिलाओं के सम्मान और मार्यदा के विरुद्ध कोई टिप्पणी नहीं करने की सलाह देने को कहा है।




- चुनाव आयोग ने बयानों की निंदा की
- सख्त अंदाज में आगे के किया आगाह

**भाजपा व टीएमसी ने की थी शिकायत**

आयोग को तृणमूल कांग्रेस की ओर से 26 मार्च को एक शिकायत मिली थी कि श्री घोष ने सुश्री बनर्जी के विरुद्ध कहा था कि 'दीदी जब गोवा में जाती हैं, तो गोवा कि बेटी बन जाती हैं और त्रिपुरा में कहती हैं कि वे त्रिपुरा की बेटी हैं। यह ठीक नहीं हैं। तय करो कि आपका पिता कौन हैं।' श्रीनेत कंगना की उम्मीदवारी पर टिप्पणी की थी।

## पूर्व सांसद धर्मवीर गांधी कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। पंजाब में पटियाला लोकसभा सीट से निर्वाचित पूर्व सदस्य डॉ धर्मवीर गांधी आज कांग्रेस में शामिल हो गए। डॉ गांधी ने कांग्रेस मीडिया और प्रचार विभाग प्रमुख पवन खेड़ा, पार्टी के पंजाब प्रभारी देवेंद्र यादव, पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह राजा बराड़ तथा पंजाब विधानसभा में कांग्रेस के नेता प्रताप सिंह बाजवा की मौजूदगी में यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस नेताओं ने डॉ गांधी का पार्टी में स्वागत किया और कहा कि कांग्रेस की विचारधारा से शामिल होकर उन्होंने कांग्रेस का दामन थामा है और



- पटियाला से सांसद रह चुके हैं धर्मवीर गांधी

**कांग्रेस पांच अप्रैल को जारी करेगी घोषणा पत्र**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र को पूरी तरह तैयार कर लिया है और उसे पांच अप्रैल को पार्टी मुख्यालय में यहां जारी करेगी। कांग्रेस महासचिव-संगठन के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी के शीर्ष नेताओं ने गहन विचार विमर्श के बाद घोषणा पत्र जारी करने के लिए तैयार कर लिया है।

## भाजपा की घोषणापत्र समिति की पहली बैठक संपन्न

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (देशबन्धु) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लोकसभा चुनाव के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गठित घोषणापत्र समिति की आज यहां पहली बैठक में देश भर से विभिन्न माध्यमों से प्राप्त साढ़े पांच लाख से अधिक सुझावों की समीक्षा की और उन्हें राष्ट्रहित एवं जनहित के आधार पर उनकी प्राथमिकता वर्गीकृत करने का फैसला हुआ। बैठक के बाद घोषणापत्र समिति के सह संयोजक केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल एवं सदस्य विनोद तावड़े ने संवाददाताओं को बताया कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की घोषणापत्र समिति की महत्वपूर्ण बैठक श्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई।

**पांच लाख से अधिक सुझावों की समीक्षा की**

**चुनाव** *गुना सीट पर रोचक हुआ मुकाबला*

# कभी पिता थे आमने-सामने, अब गुना में बेटों के बीच सियासी जंग

**गुना, 1 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के लोकसभा चुनाव में गुना सीट पर रोचक मुकाबला है। यहां पहले कभी पिता आमने-सामने थे तो इस बार बेटों में मुकाबला है। इस बार यहां भाजपा के उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और कांग्रेस उम्मीदवार राव यादवेंद्र सिंह यादव के बीच मुकाबला है। गुना को सिंधिया राज परिवार का प्रभाव वाला क्षेत्र माना जाता है। इसे यहां इस परिवार को मिली सफलता से भी समझा जा सकता है।**

इस संसदीय क्षेत्र में अब तक 19 चुनाव हुए हैं, जिनमें से 14 बार सिंधिया राज परिवार के सदस्य निर्वाचित हुए। विजयाराजे सिंधिया छह बार निर्वाचित हुईं तो माधवराव सिंधिया और ज्योतिरादित्य सिंधिया चार-चार बार निर्वाचित हुए हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया वर्ष 2019 का चुनाव यहां से कांग्रेस के उम्मीदवार के तौर पर लड़े थे और उनके खाते में हार आई थी। इस बार वे भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में हैं। भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपने वर्तमान सांसद केपी यादव का टिकट काटकर सिंधिया को मैदान में उतारा है। वहीं, कांग्रेस की ओर से राव यादवेंद्र सिंह ताल ठोक रहे हैं। दोनों परिवारों की सियासी अदावत पुरानी है। यहां वर्ष 1999 के चुनाव में माधवराव सिंधिया और देशराज सिंह यादव के बीच मुकाबला हुआ था। उसके बाद 2002 के उपचुनाव में ज्योतिरादित्य के सामने देशराज सिंह थे। अब सिंधिया का मुकाबला देशराज के पुत्र यादवेंद्र सिंह से है। यादवेंद्र सिंह का परिवार पुराने भाजपा परिवार के तौर पर पहचाना जाता है। उनके पिता देशराज सिंह यादव भाजपा के बड़े नेता रहे हैं। यादवेंद्र सिंह भी भाजपा में रहे हैं, मगर वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कांग्रेस का दामन थाम लिया था। अब यादवेंद्र सिंह की मां जो जिला पंचायत सदस्य हैं, वह भाजपा में लौट चुकी हैं और परिवार के अन्य सदस्य भी भाजपा में शामिल हो चुके हैं। गुना संसदीय क्षेत्र में तीन जिलों के विधानसभा क्षेत्र आते हैं, इनमें शिवपुरी के तीन, गुना के दो और अशोकनगर के तीन विधानसभा क्षेत्र हैं। इन आठ विधानसभा क्षेत्र में से छह विधानसभा क्षेत्र पर भाजपा का और दो पर कांग्रेस का कब्जा है।



- भाजपा के ज्योतिरादित्य सिंधिया और कांग्रेस के राव यादवेंद्र सिंह यादव में है मुकाबला

# देश

उवाच



सत्तारूढ़ दल ने झूठे बयान फैलाने के लिए डीप फेक तकनीक और वीडियो का इस्तेमाल किया। इस तकनीक के जरिए यह प्रचार किया जा रहा है कि भाजपा के साथ टीडीपी का गठबंधन अस्थायी है।

–चंद्रबाबू नायडू, टीडीपी प्रमुख

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 29.0 | 19.0 |
| मुंबई | 29.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 36.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 27.0 |

# चीन मुद्दे पर क्यों नहीं बोलते मोदी : कांग्रेस

## कच्चातिवु द्वीप मामले पर प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर किया पलटवार

**नई दिल्ली,**1 अप्रैल (एजेंसियां)। कच्चातिवु द्वीप मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पोस्ट और केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर कांग्रेस नेता पी.चिदंबरम ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बताया कि भाजपा इस मामले में बेतुका आरोप लगा रही है। प्रधानमंत्री मोदी को आड़े हाथ लेते हुए चिंदबरम ने कहा कि वो सुलझे हुए मुद्दे कच्चातिवु के बजाए चीन की आक्रामकता पर बोलें। 2,000 वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र पर चीनी सैनिकों का कब्जा है और यह एक सच्चाई है। फिर भी, पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय क्षेत्र में कोई भी चीनी सैनिक मौजूद नहीं है और भारतीय क्षेत्र का कोई भी हिस्सा चीनी सैनिकों के कब्जे में नहीं है।

यह बात पीएम मोदी ने सार्वजनिक रूप से सभी दलों और सभी मुख्यमंत्रियों से कही थी और उन्होंने चीन को क्लीन चिट दे दी थी। चीनी मीडिया ने पूरी दुनिया में यह प्रचारित किया कि भारतीय पीएम ने उनके देश को क्लीन चिट दे दी है। जबकि ऐसा नहीं है, चीन का हमारे क्षेत्र पर कब्जा है। मैं पीएम मोदी से अपील करता हूं कि वह इस पर कुछ बोलें। मीडिया से बात करते हुए चिदंबरम ने कहा कि यह समझौता 1974 और 1976 में हुआ था। चिदंबरम ने दावा किया कि इसका प्रभाव इंडी गठबंधन के पक्ष में पड़ेगा। भाजपा को केरल और तमिलनाडु में एक भी सीट नहीं मिलने वाली है। तेलंगाना और कर्नाटक में कांग्रेस के पास भाजपा से बेहतर संख्या होगी। प्रधानमंत्री मोदी आरटीआई में दिए गए हालिया जवाब के



दो हजार वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र पर चीनी सैनिकों का कब्जा है और यह एक सच्चाई है : पी.चिदंबरम

आधार पर आरोप लगा रहे हैं, जबकि उन्हें 27 जनवरी 2015 के आरटीआई के जवाब को देखना चाहिए, जब जयशंकर विदेश सचिव थे। उस जवाब में स्पष्ट रूप से कहा गया कि बातचीत के बाद यह द्वीप अंतरराष्ट्रीय सीमा के श्रीलंकाई हिस्से में है। इंदिरा गांधी ने क्यों स्वीकार किया कि यह श्रीलंका का है क्योंकि श्रीलंका में छह लाख तमिल पीड़ित थे और वह भारत आना चाहते थे। इस समझौते के बाद छह लाख तमिल भारत आए और वे अब यहां सभी मानवाधिकारों का आनंद ले रहे हैं। वहीं कच्चातिवु द्वीप को लेकर मोदी के पोस्ट और विदेश मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर कांग्रेस नेता मनिकम टैगोर ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु के लोग भाजपा को खारिज कर रहे हैं और पार्टी ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। मीडिया से बात करते हुए अन्नादुरई ने कहा, भाजपा, आरएसएस और पीएम मोदी के साथ एक ही परेशानी है। तमिलनाडु के लोग उन्हें खारिज कर रहे हैं और वह ध्यान भटकाने की रणनीति चाहते हैं। इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत सरकार ने समझौते पर हस्ताक्षर किया था, जिसे इंदिरा गांधी–सिरीमावो भंडारनायके समझौता के नाम से जाना जाता है। छह लाख तमिलों को बचाने के लिए यह द्वीप श्रीलंका को दे दी गई थी। हम स्पष्ट थे कि अगर हमारे मछुआरों पर हमला किया गया तो हम इस द्वीप को वापस पाने के लिए आवाज उठाएंगे। लेकिन इन 10 वर्षों में पीएम मोदी ऐसा करने में नाकाम रहें। उन्होंने दावा किया कि इस गिरी हुई रणनीति के साथ भाजपा तमिलनाडु में एक भी सीट नहीं जीत पाएगी। तमिलनाडु की तमाम सरकारें 1974 के समझौते को मानने से इनकार करती रहीं और श्रीलंका से द्वीप को दोबारा प्राप्त करने की मांग उठाती रहीं।

### ध्यान भटकाने की रणनीति कर रही केंद्र सरकार : स्टालिन



**चेन्नई।** कच्चातिवु द्वीप मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान और केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पलटवार किया है। उन्होंने मछुआरों के प्रति अचानक भाजपा का प्यार जागने पर सवाल उठाया है। मोदी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस मामले को लेकर आलोचना करने के बाद सीएम स्टालिन ने इसे ध्यान भटकाने वाली रणनीति बताया है। मीडिया से बात करते हुए स्टालिन ने कहा कि दस वर्षों से कुंभकर्ण की नींद से उठने के बाद जो मछुआरों के प्रति अपना प्यार दिखा रहे हैं, तमिलनाडु की जनता उनसे तीन सवाल पूछना चाहती हैं। केंद्र सरकार तमिलनाडु द्वारा कर के रूप में दिए गए एक रुपए में से 29 पैसे क्यों लौटाती है राज्य को दो प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ा, इस दौरान केंद्र ने बाढ़ राहत के तौर पर तमिलनाडु को एक भी पैसा क्यों नहीं दिया। वह एक ऐसी परियोजना के बारे में बता दें जिसे पिछले दस वर्षों में उनके द्वारा राज्य में लागू किया गया है। उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि ध्यान भटकाने की रणनीति न करके वह (पीएम मोदी) पहले इन तीन सवालों का जवाब दें।

# जनविरोधी नीतियों को लागू कर रही है राजग सरकार : पिनाराई विजयन

## इंडिया समूह की रैली के बाद विजयन ने दी भाजपा को चेतावनी

**कोझिकोड,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने सोमवार को कहा कि नई दिल्ली में रविवार को आयोजित इंडिया समूह की रैली भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के लिए एक कड़ी चेतावनी है और इसे आगामी लोकसभा चुनाव के राजनीतिक क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विजयन ने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राजग सरकार जनविरोधी नीतियों को लागू कर रही है और भाजपा के नेतृत्व में विपक्षी दल के नेताओं के लिए राष्ट्रव्यापी शिकार अपना रही है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि कांग्रेस पार्टी को भी इससे सबक सीखने की जरूरत है। कांग्रेस पार्टी ने उत्पाद शुल्क नीति और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। विजयन ने वायनाड लोकसभा क्षेत्र से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय नेता एनी राजा के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भी आलोचना की। केरल में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) एक–दूसरे से लड़ रहे हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर दोनों इंडिया समूह में हैं। इसलिए राहुल गांधी की उम्मीदवारी इंडिया



समूह के दृष्टिकोण के विरुद्ध माना जाता है। एलडीएफ उम्मीदवार एनी राजा को मणिपुर का दौरा करने पर देशद्रोह के आरोप का सामना करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी ने कभी भी सीएए के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी यह नहीं कह सकते कि वह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेद्रन के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, जो वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से राजग के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। हाल ही में कासरगोड में रियाज मौलवी हत्या मामले में एक स्थानीय अदालत की ओर से सबूतों के अभाव में तीन आरएसएस कार्यकर्ताओं को बरी किए जाने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में विजयन ने कहा कि केरल में धार्मिक घृणा के तहत लोगों को मारने की प्रथा को किसी भी तरह से रोका जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एलडीएफ सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इस सनसनीखेज रियाज मौलवी कोडागु हत्याकांड में हत्यारों को उचित सजा दी जाए।

## सार संक्षेप

### धनखड़ ने ओडिशा स्थापना दिवस पर दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ओडिशा के लोगों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी है। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने सोमवार को बताया कि धनखड़ ने ओडिशा के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों की सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की है। धनखड़ ने कहा कि प्राचीन मंदिरों की शानदार भव्यता से लेकर आधुनिक युग के अत्याधुनिक नवाचारों तक, ओडिशा की संस्कृति, विरासत और प्रगति की समृद्ध छवि सभी को मंत्रमुग्ध करती रहती है।

### जयपुर में कांग्रेस की जनसभा छह अप्रैल को

**जयपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर राजस्थान की राजधानी जयपुर में कांग्रेस की छह अप्रैल को पहली बड़ी जनसभा होगी जिसे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी सम्बोधित करेंगे। जनसभा के दौरान कांग्रेस पार्टी का लोकसभा चुनाव के लिए जन घोषणा पत्र भी जारी किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव ललित तूनवाल ने जनसभा की तैयारियों को लोकसभा क्षेत्र सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, दौसा एवं अजमेर के विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभावार प्रभारियों की नियुक्ति की है।

### कश्मीर में ड्रग तस्करों के खिलाफ 58 मामले दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले की पुलिस ने इस साल नशीले पदार्थों की तस्करी के 58 मामले दर्ज किए और तीन महीने के दौरान 91 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार ने कहा कि पुलिस ने स्वापक औषधि व मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत 58 मामले भी दर्ज किए हैं और 91 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसमें 11 हार्ड-कोर ड्रग तस्कर शामिल हैं।

### कोटपूतली में चुनावी जनसभा करेंगे मादी

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोटपुतली-बहरोड़ जिले के कोटपुतली में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के जयपुर ग्रामीण लोकसभा प्रत्याशी राव राजेन्द्र सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि मोदी दोपहर एक बजकर 50 मिनट पर कोटपूतली के एकलव्य डेंटल मेडिकल कॉलेज के सामने मोलाहेड़ा गांव स्थित सभास्थल पर पहुंचेंगे और विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। मोदी की सभा को लेकर पांडाल, पार्किंग, टेंट, भोजन और जल व्यवस्थाओं के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मा सौंपा गया है।

# फोन पर भाजपा विधायक से मांगी पचास लाख रुपए की रंगदारी



रंगदारी न देने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी

**पटना,**1 अप्रैल (देशबन्धु)। बिहार में अपराधी और बदमाश तबके के लोगों का हौसला सातवें आसमान पर हैं। आम तो आम ये लोग खास लोग भी इनके रडार पर हैं। इसी कड़ी में अब एक बड़ी जानकारी सत्ता रूढ़ दल से नेता से निकल कर सामने आया है। जहां पार्टी के विधायकों को फोन कर रंगदारी की डिमांड की गई है। यह फोन कॉल पाकिस्तानी नंबर से आया था और लाखों की डिमाडं भी की गई थी। मिली जानकारी के अनुसार, भागलपुर में भाजपा विधायकों से रंगदारी मांगने का सिलसिला नहीं रुक रहा है। पीरपैंती विधायक से रंगदारी मांगने के बाद अब बदमाशों ने कहलगांव से भाजपा विधायक पवन यादव से 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। कहलगांव विधानसभा सीट से भाजपा विधायक पवन यादव को पाकिस्तानी नंबर से धमकी भर कॉल आया है। फोन पर उनसे 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। वहीं, रंगदारी के 50 लाख रुपए नहीं देने पर बदमाशों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। जिसके बाद अब भाजा नेता ने पुलिस से मामले में शिकायत की है। भाजपा विधायक ने बताया कि उन्हें पाकिस्तानी नंबर +92 3486747773 से रंगदारी मांगने के लिए फोन किया गया है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने खोला पत्ता

# अनंतनाग–राजोरी से मियां अल्ताफ को बनाया उम्मीदवार

**श्रीनगर,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) ने अपने पहले उम्मीदवार के नाम का एलान कर दिया है। नेकां ने अनंतनाग राजोरी सीट से मियां अल्ताफ की चुनावी मैदान में उतारने की घोषणा की है। नेकां के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने यह जानकारी दी है।

मियां अल्ताफ की मौजूदगी में उमर अब्दुल्ला ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने फारूक अब्दुल्ला की ओर से मियां अल्ताफ अहमद लाहरवी को दक्षिण कश्मीर की पीर पंजाल संसदीय सीट के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार के रूप में नामित किया गया है। उमर अब्दुल्ला ने लोगों का पर्याप्त समर्थन की अपील की। घोषणा के दौरान पार्टी महासचिव हाजी अली मोहम्मद सागर, प्रदेश सचिव चौधरी रमजान, प्रांतीय अध्यक्ष नासिर असलम वानी और मुख्य प्रवक्ता तनवीर सादिक मौजूद रहे। इस घोषणा से कश्मीर की तीनों



नेकां उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने की लोगों से पर्याप्त समर्थन की अपील

सीटों पर एनसी और पीडीपी के एक–दूसरे के खिलाफ खड़े होने की संभावना उत्पन्न हो गई है। एनसी और पीडीपी–कश्मीर की दो प्रमुख मुख्यधारा की पार्टियां इंडिया समूह की घटक होने के अलावा पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकार डिक्लेरेशन (पीएजीडी) का भी हिस्सा थीं, जो घाटी में राजनीतिक दलों का एक गठबंधन है। इसे 2020 में जम्मू–कश्मीर की विशेष स्थिति की बहाली की लड़ाई के लिए बनाया गया था। इंडिया गठबंधन में शामिल नेशनल कॉन्फ्रेंस ने एलान किया है कि कश्मीर घाटी में तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इस सीट पर चरमपंथ का प्रभाव होने का तर्क देकर चुनाव आयोग ने चुनाव नहीं करवाए। अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद के निधन के बाद महबूबा ने अनंतनाग विधानसभा सीट से चुनाव जीता। बाद में 2019 में इस सीट पर चुनाव हुआ और नेशनल कांफ्रेंस के हसनैन मसूदी ने जीत हासिल की। उन्होंने 40180 वोट हासिल किए थे जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के गुलाम अहमद मीर ने 33504 वोट हासिल किए। पीडीपी मुखिया महबूबा मुफ्ती तीसरे नंबर पर रहीं।

### इस बार हॉट सीट रेहगी अनंतनाग-राजोरी सीट

परिसीमन के बाद पुरानी अनंतनाग सीट अब राजोरी–पुंछ क्षेत्र को मिलाकर अनंतनाग–राजोरी सीट बन चुकी है। पांचों सीटों में यह लोकसभा सीट सबसे हॉट मानी जा रही है। परिसीमन से पहले मुस्लिम बहुल इस सीट पर कांग्रेस हैट्रिक लगा चुकी है। नेकां व पीडीपी भी यहां से कई बार जीत का स्वाद चख चुकी है। कभी अनंतनाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र जम्मू और कश्मीर के पांच लोकसभा क्षेत्रों में से एक था।

# परिवार संग बाबा हरिहरनाथ मंदिर पहुंचे लालू

- बेटियों की जीत के लिए किया प्रार्थना
- सारण से रोहिणी आचार्य आजमा रहीं भाग्य

**पटना/हाजीपुर,**1 अप्रैल (देशबन्धु)। बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज है। सुबह–सुबह राजद सुप्रीमो लालू यादव अपने परिवार के साथ बाबा हरिहरनाथ मंदिर पहुंचे हैं। लालू यादव पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, मीसा भारती और रोहिणी आचार्य के साथ बाबा के दर्शन के लिए 10 सर्कुलर राबड़ी आवास से हरिहरनाथ पहुंचे हैं। लालू परिवार के रथ से रोहिणी आचार्य के साथ भोलेनाथ से आशीर्वाद लेने मंदिर पहुंची हैं। दरअसल, इस बार लालू यादव ने सारण से रोहिणी आचार्य को



लोकसभा चुनाव के मैदान में उतारा है। ऐसे में लालू यादव सोमवार को अपने पूरे परिवार के साथ भोलेनाथ के दर पर पहुंचकर बाबा से बेटियों की जीत के लिए प्रार्थना किया। सारण में मतदान पांचवें चरण यानी 20 मई को होगा। आपको बताते चलें कि, सिंगापुर में रहने वाली और पिता लालू प्रसाद को किडनी देकर चर्चा में आयी रोहिणी आचार्य महागठबंधन से राजद की उम्मीदवार होंगी। रोहिणी को लेकर युवा और महिला मतदाताओं में चर्चा है। इस लोकसभा सीट पर दोनों गठबंधनों में कांटे की टक्कर होती रही है। लालू प्रसाद के बाद यहां से उनके परिवार का कोई दूसरा सदस्य चुनाव नहीं जीत पाया है।

### बिहार में सात चरणों में होगा मतदान

बिहार में लोकसभा चुनाव 7 चरणों में होगा। मालूम हो कि, लालू परिवार की दोनों बेटियों में से मीसा भारती ने पहले भी लोकसभा चुनाव में हाथ आजमा चुकी हैं, लेकिन रोहिणी आचार्य पहले बार चुनावी मैदान में उतरेंगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि लालू यादव की बेटियां मैदान फतेह करती हैं या नहीं। फिलहाल लालू परिवार बाबा हरिहरनाथ मंदिर पहुंचे हैं। जहां लालू परिवार बाबा से खास प्रार्थना कर रहे हैं।

# मराठा आरक्षण कार्यकर्ताओं ने अशोक चव्हाण की कार को घेरा

**नांदेड़,**1 अप्रैल (एजेंसियां)। मराठा आरक्षण कार्यकर्ताओं ने सोमवार को नांदेड़ के कोंधा गांव में नारेबाजी की और कांग्रेस से भाजपा शामिल हुए अशोक चव्हाण की कार को रोकने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि उस समय चव्हाण नायगांव तहसील में लोगों से मिलने जा रहे थे।

इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें मराठा आरक्षण कार्यकर्ताओं को नारे लगाते और कार को रोकने की कोशिश करते हुए दिखाया गया है। बताया किया कि अशोक चव्हाण ने एक वीडियो संदेश में कहा है कि प्रत्येक राजनेता को जनता से मिलने का अधिकार है। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने भी मराठा आरक्षण के लिए काम किया है। भाजपा नेता ने कहा कि अगर कुछ लोग नारे लगा रहे हैं, तो उन्हें ऐसा करने दीजिए। कुछ राजनीतिक दलों के लोग लोगों के बीच गलतफहमी पैदा कर रहे हैं।

# तेलंगाना में सत्ता गंवाने से हताश हो गए हैं केसीआर : रेड्डी

## राज्य सरकार पर मनगढ़ंत आरोप लगाने पर घेरा



**हैदराबाद,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। तेलंगाना के सिंचाई मंत्री कैप्टन एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पर हमला बोलते हुए कहा कि वह राज्य में सत्ता गंवाने से हताश और निराश हो गए हैं और राज्य सरकार पर मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। रेड्डी भरोसा जताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस राज्य की 17 सीटों में से 14 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। गौरतलब है कि तेलंगाना में 13 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। रेड्डी ने सोमवार को यहां गांधी भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि नालगोंडा संसदीय क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अपना जमानत नहीं बचा पाएगी। उन्होंने राज्य में सूखे की हालात के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराने वाले केसीआर के आरोपों को खारिज किया और कहा कि राज्य में 24 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में बीआरएस का सुपड़ासाफ की बात करते हुए कहा कि राव के परिवार (केसीआर परिवार) के अलावा अन्य सभी विपक्षी विधायक कांग्रेस के शासन को देखकर पार्टी में शामिल होने के लिए तैयार हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए पात्र व्यक्तियों को श्वेत राशन कार्ड जारी किए जाएंगे।

समीक्षा | *मध्य प्रदेश में चुनावी तैयारियों की समीक्षा बैठक में बोले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी*

# चुनाव से संबंधित व्यवस्थाएं समय-सीमा में करें सभी विभाग

**भोपाल, 1 अप्रैल (एजेंयिसां)। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा है कि सभी विभाग चुनाव से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय-सीमा में सुनिश्चित करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने यह निर्देश सोमवार को विभिन्न विभागों के चुनाव से संबंधित व्यवस्थाओं की तैयारियों की समीक्षा के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग चुनाव।**

चुनाव से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय–सीमा में सुनिश्चित करें। सभी विभागों में चुनाव संबंधी तैयारियों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी इन व्यवस्थाओं की सतत् मॉनिटरिंग करें। उन्होंने गृह विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि चुनाव ड्यूटी के दौरान किसी सुरक्षा कर्मी की दुर्घटना होने पर उसके खाते में अतिशीघ्र प्रावधानित राशि पहुंचनी चाहिए। पुलिस डिप्लायमेंट



- देश के सभी संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए : राजन

प्लान शीघ्र तैयार करें। कानून व्यवस्था की दैनिक रिपोर्ट भेजें। मतदान एवं मतगणना दिवस पर शराब की बिक्री पर प्रतिबंध सुनिश्चित करें। अन्य प्रदेशों के करीब मध्य प्रदेश के पड़ोसी जिलों में भी मतदान एवं मतगणना के दिन शराब की बिक्री पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। चौकसी बढ़ाकर यहां आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त बल भी लगाया जाए। उन्होंने प्रदेश में स्थापित किये गये अंतर्राज्यीय नाकों और राज्य के अंदर नाकों की गतिविधियों की समीक्षा की और कहा कि सभी नाके सक्रिय कर दिए जाएं। नाको पर स्टॉफ की संख्या बढ़ाएं और हर गतिविधि की निगरानी की करें। इसके साथ ही निर्वाचन के परिपेक्ष्य में तैयार किए गए उड़नदस्ता दल और निगरानी दल के मॉनिटरिंग सिस्टम को और प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों में स्थापित मतदान केंद्रों में अनिवार्य सुविधाएं उपलब्ध करवाएं। दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील–चेयर की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। खासतौर से सुरक्षा एजेंसियों के वाहनों को ईधन के लिए दूर नहीं जाना पड़े। मतदान के दिनों में सभी निजी संस्थानों में भी श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश मिलना चाहिए। इस मौके पर राजन ने बताया कि बालाघाट, मंडला एवं डिंडोरी जिले में चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों, सुरक्षाबलों को गंभीर बीमारी या दुघर्टना होने पर विशेषज्ञ सुविधा वाले अस्पतालों में ले जाने के लिए एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जबलपुर में एयर एंबुलेंस और बालाघाट में हेलीकॉप्टर उपलब्ध रहेगा।

उन्होंने कहा कि मतदान दल के साथ जरूरी दवाइयों के साथ एक मेडिकल किट जरूर रखवाएं। गर्मी को ध्यान में रखते हुए ओआरएस आदि जरूरी दवाइयाँ किट में होनी चाहिए।

उल्टा पुल्टा

सुरेश, डॉक्टर से : जब मैं सोता हूं तो सपने में बन्दर फुटबॉल खेलते हैं।
डॉक्टर : कोई दिक्कत नहीं, ये गोली रात को सोने से पहले खा लेना।
सुरेश : कल से खाऊंगा, आज तो फाइनल हैं

# कैपिटल ज़ोन

# लोकसभा चुनाव में हार से डरी भाजपा

## केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने पर आप ने बोला हमला

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। सीएम अरविंद केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। आप के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने कहा कि आज आदमी पार्टी की यह बात सच साबित हो गई है कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में हार का डर सता रहा है। इसी से बौखला कर भाजपा ने सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कराया है।

ईडी ने कोर्ट से सीएम अरविंद केजरीवाल का रिमांड नहीं मांगा, बल्कि उनको न्यायिक हिरासत में भेजने पर अपनी सहमति जताई है। जब ईडी को अरविंद केजरीवाल से पूछताछ नहीं करनी है तो फिर एक सीटिंग मुख्यमंत्री को जेल में रखने का क्या तर्क है। विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि अब सीएम अरविंद केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजने का क्या मतलब है। आपने उन्हें 11 दिन की रिमांड पर लेकल पूछताछ की, अब अगर पूछताछ नहीं करनी है, तो एक सीटिंग मुख्यमंत्री को जेल की सलाखों के पीछे रखने का क्या तर्क है। किसी को न्यायिक



हार के डर से बौखला कर भाजपा ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कराया है : दिलीप पांडे

हिसारत में तब रखा जाता है, जब आपको अंदेशा हो कि जिसके ऊपर आरोप हैं, वो कहीं चला जाएगा या कानून को मानने वाला नागरिक नहीं है। लेकिन ऐसे कोई भी हालात सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ नहीं हैं। उनको न्यायिक हिरासत में भेजने के बाद ईडी और बीजेपी ने ये स्पष्ट कर दिया है कि सिर्फ लोकसभा चुनाव को देखते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है। इसका मकसद पूछताछ करना कभी था ही नहीं। विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि उनका असली मकसद लोकसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल को किसी तरह से रोक के रखना और इंडिया गठबंधन के इस प्रमुख चेहरे को चुनावी कैंपेन करने से रोकना था। उन्होंने कहा कि आज बीजेपी का घिनौना चेहरा और असली मकसद कोर्ट और विधानसभा के सामने बेनकाब हो गया है। देश और दिल्ली की जनता के सामने सच आ गया है कि बीजेपी ये नहीं चाहते कि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल लोकसभा चुनाव का प्रचार करें। बीजेपी नहीं चाहती कि आम आदमी पार्टी दिल्ली की जनता की सेवा करके उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकें। भाजपा नहीं चाहती कि अरविंद केजरीवाल आगे भी दिल्लीवासियों के दिलों पर राज करते रहें।

### जनता के सामने आ गया है भाजपा की साजिश का सच

आप के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने कहा कि भाजपा की साजिश का सच जनता के सामने आ गया है कि ईडी का मकसद केजरीवाल से कभी पूछताछ का था ही नहीं। इसके पीछे मकसद केवल इंडिया गठबंधन के प्रमुख चेहरे को चुनाव प्रचार से रोकना था। पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में जो घटनाक्रम हुआ, उसने भाजपा द्वारा निर्देशित ईडी को फिर से बेनकाब कर दिया है। सोमवार को कोर्ट में ये साबित हो गया कि ईडी पूरी तरह से बीजेपी के एक सियासी औजार के तौर पर लोकसभा चुनाव में सक्रिय भूमिका निभा रही है। ईडी ने कोर्ट में सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत पर अपनी सहमति जताते हुए रिमांड न लेने की बात कहकर आम आदमी पार्टी के उस कथन को सही साबित कर दिया, जिसमें हमने बार-बार ये कहा है कि लोकसभा चुनावों के ठीक पहले सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी चुनाव में बीजेपी की हार की प्रत्याशा का परिणाम है। उसने अपनी हार के डर से बौखलाहट में ये गिरफ्तारी की है।

## वेदांता अपने ऋण को डीमर्ज की गई कंपनियों में विभाजित करेगी

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। खनन समूह वेदांता, एल्युमीनियम सहित अपने प्रमुख व्यवसायों को अलग-अलग सूचीबद्ध कंपनियों में विभाजित करने वाली है और डीमर्ज की गई इन इकाइयों में ऋण का आवंटन उनकी परिसंपत्ति के अनुपात में किया जाएगा। यह बात के डीमर्जर प्रक्रिया से जुड़े जानकार सूत्रों ने कही। सूत्रों ने बताया कि वेदांता इस मुद्दे पर अपने ऋणदाताओं के साथ बातचीत के उन्नत चरण में है और यह प्रक्रिया सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है। डीमर्जर के बाद इकाइयों के बीच ऋण आबंटन को लेकर स्पष्टता है।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हाल ही में संपन्न एक निवेशक कार्यक्रम में कहा था, ऋण को डीमर्जर के बाद अलग होने वाली इकाइयों के बीच उन्हें आवंटित होने वाली परिसंपत्तियों के अनुपात में निर्धारित नियमों और विनियमों के अनुसार विभाजित किया जाएगा। वेदांता एल्युमीनियम का उदाहरण देते हुए, अधिकारी ने कहा था कि कंपनी को जो ऋण आबंटित किया जाएगा, वह उसके पास मौजूद परिसंपत्तियों के बुक वैल्यू के अनुपात में होगा।

## राजधानी दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू करना चाहती है भाजपा : जस्मीन शाह

### आचार संहिता के दौरान केजरीवाल को जेल में डाला

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने सीएम अरविंद केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजने पर प्रश्न खड़ा किया है। आप के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने कहा कि भाजपा नहीं चाहती है कि अरविंद केजरीवाल लोकसभा चुनाव में प्रचार कर पाएं। इसीलिए भाजपा की ईडी ने उनको जेल भेज दिया। भाजपा आम आदमी पार्टी के विधायकों को तोड़कर दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू करना चाहती है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए अरविंद केजरीवाल को जेल भेजा गया। ईडी ने 11 दिन तक अरविंद केजरीवाल से पूछताछ की, लेकिन उसको कुछ नहीं मिला। ऐसे में अब तक उनको रिहा कर देना चाहिए।

जबकि पहले यहीं ईडी कहती थी कि हमें अरविंद केजरीवाल से केवल पूछताछ करनी है। इसलिए उनको 9 समन भेजे हैं। उन्होंने कहा कि शुरू से ही भाजपा और ईडी का यही षडयंत्र था कि कैसे भी अरविंद केजरीवाल को जेल में डालो, ताकि चुनाव प्रचार न कर पाए। भाजपा चाहती है कि आम आदमी पार्टी लोकसभा चुनाव में बढ़िया प्रदर्शन न कर पाए। इसलिए उनने आचार संहिता



के दौरान अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया। पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर आप के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने कहा कि आज अरविंद केजरीवाल की ईडी की रिमांड खत्म हो गई है। उनको ईडी ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया, लेकिन ईडी की तरफ से ऐसा कोई बयान सामने नहीं आया कि उसको अरविंद केजरीवाल से 11 दिन की पूछताछ के बाद क्या हासिल हुआ। जिसके लिए उन्होंने 11 दिन तक एक सिटिंग मुख्यमंत्री को हिरासत में लेकर पूछताछ की। यह हैरान करने वाली बात है कि ईडी ने कोर्ट के सामने यह पक्ष रखा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल को अब जेल में डालिए। न्यायिक हिरासत में डालिए।

# दिल्ली सरकार लगवा रही पांच हजार एआई कैमरे

### यातायात नियम तोड़ने वाले अब बच नहीं पाएंगे

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। देश की राजधानी में कोई भी यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाला अब नहीं पाएगा। इसके साथ राजधानी के लोगों को जल्द ट्रैफिक जाम से भी छुटकारा मिलने वाला है क्योंकि दिल्ली सरकार पीपीपी मॉडल पर शहर भर के जंक्शनों पर पांच हजार कैमरे लगवाने जा रही है।

दिल्ली परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार इन कैमरों का यूज राजधानी भर के ट्रैफिक निगरानी और यातायात चालान जारी करने के लिए किया जाएगा। इसके अलावा यातायात और सिग्नल मैनेजमैंट और सार्वजनिक घोषणाओं के लिए उपयोग किया जाएगा। गौरतलब है कि एजेंसी के चुनने के लिए जनवरी में एक टेंडर जारी किया गया। हालांकि सरकारी टेंडर किसी ने नहीं लिया क्योंकि राजस्व साझेदारी का मॉडल प्रति चालान के आधार पर था। पिछले सप्ताह दोबारा टेंडर जारी किया गया। जिसके बाद अब दिल्ली सरकार एजेंसी के जरिए जल्द कैमरे स्थापित करने का काम शुरू कर देगी। इसके बाद एक एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र स्थापित होगा। नए टेंडर में सलेक्ट की गई एजेंसी को तीन साल के अंदर आईसीसीसी बुनियादी ढांचे के साथ-साथ 16 यातायात उल्लंघनों के लिए स्वचालित नंबर प्लेट पहचान प्रणाली के साथ कैमरे स्थापित करने होंगे, और पिछले पांच वर्षों के लिए वीडियो और डेटा की क्षमता वाली स्टोरेज की व्यवस्था करनी होगी। यातायात विभाग के अनुसार सिस्टम को सरकार के ई-चालान पोर्टल के साथ एकीकृत किया जाएगा। यह पहले दिल्ली की सड़क सुरक्षा समिति का हिस्सा है, जिसका नेतृत्व परिवहन विभाग करता है और इसमें यातायात पुलिस, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सदस्य भी हैं।

## राजधानी में रामायण पर आयोजित प्रदर्शनी छह से

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजधानी के ललित कला अकादमी में छह से 12 अप्रैल तक रामायण पर बिहार के मिथिला क्षेत्र की 37 महिला कलाकारों की प्रदर्शनी का लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी मिथिला के अलग-अलग क्षेत्रों की 37 महिला कलाकारों द्वारा बनाई गई 100 दुर्लभ पेंटिंग का संकलन है। इस प्रदर्शनी को मधुबनी कला केंद्र की संस्थापक और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकार मनीषा झा की ओर से प्रदर्शित की जाएगी। इन कलाकारों में पदमश्री पुरस्कार विजेता जगदंबा देवी, गोदावरी दत्ता, बउआ देवी, दुलारी देवी के साथ फन में माहिर वरिष्ठ चित्रकारों जैसे विमला दत्ता और गोपाल साहा की पेंटिंग्स का प्रदर्शन किया जाएगा।

इस प्रदर्शनी का आयोजन करने का उद्देश्य मिथिला की समृद्ध लोककला की परंपरा को जीवित रखना है। मिथिला चित्रकला की पौराणिक उत्पत्ति का मूल रामायण महाकाव्य के बालकांड में देखा जा सकता है, जिसमें महाराजा जनक का जिक्र किया गया है। महाकाव्य रामायण के बाल कांड में यह वर्णन किया गया है कि महाराजा जनक ने राजकुमारी सीता के विवाह के दौरान अपने सभी नगरिकों को इन पेंटिंग को दीवार पर सजाने के आदेश दिए थे। रामायण महाकाव्य में उर्मिला, अहिल्या, सुमित्रा, कैकेयी, शबरी, शूर्पणखा, मंदोदरी, तारा, त्रिजटा सुलोचना (इंद्रजीत की पत्नी), रूमा (सुग्रीव की पत्नी) और शांता (भगवान राम की बड़ी बहन) सहित कई अन्य महिलाओं ने अपनी-अपनी भूमिका निभाई है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शकों को उनके सूक्ष्म नजरिए और मानव जीवन की गहरी समझ देखने को मिलेगी।



■ नई दिल्ली में शराब नीति से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद तिहाड़ जेल के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे आप पार्टी कार्यकर्ताओं को काबू में करते दिल्ली पुलिस के जवान। फोटो इम्तियाज खान

## दिल्ली विवि में पीजी दाखिला प्रक्रिया अप्रैल अंत तक होगी शुरू

### सीयूईटी पीजी का रिजल्ट 15 अप्रैल तक आने की संभावना

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्नातकोत्तर कोर्सेज में दाखिले के लिए दाखिला प्रक्रिया अप्रैल के अंत तक शुरू करने की तैयारी कर रहा है। कॉमन



यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) पीजी के लिए परीक्षा का दौर 28 मार्च तक समाप्त हो चुका है। सीयूईटी पीजी का रिजल्ट 15 अप्रैल तक आने की संभावना है।

रिजल्ट के बिना दाखिला प्रक्रिया को शुरू नहीं किया जा सकता है। ऐसे में प्रशासन अप्रैल के अंत तक ही कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम पोर्टल को शुरू करने की योजना बना रहा है। बीते साल से डीयू के पीजी कोर्सेज में दाखिले सीयूईटी स्कोर के आधार पर हो रहे हैं। डीयू में इस साल भी पीजी दाखिले में सीयूईटी स्कोर को ही माना जाएगा। इसके लिए छात्रों को डीयू दाखिला पोर्टल पर कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (पीजी) के लिए भी पंजीकरण करना होगा। डीयू दाखिला डीन प्रो हनीत गांधी ने बताया कि 15 अप्रैल तक सीयूईटी पीजी रिजल्ट आने की संभावना है। बिना रिजल्ट के प्रक्रिया को शुरू नहीं किया जा सकता है, क्योंकि दाखिले के लिए कोर्स संबंधित अंक चाहिए होंगे। ऐसे में रिजल्ट जारी होने के बाद ही इसको शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। अभी इसके लिए बैठकों का दौर शुरू किया जाएगा। दाखिले का सिस्टम बीते साल जैसा ही रहेगा इसमें बदलाव नहीं किया गया है।

प्रक्रिया के तहत छात्रों को पंजीकरण, सीट आबंटन व सीएसएएस के माध्यम से दाखिले के संबंध में विस्तृत जानकारी के विषय में बताया जाएगा। मालूम हो कि डीयू के नियमित कॉलेजों की तरह नॉन कॉलिजिऐयट वूमेंस एजुकेशन बोर्ड (एनसीवेब) में भी पीजी के दाखिले सीयूईटी स्कोर के आधार पर होंगे।

# बुराड़ी के रिहायशी इलाके में तेंदुए ने कई लोगों पर किया हमला

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, इलाके में दहशत

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में सोमवार को एक तेंदुआ रिहायशी इलाके में घुस आया और उसने करीब पांच लोगों को घायल कर दिया। तेंदुए के गांव में घुस आने के कारण स्थानीय लोग घबरा गए और दहशत फैल गई। इस घटना का वीडियो सामने आया है जिसमें तेंदुआ छत से कूद रहा है और लोग घबराकर उसे कैमरे में कैद करने की कोशिश कर रहे थे। जगतपुर गांव में तेंदुए ने कई लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। दिल्ली दमकल सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि तेंदुए को बाद में वहां से ले जाया गया।

अधिकारी ने बताया कि तेंदुआ जगतपुर गांव में एक घर की छत से कूदकर समीप की इमारत में घुस गया जहां उसे एक कमरे में बंद कर दिया गया। सोशल मीडिया पर उपलब्ध वीडियो में कुछ लोग तेंदुए का पीछा करते हुए और कुछ लोग दहशत में भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। अतुल गर्ग ने बताया कि उसे सुबह करीब छह बजकर 20 मिनट पर घटना की जानकारी मिली जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियां वजीराबाद के जगतपुर गांव भेजी गईं। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से अधिकारियों ने तेंदुए को एक कमरे में बंद कर दिया। घायलों को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक निवासी ने कहा कि तेंदुए को पहली बार तडके साढ़े चार बजे देखा गया था और सुबह सवा पांच बजे पीसीआर को फोन किया गया। उसने कहा कि तेंदुए ने 12 से अधिक लोगों पर हमला करने की कोशिश की



और उनमें से कुछ को घायल कर दिया। उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त एम के मीना ने बताया कि जगतपुर गांव के एक मकान में तेंदुआ घुसने की सूचना मिली थी, जिसके बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और वन विभाग के अधिकारियों को इस बारे में सूचित किया गया।तेंदुए के हमले में पांच लोग घायल हो गए और उनमें से तीन की पहचान महेंद्र, आकाश और रामपाल के रूप में की गई है। एक स्थानीय नागरिक ने बताया कि गांव जंगल से घिरा हुआ है लेकिन वहां कोई बाड़ या किसी अन्य प्रकार की सुरक्षा नहीं है।

पिछले साल एक दिसंबर को दक्षिणी दिल्ली के सैनिक फार्म में एक तेंदुआ देखा गया था। वह कुछ वीडियो में रिहायशी इलाके की गलियों में टहलता दिखा था। उसे आखिरी बार छह दिसंबर को देखा गया था और वन विभाग को संदेह था कि तेंदुआ असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य में लौट गया है। इसके एक हफ्ते बाद उत्तरी दिल्ली के अलीपुर में खाटूश्याम मंदिर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर एक कार की टक्कर लगने से एक तेंदुए की मौत हो गई थी।

## दिल्ली नगर निगम के 218 कर्मचारी हुए सेवानिवृत

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम के 218 कर्मचारी सोमवार को सेवानिवृत हुए। दिल्ली नगर निगम के सिविक सेंटर मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, पी पी ओ शीट, लीव एनकैशमेंट के चेक दिए गए। सभी जोन में भी सेवानिवृत कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मचारियों को दीर्घायु व स्वस्थ रहने की कामना की गई।



सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ-साथ सुखमय जीवन की कामना करते हुए पौधे भी भेंट किए। इस अवसर पर निगम के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहें।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव टेंडर नोटिस सं.: 82240042B/MED/PART-1 दिनांक: 01.04.2024

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82240042B | टैब/कैप एमोक्सिसिलिन 500 मिलीग्राम और क्लैवुलैनिक एसिड 125 मिलीग्राम (625 मिलीग्राम) | 9,83,012 | 24.04.2024 |

निविदा शर्तें:- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। 952/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्ध नगर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-खानपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन-के.ए.एस.01896, भूखण्ड संख्या-18, पाकेट-के, क्षेत्रफल-116 वर्ग मीटर श्री अन्तू पुत्र श्री पोहपी, निवासी-ग्राम-खानपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री अन्तू पुत्र श्री पोहपी की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री जयवीर पुत्र स्व0 श्री अन्तू, सर्वश्री महावीर, ब्रहमपाल पुत्रगण स्व0 श्री अन्तू, श्रीमती दीपचन्दी (विवाहित) पुत्री स्व0 श्री अन्तू सर्वश्री अंकित, मोहित, रोहित पुत्रगण स्व0 श्री सतवीर, श्रीमती बिजेन्द्री पत्नी स्व0 श्री सतवीर व सर्वश्री विकास कुमार भाटी, नरेश कुमार भाटी, शिव कुमार, सोनू भाटी पुत्रगण स्व0 श्री दीपचन्द, श्रीमती राजेश पत्नी स्व0 श्री दीपचन्द, श्रीमती उषा (विवाहित) पुत्री स्व0 श्री दीपचन्द पौत्रगण/पुत्रबधु/पौत्री स्व0 श्री अन्तू, निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्री जयवीर पुत्र स्व0 श्री अन्तू, निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री जयवीर पुत्र स्व0 श्री अन्तू, निवासी-ग्राम-खानपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण


# दिल्ली के चार ऐतिहासिक स्मारकों की करेगा देखरेख करेगा सभ्यता फाउंडेशन

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। गैर लाभकारी संगठन सभ्यता फाउंडेशन ने सोमवार को कहा कि उसे संस्कृति मंत्रालय की ओर से राजधानी के पुराना किला, हुमायूं का मकबरा, सफदरजंग मकबरा और मेहरौली पुरातात्विक पार्क की देखरेख और प्रोत्साहन का दायित्व मिला है। संस्कृति मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संस्थान की ओर से शुरू

Sabhyata Foundation

की गई इस पहल का उद्देश्य निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के साथ सहभागिता करके केंद्रीयकृत संरक्षित स्मारकों और स्थलों में सुविधाएं उपलब्ध और विकसित करना है। इसकी घोषणा रविवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम में की गई। इस कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। संस्कृति मंत्रालय के सचिव गोविंद मोहन ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री के 'विरासत भी, विकास भी' के दृष्टिकोण के साथ यह पहल हमारी भारतीय विविध धरोहर को संरक्षित रखने के लिये हमारे संयुक्त प्रयासों की प्रतिबद्धता को व्यक्त करती है।


यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी, सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 718/एस0टी0-एस0डी0एम0/2018, दिनांक 24.04.2018 मृतक स्व0 छिद्दा पुत्र कुन्दन नि0 ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 05.01.2018 को हो चुकी है। जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा सख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| अट्टा गुजरान | 452 | स्व0 छिद्दा पुत्र कुन्दन नि0 ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री महेश | 51 | पुत्र |
| | | | श्री ऋषिपाल | 45 | पुत्र |
| | | | श्री सुभाष | 36 | पुत्र |
| | | | श्री मनवीर | 34 | पुत्र |
| | | | श्री जयवीर | 28 | पुत्र |
| | | | श्रीमति सुबेश | 48 | पुत्री |
| | | | श्रीमति मन्जू | 26 | पुत्री |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

होली विशेष रेलगाड़ियों का विस्तार

होली के उपरान्त यात्रियों की संख्या को देखते हुए उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली विशेष रेलगाड़ियों की सेवा अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या | से | तक | प्रस्थान के दिन | पूर्व अधिसूचित | विस्तारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 03239 | राजगीर | आनन्द विहार (ट) | वीरवार | 31.03.24 | 04.04.2024 को |
| 03240 | आनन्द विहार (ट) | राजगीर | शुक्रवार | 01.04.24 | 05.04.2024 को |
| 05575 | सहरसा जं. | आनन्द विहार (ट) | शुक्रवार | 01.04.24 | 05.04.2024 को |
| 05576 | आनन्द विहार (ट) | सहरसा जं. | शनिवार | 02.04.24 | 06.04.2024 को |
| 05561 | समस्तीपुर जं. | आनन्द विहार (ट) | शुक्रवार | 02.04.24 | 05.04.2024 को |
| 05562 | आनन्द विहार (ट) | समस्तीपुर जं. | शनिवार | 03.04.24 | 06.04.2024 को |
| 04095 | पटना जं. | नई दिल्ली | मंगलवार | 30.03.24 | 02.04.2024 को |
| 04073 | गया जं. | आनन्द विहार (ट) | मंगलवार | 31.03.24 | 02.04.2024 को |
| 03639 | गया जं. | आनन्द विहार (ट) | वीरवार | — | 04.04.2024 को |
| 03640 | आनन्द विहार (ट) | गया जं. | शुक्रवार | — | 05.04.2024 को |

● अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

रेलमदद वेबसाइट : www.railmadad.indianrailways.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

962/2024 रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर हमें फॉलो करें आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

"सोमवार को सुबह समय 6:52 बजे सूचना मिली कि ट्रॉनिका सिटी इंडस्ट्रियल एरिया के सेक्टर बी-2 में स्थित प्लॉट नंबर बी-27 पर संचालित 'जीनियस इंडस्ट्रीज' औद्योगिक ईकाई में आग लग गई। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल दो फायर टेंडर मय फायर सर्विस यूनिट लोनी फायर स्टेशन से घटनास्थल के लिए रवाना हुए।

**राहुल पाल, मुख्य अग्नि शमन अधिकारी**

## 11.58 लाख रुपए नकद पकड़ा गया

- कासना सिरसा टोल के पर पकड़ी गाड़ी
- चालक नहीं दे पाया पैसो का साक्ष्य

**नोएडा,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। ईस्टर्न पेरीफेरल कासना सिरसा टोल के पास चेकिंग के दौरान 11 लाख 58 हजार 400 रुपए कैश बरामद पकड़ा गया। ईस्टर्न पैरीफेरल के जरिए गौतमबुद्ध नगर में पैसा लाया जा रहा था। आयकर विभाग को सूचित कर दिया गया है। इसमें 500-500 के 2240 नोटों के अलावा 100-100 के 384 नोट बरामद हुए है। वाहन चालक के द्वारा बरामद की गई धनराशि के बारे में जानकारी नहीं दी जा सकी। लोकसभा चुनाव 2024 में गौतमबुद्ध नगर में ये पहली सफलता है जिसमें बड़ी मात्रा में कैश पकड़ा गया। दरअसल एसएस टीम ईस्टर्न पेरिफेरल के कासना सिरसा टोल पर चैकिंग कर रही थी। इस दौरान टीम को शक होने पर गाड़ी नंबर DL3CCV3909 को रोका गया। ये कार राकेश कुमार पुत्र काशी राम निवासी बदरपुर चला रहे थे। गाड़ी की चेकिंग करने पर कुल 11 लाख 58 हजार 400 रुपए बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान चालक इन पैसों का कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। बरामद राशि के बारे में आयकर विभाग को सूचित कर दिया गया है। साथ ही कासाना थाने में एफआईआर दर्ज कराते हुए पैसों को जमा कर दिया गया है।

# शहर में कही नहीं दिखी साफ-सफाई : सीईओ

- डीजीएम जन स्वास्थ्य को कारण बताओ नोटिस
- सुपरवाइजर की 6 माह तक सेवा समाप्त



**नोएडा,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर में साफ-सफाई व्यवस्था नहीं मिलने पर प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने डीजीएम जन स्वास्थ्य एसपी सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया। स्पष्ट निर्देश दिया कि क्यो न आपके खिलाफ शासन को संदर्भित किया जाए। दरअसल नोएडा प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने आज नोएडा के कई सेक्टरों में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने डीजीएम को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि बार बार समीक्षा बैठक और निरीक्षण के बाद भी शहर में साफ-सफाई की स्थिति में सुधार नहीं आ रहा है। यही नहीं आपके द्वारा स्वयं सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। साथ ही अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यों का समुचित ढंग से सुपरवीजन नहीं किए जाने एवं शासकीय पदीय दायित्वों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। इसका जवाब दिया जाए। वहीं एक सुपरवाइजर की छह माह की सेवाएं भी निरस्त की गई।

सीईओ ने अधिनस्त अधिकारियों के साथ सेक्टर-6 होते हुए सेक्टर-3, हरौला लेबर चौक, टी सीरीज चौराहा, सेक्टर-19 से होते हुए डीएससी रोड सेक्टर-29, 37 ग्राम अगाहपुर, सेक्टर-49 चौराहे से सेक्टर-41, 49 सेक्टर-50, 51 मेट्रो सेक्टर-62, खोड़ा रोड, सेक्टर-57, 22, 55 सेक्टर-8,11 का निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कहीं भी कोई सफाई कर्मचारी सड़क पर या अन्य किसी स्थान पर झाड़ू लगाते हुए नहीं दिखाई दिया। डिवाइडर और फूटपाथ पा डस्ट पड़ी थी। इस डस्ट को न तो मैकेनिकल स्वीपिंग के संविदाकार द्वारा न ही उस क्षेत्र के सफाई कर्मियों के द्वारा साफ किया जा रहा है। इसके लिए उप महाप्रबंधक को कार्रवाई के निर्देश दिए। सेक्टर-18 में साफ-सफाई नहीं मिलने पर सुपरवाइजर की छह माह की सेवाएं निरस्त करते हुए डीजीएम जन स्वास्थ्य को कारण बताओं को नोटिस जारी किया।

### सभी अधिकारी प्रत्येक तीसरे दिन अपने क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर करेंगे भ्रमण : सीईओ

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने शहर की स्वच्छता को और अधिक सुदृढ बनाने के लिए अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी को जिम्मेदारी दी है। उनको निर्देशित किया गया कि आपके अधीन प्राधिकरण के समस्त विभागों के महाप्रबंधक, एप महाप्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक प्रत्येक तीन दिन में अपने क्षेत्र में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लेंगें। दरअसल शहर में सिविल और उद्यान के कार्यो को लेकर सोमवार को सीईओ ने एक समीक्षा बैठक की। इस बैठक में एसीईओ संजय कुमार खत्री, वंदना त्रिपाठी, सतीश पाल डीजीएम सिविल विजय रावल व वरिष्ठ प्रबंधक मौजूद रहे। बैठक में एसीईओ संजय खत्री ने हाल के दिनों में किए गए निरीक्षण के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण की निविदाकारों द्वारा न्यूनतम दरे डालने के दृष्टिगत 10 प्रतिशत से कम दरें डालने की दशा में परफोरमेंस गारेंटी प्राप्त किए जाने पर विचार किया जा रहा है। वर्क सर्किलों के अंतर्गत नाली और सड़क निर्माण के संबंधित डिजाइन उपलब्ध नहीं कराए जाता जिससे कार्या के निरीक्षण के दौरान सटीक तथ्य पता नहीं चल पाता है।

## गाजियाबाद लोकसभा सीट पर बसपा ने प्रत्याशी बदला, पुंडीर लड़ेंगे चुनाव

**गाजियाबाद,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी ने सोमवार को गाजियाबाद लोकसभा से अपना प्रत्याशी बदल दिया है। पार्टी ने अब पूर्व में घोषित प्रत्याशी अंशय कालरा के स्थान पर नंद किशोर पुंडीर को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। घोषणा के बाद पुंडीर बसपा के जिला कार्यालय पर पहुंचे। जहां बसपा के जिला अध्यक्ष दयाराम सेन व अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया। आपको बता दें कि दिल्ली से सटी गाजियाबाद लोकसभा सीट पर बहुजन समाज पार्टी ने पहले पंजाबी बिरादरी पर गांव खेला था लेकिन अब सोमवार को प्रत्याशी बदलते हुए ठाकुर बिरादरी पर दांव लगाया है। नंदकिशोर पुंडीर ठाकुर बिरादरी से ताल्लुक रखते हैं। आपको यह भी बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने ठाकुर बिरादरी के जनरल वीके सिंह का टिकट काट दिया था और उनके स्थान पर वैश्य समाज पर दावा खेलते हुए शहर विधायक अतुल गर्ग को अपना प्रत्याशी बनाया है। जिसके चलते ठाकुर बिरादरी के कई संगठनों ने भारतीय जनता पार्टी का विरोध किया था। बहुजन समाज पार्टी ने इसी के चलते अब नंदकिशोर पुंडीर पर दाव खेला है।



## सार संक्षेप

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर की आठ करोड़ की धोखाधड़ी

**नोएडा।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर कंपनी के नाम से आठ करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में न्यायालय ने सुनवाई करते हुए पीड़ित के आवेदन पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश सेक्टर-113 पुलिस को दिया है। आइडियाज इंफो लैब्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के क्लस्टर हेड सौरभ कुमार ने न्यायालय में दिए शिकायती पत्र बताया कि उनकी कंपनी ऑनलाइन प्लेटफार्म पर सब्जियां, फल और ड्राई फ्रूट्स को खरीदने और बेचने का काम करती है। आरोप है कि कंपनी में सीनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत व्यक्ति ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर ओपन टेंडर प्रक्रिया के तहत एक बिक्री आदेश जारी कर दिया और करोड़ों रुपए हड़प लिए। कंपनी से निकाले जाने के बाद भी आरोपी लगातार धोखाधड़ी कर रहा है। इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज करने का आदेश न्यायालय ने दिया है।

### घर का ताला तोड़कर नकदी और गहने चोरी

**नोएडा।** सर्फाबाद गांव में रहने वाले एक व्यक्ति के घर का ताला तोड़कर चोर 40 हजार रुपए की नकदी और गहने समेत अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। वारदात के समय पीड़ित परिवार घर से बाहर था। घटना की जानकारी होने के बाद पीड़ित अक्षय राणा ने मामले की शिकायत सेक्टर-113 पुलिस से की। शिकायत में अक्षय ने बताया कि बीते 30 मार्च को तीन बजकर 50 मिनट पर वह काम करने घर से बाहर चले गए। जब वह लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ था और नकदी और गहने समेत अन्य सामान गायब था। किसी करीबी द्वारा चोरी की वारदात किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

### अलग-अलग जगहों से वाहन चोरी

**नोएडा।** शहर के अलग-अलग हिस्से से चोर दो पहिया वाहनों की चोरी कर फरार हो गए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-121 के पास से चोरों ने शिवेंद्र कुमार की मोटरसाइकिल चोरी कर ली। उसने कुछ समय पहले ही मोटरसाइकिल खरीदी थी। वहीं सेक्टर 12 से रामकुमार की मोटरसाइकिल उसके घर के बाहर से चोरी हो गई है। पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-24 पुलिस से की है। थाना सेक्टर 58 क्षेत्र से अज्ञात बदमाशों ने लवेंद्र सिंह की मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। उसने सेक्टर 62 के मार्केट में अपनी बाइक खड़ी की थी। वहीं से बदमाशों ने मोटरसाइकिल चोरी की है। साथ ही सेक्टर आठ से अज्ञात बदमाशों ने मोहम्मद आदिल अहमद की स्कूटी चोरी कर ली। वहीं फेज दो थानाक्षेत्र स्थित होजरी कांप्लेक्स के पास से बदमाशों ने एक व्यक्ति की बाइक चोरी कर ली।

### शराब खरीदने के चक्कर में गंवाए 1.55 लाख

**नोएडा।** ऑनलाइन शराब खरीदने के चक्कर में एक व्यक्ति ने एक लाख 55 हजार रुपये गंवा दिए। जालसाजों ने रकम ट्रांसफर करने के बाद शराब की डिलीवरी करने से मना कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-20 पुलिस ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा समेत तीन प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**गाजियाबाद,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। सोमवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा समेत तीन प्रत्यशियों ने सोमवार को अपने नामांकन दाखिल किए।



डॉली शर्मा कलक्ट्रेट पहुंची और नामांकन किया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और वेस्ट यूपी प्रभारी प्रदीप नरवाल, पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी, महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, सपा जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, सपा महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, युवा नेता राहुल जी, आप के जिलाध्यक्ष डॉ सचिन शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता तरुणिमा श्रीवास्तव, आप नेता व पूर्व उपाध्यक्ष पंकज शर्मा, पार्षद प्रत्याशी पटेल नगर गाजियाबाद उत्तर प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ, स्वतंत्र यादव एडवोकेट प्रदीप, एडवोकेट सोनू आनंद, विकास आनंद कंवर सिंह, हेमंत कुमार आदि उपस्थित थे। इसके अलावा दो अन्य प्रत्याशियों ने भी अपने नामांकन दाखिल किया।

## विपक्षी ठगबंधन का लक्ष्य, कुछ का साथ कुछ का विकास है : केशव प्रसाद

**गाजियाबाद,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के यशस्वी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को यहां कहा कि विपक्षी ठगबन्धन का लक्ष्य, कुछ का साथ कुछ का विकास है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री व भाजपा का लक्ष्य सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास है।

एक प्रेस वार्ता में मौर्य ने कहा कि इंडी गठबंधन का प्रयास है भ्रष्टाचारियों को बचाओ, वहीं एनडीए सरकार का प्रयास है कि देश से भ्रष्टाचार मिटाओ। मौर्य ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की एकतरफा लहर चली रही है, उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीट तथा देश में 370 से अधिक सीटें भाजपा जीत रही है, मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। कांग्रेस, सपा, आप व बसपा हार मान चुके हैं। अरुणाचल प्रदेश जैसे प्रदेश में भाजपा के दस विधायक निर्विरोध चुने गए हैं इसी से पता चलता है कि पूरे देश में वातावरण मोदीमय है। गाजियाबाद में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे। प्रदेश में राष्ट्रीय लोक दल के साथ भाजपा का गठबंधन प्रदेश में नये आयाम स्थापित करेगा। इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी



अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा लोकसभा प्रभारी विजय शुक्ला, लोकसभा संयोजक अजय शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी विधायक नंदकिशोर गुर्जर जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी क्षेत्रीय मंत्री मयंक गोयल, खोड़ा की पूर्व चेयरमैन रीना भाटी , महामंत्री पप्पू पहलवान सुशील गौतम गोपाल अग्रवाल, लोकसभा विस्थारक अंकित शर्मा, पिलखुवा अध्यक्ष विभु बंसल, लोकसभा मीडिया प्रबन्धन से सरदार एसपी सिंह, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, नीरज गोयल, जय कमल अग्रवाल, डॉक्टर नमित वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

## भूखंड दिलाने के नाम पर 46 लाख हड़पने के मामले में 11 पर मामला दर्ज

**नोएडा,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। भूखंड दिलाने के नाम पर 46 लाख रुपए हड़पने के मामले में फेज तीन थाने में न्यायालय के आदेश पर 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। सेक्टर-66 निवासी विकास ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका अपने चाचा ब्रजगोपाल के जरिये तीन साल पहले गाजियाबाद के विजयनगर निवासी अमित राजपूत, फुरकान, वाहिद अली, उसका बेटा वसीम और बुलंदशहर निवासी रोहित वर्मा से संपर्क हुआ। सभी ने बताया कि उसके साथी अनादिल, रिक्की, मोहम्मद फिरोज और मनीराम के पास गढ़ी चौखंडी में 400 वर्ग गज का प्लॉट है। प्लॉट की मूल मालकिन बुलंदशहर की परमेश्वरी देवी है। प्लॉट उन लोगों के परिचित रिक्की, मोहम्मद फिरोज, चमन देवी, अनादिल ने खरीदा हुआ है। आश्वासन दिया कि यह प्लाट सस्ते में मिल जाएगा और परमेश्वरी देवी से ही सीधे प्लाट का बैनामा करा देंगे। 400 वर्गगज के प्लाट का सौदा 46 लाख रुपए में तय हुआ। 10 फरवरी 2023 को 100-100 वर्गगज के भूखंडों का बैनामा करा लिया। 46 लाख रुपए चेक से दे दिए। चार लाख रुपये स्टांप व बैनामों की रसीद कटवाने में खर्च हो गया।

# नोएडा में चलती कार में लगी आग

- महिला को सुरक्षित बाहर निकाला
- पेट्रोल पाइप लीक होना बताई वजह



**नोएडा,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। सेक्टर-120 स्थित मिलेनियम स्कूल के पास सोमवार को चलती सीएनजी कार में आग लग गई। गनीमत रही कि पुलिस ने कार चला रही महिला एचआर मैनेजर को सकुशल बाहर निकाल लिया। महज दस मिनट के अंदर कार पूरी तरह से जल गई। सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सोमवार सुबह आठ बजकर 37 मिनट पर कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि मिलेनियम स्कूल के पास एक चलती कार में आग लग गई है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर रवाना हुई। करीब 15 मिनट में कार में लगी आग को बुझा दिया गया। इस दौरान कार चला रही रूपाली घोष को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। आग लगने से महिला कार के अंदर ही फंस गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और राहगीरों की मदद से महिला को बाहर निकाला। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कार सीएनजी थी। कार का पेट्रोल का पाइप लीक हो गया था, जिसकी वजह से आग लगी।

कार सवार महिला सेक्टर 82 स्थित एक नामी कंपनी में एचआर मैनेजर के रूप में काम करती है। जलती कार से महिला को सकुशल बचाने पर महिला ने पुलिस की सराहना की है। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित हुआ। पुलिस ने जली हुई कार को किनारे कराकर यातायात को पूरी तरह से सामान्य कराया। गनीमत रही कि जिस समय कार में आग लगी गति कम थी वरना महिला अंदर फंस सकती थी।

## चश्में के फ्रेम बनाने की फैक्ट्री में भीषण आग लगी, लाखों का नुकसान

**गाजियाबाद,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। ट्रॉनिका सिटी इंडस्ट्रियल एरिया में पर संचालित 'जीनियस इंडस्ट्रीज' औद्योगिक ईकाई में सोमवार को भीषण आग लग गई। जिसमें लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया है। फायर ब्रिगेड ने कई घन्टों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मुख्य अग्नि शमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि सोमवार को सुबह समय 6:52 बजे सूचना मिली कि ट्रॉनिका सिटी इंडस्ट्रियल एरिया के सेक्टर बी-2 में स्थित प्लॉट नंबर B-27 पर संचालित 'जीनियस इंडस्ट्रीज' औद्योगिक ईकाई में आग लग गई। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल दो फायर टेंडर मय फायर सर्विस यूनिट लोनी फायर स्टेशन से घटनास्थल के लिए रवाना हुए। फायर सर्विस यूनिट ने मौके पर पहुंचकर देखा कि आग 450 वर्ग मीटर के भूखण्ड पर बने तीन मंजिला भवन के भूतल पर लगकर पूरे तल पर फैल चुकी है, जिसमें से उठ रही लपटें भवन की मम्टी तक जा रही थीं। तत्काल फायर सर्विस यूनिटस ने हौज पाईप फैलाकर फायर टेंडर से पंपिंग कर दो तरफ से आग पर पानी डालना शुरू किया और मुख्य अग्निशमन अधिकारी, गाजियाबाद को घटना से अवगत कराया। जिनके आदेश पर एक-एक फायर टेंडर मय फायर सर्विस यूनिट क्रमश: साहिबाबाद, वैशाली और कोतवाली फायर स्टेशनों से घटनास्थल के लिए प्रस्थान कराए गए। इस अग्नि दुर्घटना में किसी भी व्यक्ति आदि को तो कोई नुकसान नहीं पहुंचा है, लेकिन भूतल पर रखा अधिकांश सामान एवं मशीनें आग में जलकर/पिघलकर राख/नष्ट हो गईं। फैक्ट्री स्वामी रूमान अली ने बताया कि इसमें चश्मों के फ्रेम बनाने का कार्य किया जा रहा था। फैक्ट्री में मानकों के अनुसार अग्निशमन व्यवस्था स्थापित नहीं थी। समय लगभग 08:00 बजे तक साहिबाबाद स्टेशन से घटनास्थल पर पहुंचे फायर टेंडर को मिलाकर कुल 03 फायर टेंडर की मदद से ही आग को पूर्ण रूप से कन्ट्रोल कर लिया गया।

## 25 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में घायल

**नोएडा,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। चोरी की बाइक से मोबाइल और चेन लूट करने वाला 25 हजार का इनामी बदमाश रविवार देर रात सेक्टर-39 पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश के पास से चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल, तमंचा और कारतूस समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पकड़े गए इनामी बदमाश पर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों में लूट और चोरी सहित 26 मुकदमे दर्ज हैं। मामले की जानकारी देते हुए एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि एक सूचना पर सेक्टर 39 कोतवाली पुलिस सेक्टर-46 रेड लाइट के चौराहे पर जांच कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार युवक जांच प्वाइंट की तरफ आते हुए दिखा। संदिग्ध लगने पर जब पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने बाइक की गति तेज कर दी और भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर मोटरसाइकिल सवार बदमाश अपने आप को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया।



- बदमाश के पास से चोरी की मोटरसाइकिल, तमंचा व कारतूस बरामद
- बदमाश राजेश के खिलाफ अलग-अलग थाने में लूट और चोरी के 26 मामले दर्ज

पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में मोटरसाइकिल सवार बदमाश पैर में गोली लगने से घायल होकर गिर गया। जिसके बाद पुलिस ने उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायल बदमाश का नाम राजेश कश्यप उर्फ भेडा है। 30 वर्षीय राजेश बसई गांव का रहने वाला है। वह थाना सेक्टर-39 से गैंगस्टर एक्ट में वांछित था और लंबे समय से फरार चल रहा था।

# संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान शुरू

- 1 से 30 अप्रैल तक चलेगा अभियान
- संचारी रोग बीमारियों के प्रति लोगों को किया जाएगा जागरुक

**नोएडा,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारम्भ जिला संयुक्त चिकित्सालय सेक्टर 39 से सोमवार को रैली निकालकर किया गया। इस रैली का उद्घाटन जिला अधिकारी मनीष वर्मा ने किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सुनील कुमार शर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर ललित कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा, डीएमसी यूनिसेफ, नोएडा विकास प्राधिकरण के सुपरवाइजर, स्प्रे वर्कर एवं आशाओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

रैली में संचारी रोगो से संबंधित जन-जन ने ठाना है, संचारी रोग भगाना है का नारा लगाया गया। यह रैली जिला संयुक्त चिकित्सालय सेक्टर 39 से निकालकर सिटी सेंटर होते हुए सेक्टर 41 पर सम्पन्न हुई। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2024 के मध्य चलाया जाएगा। जिसमें विभिन्न विभागो जैसे पंचायत राज, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेस-वे विकास प्राधिकरण, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग इत्यादि के सहयोग रहेगा। इस अभियान के तहत मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, स्कबटाइफस, लैप्टोस्पाइसिस जैसी बीमारियों से जनजागरुकता, एन्टीलार्वा एवं फॉगिंग के माध्यम से संचारी रोगों के नियंत्रण का प्रयास किया जाएगा। इस अभियान के अन्तर्गत दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य संचालित किया जाना हैं, जिसमें आशाए प्रत्येक घर में दस्तक देकर आभार आईडी सृजन करेंगी साथ ही बुखार से संबंधित पांच प्रश्न करेगी। घर-घर जागरुकता करते हुए पानी भरे पात्रो को खाली करवायेगी एवं कूलर को रगड़कर साफ करने के विषय में भी बताएगी।

## ई रिक्शा व बाइक की भिड़ंत, 7 घायल, एक की मौत

**जेवर,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। किशोरपुर गांव के समीप सोमवार को एक बाइक व सवारियों से भरे ई रिक्शा में भिड़ंत हो गई। जिससे ई रिक्शा पलट गया। हादसे में ई रिश्ता और बाइक सवार 7 लोग घायल हो गए, जबकि एक की मौत हो गई। इसके अलावा दो अन्य हादसों में एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पीड़ित स्वजनों की शिकायत पर बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जेवर के गांव चौरोली निवासी तेजवीर बाइक से अपनी पत्नी गीता व भाभी सुषमा को लेकर काशीराम अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती सुषमा की बेटी को देखने के लिए जा रहे थे। उसी दौरान जब वह गांव किशोरपुर के पास पहुंचे, तभी जेवर की ओर से आ रहे एक सवारियों से भरे ई रिक्शा से उनकी बाइक की आमने सामने से भिड़ंत हो गई। जिससे ई रिक्शा पलटने से कई लोग घायल हो गए और हसमुद्दीन निवासी आर एंड आर कॉलोनी ई रिक्शा के नीचे दबने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को जेवर स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गंभीर रूप से घायल हसमुद्दीन (30) की उपचार के दौरान मौत हो गई। दूसरे हादसे में गांव रामपुर में बाइक पर पीछे बैठी महिला कांति देवी बाइक से फिसलकर गिरने से घायल हो गई जिनका कैलाश अस्पताल में उपचार जारी है।



## पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करुंगा पार्टी के लिए काम : मुकेश यादव



**नोएडा,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा के पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन व उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया लोकसभा प्रभारी गाजियाबाद पवन शर्मा के नेतृत्व में नवनियुक्त महानगर कांग्रेस नोएडा अध्यक्ष मुकेश यादव को उनके सेक्टर 52 स्थित निवास पर माला व गुलदस्ता भेंटकर शुभकामनाएं व बधाई दी गई। मुकेश यादव ने नोएडा कांग्रेस अध्यक्ष पद के दायित्व को दोबारा देने एवं विश्वास जताने के लिए शीर्ष नेतृत्व का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि मैं यह विश्वास दिलाता हूं कि पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी के लिए कार्य करूंगा। इस मौके पर नोएडा कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन, सोशल मीडिया गाजियाबाद लोकसभा प्रभारी पवन शर्मा, गौतम बुद्ध नगर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष जावेद खान, सुमित जाटव, परवेज, मुनेश, अरमान, विनोद शाह, अमित व प्रेम, परवीन व अन्य लोग मौजूद रहे।

उवाच “

अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर अभ्यास किए जाने वाले कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। इस प्रोटोकॉल के अभ्यास के अतिरिक्त योग सम्बन्धित अन्य गतिविधियों विश्वविद्यालय में संचालित की जाएंगी। इन गतिविधियों में प्रमुख रूप से योग व्याख्यान, विविध योग क्रियाओं का प्रदर्शन एवं चेयर योग सेशन का भी आयोजन किया गया।

**प्रो वाई.के. गुप्ता, चांसलर, शारदा विश्वविद्यालय**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को किया सम्बोधित

# डबल इंजन की सरकार समस्या नहीं समाधान पर करती है विश्वास





**ग्रेटर नोएडा,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा में जीएल बजाज संस्थान में शामिल हुए। यह सम्मेलन लोकसभा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के पक्ष में आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में जिस नय भारत का दर्शन कराया है, आपका ओपिनियन नए भारत के नए उप्र का दर्शन कराएगा। 2017 के पहले गौतम बुद्ध नगर जिला उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के लिए अभिशॉपित था। मैंने जानने का प्रयास किया तो पता लगा कि यहां भेजे जाने वाले नौकरशाह अपने आपको मालामाल करते थे।

विकसित भारत के साथ विकसित उत्तर प्रदेश तब होगा, जब गौतमबुद्ध नगर अपनी पूरी क्षमता से आगे आएगा। यही वजह है कि गौतमबुद्ध नगर में पर कैपिटल इनकम देश में सबसे ज्यादा है। ये सकारात्मक माहौल की वजह से है। यहां देश नहीं विदेश से निवेश आ रहा है। 2027 तक मोदी जो दीजिए और उसमें बड़ी भूमिका उप्र की और गौतमबुद्ध नगर की होने जा रही है। एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट भी दे रहे है। आज एयरपोर्ट बन रहा है निवेश ला रहा है, आने वाले समय में कुछ ही वर्षों में 1 लाख करोड़ की बढ़ोतरी करने जा रहा है। अकेले एक एयरपोर्ट, हमारे यहां मेडिकल पार्क, टॉय सिटी बन रही है। जो कल्पना थी न प्रदेश और देश को भी मिल रहा है।

सकारात्मक वातावरण 10 सालों में मिला है। मोदी जी के लिए नेशन फर्स्ट है। एक तरफ वे लोग है जो जातिवाद के आधार समाज को छिन्न भिन्न किया। एक तरफ मोदी का परिवार है। जो कुर्सी जाने से नहीं डरता लेकिन यहां विकास अनवरत जारी रहेगा। देश रहेगा तो हम सब रहेंगे। देश बढ़ेगा तो हम बढ़ेगा। एक तरफ किसान आत्महत्या कर रहा था। इंडस्ट्री बंदी के कगार पर थी। गुंडा माफिया राज था कर्फ्यू लगता था। देश को कुछ लोगो ने अपनी बपौती बनाकर रख दिया था। अपील करने आया हूं सांसद प्रत्याशी महेश शर्मा ने की बहुत सी सोसाइटी में पोलिंग बूथ बन गए होंगे, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। हमारा पहला कार्य लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेना। मोदी जी नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार समस्या नहीं समाधान पर विश्वास करती है। एक-एक वोट महेश शर्मा को दिलाने के साथ 80 सीटो की माला जो मोदी जी गले में पड़नी है उसमे सबसे ज्यादा वोटों का अंतर गौतमबुद्ध नगर में होनी चाहिए।

क्योंकि सबसे ज्यादा निवेध आपको ही मिला है। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिशौदिया, दादरी विधायक तेजपाल नागर, नोएडा विधायक पंकज सिंह, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, शिक्षक विधायक श्रीचन्द शर्मा, एमएलसी नरेन्द्र भाटी, सिकन्द्राबाद व खुर्जा विधायक, रालोद जिलाध्यक्ष जनार्दन भाटी सहित भाजपा के जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा प्रबुद्ध सम्मेलन में दिखी पार्टी के अंदर अंदरूनी कलह

**सम्मेलन में एक विधायक देर से पहुंचे मंच पर नहीं मिला उचित स्थान**

**ग्रेटर नोएडा,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव में भाजपा उत्तर प्रदेश में 80 लोकसभा सीट जीतने का दावा कर रही है, इसके इतर जिस तरह पार्टी के अंदर अंदरूनी कलह चल रही है, अगर उस पर विराम नहीं लगा तो भाजपा को चुनाव में इसकी कीमत चुकानी पड़ सकती है। ग्रेटर नोएडा के जीएल बजाज कालेज में सोमवार को भाजपा की तरफ से प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया था। सम्मेलन में मुख्यमंत्री समय से पहले पहुंच गए। जिले में कुछ जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री पहुंचने से काफी देर बाद सभागार में पहुंचे। देर से पहुंचने वालों में नोएडा से विधायक पंकज सिंह और जेवर से विधायक धीरेंद्र सिंह शामिल थे। पंकज सिंह के देर से पहुंचने के बाद भी मंच पर उचित स्थान मिल गया। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह को सबसे किनारे की कुर्सी मिली। इसका टीस भी उनके चेहरे पर दिखाई दिया। मंच पर सबसे किनारे रालोद के जर्नादन भाटी बैठे हुए थे। धीरेंद्र सिंह जब मंच पर पहुंचे तो जर्नादन भाटी के बांयी तरफ से कुर्सी पर बैठने का प्रयास किया, लेकिन उससे पहले जर्नादन भाटी ने धीरेंद्र सिंह की कुर्सी सबसे किनारे कर दिया। जिससे मजबूर होकर उन्हें उस कुर्सी पर विचारमान होना पड़ा। सबसे किनारे होने पर विधायक धीरेंद्र सिंह का कोई भी फोटो भाजपा जिला संगठन की तरफ से जारी नहीं किया गया। उपस्थिति के तौर पर सिर्फ प्रेस नोट में उनका नाम तक डाल गया। इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि भाजपा के अंदर चल रही अंदरूनी कलह समाप्त नहीं हुआ है। यहां तक भाजपा प्रत्याशी महेश शर्मा के साथ चुनाव प्रचार में धीरेंद्र सिंह अभी तक कहीं दिखाई नहीं दिए। हालांकि भाजपा जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह मावी कहते है कि पार्टी के अंदर कोई अंदरूनी कलह नहीं है। पार्टी के सभी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि पार्टी प्रत्याशी को जिताने में पूरी मेहनत कर रहे हैं।

**कई गांव में भाजपा प्रत्याशी का हो चुका है विरोध**

गौतमबुद्ध लोकसभा से प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा को चुनाव प्रचार के दौरान आकलपुर गांव में ग्रामीणों को विरोध का सामना करना पड़ा, यहां तक सिकंदाबाद और खुर्जा में भी इसी तरह सोशल मीडिया पर उनके विरोध का वीडियो वायरल हो चुका है। अब देखना है कि डॉक्टर महेश शर्मा मतदान से पहले किस तरह नाराज चल रहे मतदाताओं की नाराजगी दूर कर पाते है।

# हाथरस, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर में सीएम योगी प्रबुद्धजन को बताया यूपी के सुरक्षा-समृद्धि का मंत्र

■ देवेंद्र सिंह

**ग्रेटर नोएडा,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी लोकसभा चुनाव से पहले अलग-अलग शहरों में प्रबुद्धजन सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान समाज के अलग-अलग वर्ग के लोग इस आयोजन में हिस्सा लेने पहुंच रहे हैं। मुख्मयंत्री हर वर्ग के लोगों से अपील कर रहे हैं कि वह अपने वर्ग के लोगों का प्रतिनिधित्व करें और लोगों को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट करने के लिए एकजुट करें। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को तीन शहरों में प्रबुद्धजन सम्मेलन में हिस्सा लिया और यहां लोगों को संबोधित किया। सोमवार को मुख्यमंत्री हाथरस, बुलंदशहर और गौतमबुद्ध नगर में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित किया। इससे एक दिन पहले सीएम योगी ने मेरठ में पीएम मोदी के साथ प्रदेश की पहली चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि जो दंगा और कर्फ्यू लगाते हैं यह चुनाव उन लोगों को सबक सिखाने का है। सीएम योगी ने कहा कि देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। मोदी की गारंटी का मतलब देश के युवा, किसान, महिलाओं को उनका हक मिलना है। सीएम योगी ने कहा कि आने वाला चुनाव देश के भविष्य को चुनने का है। हम सभी को यह सुनिश्चित करना होगा कि देश का भविष्य सुरक्षित हाथों में रहे। पिछले 10 वर्षों में देश ने नया भारत देखा है। देश में विकास की तेज गति से रफ्तार बढ़ी है। आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों के संरक्षण में आमजन की आवाज को बंद कर दिया जाता था। व्यापारी, बेटी, नौकरीपेशा, किसान और युवा सब असुरक्षित थे। सुरक्षित केवल गुंडे और कुछ चुनिंदा परिवार थे। मगर, आज गुंडे असुरक्षित हुए हैं और जनता सुरक्षित महसूस कर रही है। एक वोट हमारी किस्मत की तस्वीर और तकदीर दोनों को बदल सकता है। लोकतंत्र का सदुपयोग भविष्य को सुनहरा बना सकता है और दुरुपयोग हमारे भविष्य को बर्बाद कर सकता है। मुख्यमंत्री ने बुलंदशहर को इस बात के लिए धन्यवाद दिया कि 2017 के बाद से हर चुनाव में यहां से भाजपा को भारी मत प्राप्त हुआ है।

**आपके पूर्वजों ने सामाजिक स्वावलंबन का उदाहरण दिया**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाथरस ब्रज मंडल का प्रवेश द्वार है। पीएम मोदी ने 2020 में आत्मनिर्भर भारत की बात कही। हाथरस, कासगंज, अलीगढ़, मुरादाबाद, आगरा, मथुरा आदि के लोगों ने सैकड़ों वर्ष पहले आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया था। जब हमने प्रदेश में प्रत्येक जनपद के उत्पाद को प्रोत्साहित करने के लिए ओडीओपी की नीति बनाई तो उसके पीछे मुरादाबाद की पीतल की कारीगरी, अलीगढ़ का हार्डवेयर, हाथरस की हींग, फिरोजाबाद का ग्लास आइटम आदि थे। हस्तशिल्प व हुनर हमारे देने का हिस्सा था। आपके पूर्वजों ने यहां आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के माध्यम से सामाजिक स्वावलंबन का उदाहरण देने का कार्य किया।

**प्रबुद्धजनों का आह्वान, चुनाव की बागडोर अपने हाथों में लें**

योगी ने कहा कि प्रबुद्धजन समाज को नेतृत्व देते हैं, इसलिए आपका आह्वान करने आए हैं। चुनाव की बागडोर अपने हाथों में लेकर आप यूपी के लक्ष्य के अनुरूप परिणाम देने के लिए मोदी जी को 80 सीटों की जीत की माला दे सकें। प्रबुद्धजन समाज की मान्यता व राय को आवाज देते हैं। अपने ओपिनियन के माध्यम से मार्गदर्शन करते हैं, इसलिए आप पर जिम्मेदारी भी है। आपने बदलते हुए नए भारत का दर्शन किया है। आपने 2014 के पहले की अराजकता देखी है और उसके बाद का एक भारत-श्रेष्ठ भारत भी देखा है। यहां सुरक्षा-समृद्धि, आजीविका व आस्था का सम्मान भी देखा है। भारत का सम्मान 140 करोड़ लोगों का सम्मान है। यहां इंफ्रास्ट्रक्चर के अनेक कार्य हुए हैं। आज विकास हमारी पहचान बन रही है। गरीब कल्याणकारी योजनाओं का कोई सानी नहीं है।

**न जाति-न भाषा, सभी को समान रूप से दिया गया योजनाओं का लाभ**

सीएम योगी ने कहा कि यह चुनाव फैमिली फस्ट, नेशन फस्ट का है। तुष्टिकरण बनाम भारत की आस्था का चुनाव है। हमें देखना है कि अराजकता, दंगा, कर्फ्यू लगाने वालों के हाथों में फिर सत्ता आएगी या दंगामुक्त, कर्फ्यूमुक्त, सुरक्षित वातावरण देने वाली मोदी की सरकार आएगी, जिसने बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ दिया है। न जाति, न पाति, न क्षेत्र, न भाषा देखी गई, सभी को समान रूप से विकास की योजनाओं का लाभ दिया गया।

# हवाई जहाजों की उड़ान व लैंडिंग में बाधा बनने वाले 600 पेड़ हटाने की प्रक्रिया शुरू

**नोएडा एयरपोर्ट परिसर से बाहर स्थित 600 पेड़ और काटने पड़ेंगे, इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों से बातचीत की जा रही है। अप्रैल माह में पेड़ हटाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके बदले में 6000 पौधे लगाए जाएंगे : डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण।**

- **एयरपोर्ट परिसर से बाहर 26 स्थानों पर स्थित हैं पेड़**
- **एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने कराया था सर्वे**

**ग्रेटर नोएडा,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से हवाई जहाजों की उड़ान और लैंडिंग में बाधा बनने वाले 600 पेड़ हटाने का काम इस माह पूरा कर लिया जाएगा। वन विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा कराए गए सर्वे में यह बात सामने आई थी कि एयरपोर्ट परिसर से बाहर 26 स्थानों पर स्थित पेड़ बाधा बन सकते हैं। आगामी सितम्बर माह में प्रस्तावित उड़ान से पहले ट्रायल होना है, इसलिए तैयारी तेज कर दी गई है।

नोएडा एयरपोर्ट से जहाजों की उड़ान और लैंडिंग में किसी तरह की कोई बाधा तो नहीं आएगी, इसको लेकर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा बीते साल 23 नवम्बर से 8 दिसम्बर तक एहतियात के तौर पर गहन सर्वे कराया था। एडीएल कॉर्डिनेटट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए गए सर्वे में पाया गया कि एयरपोर्ट की चाहरदीवारी के बाहर स्थित 600 पेड़ों (यूकेलिप्टस) की वजह से हवाई जहाजों की उड़ान और लैंडिंग में दिक्कत आ सकती है। ऐसे में इन बाधाओं को दूर किया जाना जरूरी है। आगामी सितम्बर माह में प्रस्तावित उड़ान से पहले उड़ानों का ट्रायल होना है। एक रनवे पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया है। ऐसे में उड़ानों का ट्रायल कभी भी हो सकता है, इसको देखते हुए पेड़ों को हटाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। अप्रैल माह में 600 पेड़ों को हटा उसके बदले में 6000 पौधे लगाए जाएंगे।

वहीं सर्वे रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि एयरपोर्ट के उत्तरी छोर की रोड से वाहनों की आवाजाही रहेगी। इस रोड से चार मीटर से ऊपर के वाहन नहीं गुजर पाएंगे।

अगर इससे ऊंचे वाहन गुजरते हैं, तो हवाई जहाज के उड़ान और लैंडिंग में दिक्कत आ सकती है। इसके चलते अब इस रोड पर बैरियर लगाए जाएंगे, ताकि तय ऊंचाई के वाहन ही निकल सकें। अब इस काम को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा ताकि एयरपोर्ट संचालन से पहले सारी बाधाएं दूर की जा सकें।

# दीपक भाटी चोटीवाला को कांग्रेस कमेटी ने दी जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**ग्रेटर नोएडा,** 1 मार्च (देशबन्धु)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अनुमोदन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस में फेरबदल किया गया है, जिसमें कई जिला- शहर अध्यक्ष बदल दिए हैं। इसी क्रम में दीपक भाटी चोटीवाला को गौतमबुद्ध नगर जिला का कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस दौरान दीपक भाटी ने कहा कि मैं समझता हूं राजनैतिक संघर्ष के रण में न सिर्फ जनहित से जुड़े मसलों पर आवाज मुखर करनी ही नहीं, बल्कि नव नेतृत्व सृजन और जिले में कांग्रेस संगठन दमदारी के साथ वर्तमान परिदृश्य में मुख्य विपक्ष की भूमिका निभाने का काम करेगा। जिले के संगठन में युवाओं को स्थान देने, पुराने जमीनी वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मुख्य धारा में पुनः वापस लाने, स्थानीय किसानों नौजवानों और शहरी समस्याओं पर प्रशासन की अनदेखी खिलाफ संघर्ष वरीयता सूची में सबसे ऊपर रहेंगे। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गाँधी सहित शीर्ष कांग्रेस नेतृत्व का मुझ विश्वास लगातार बना हुआ है। मेरा भरसक प्रयास रहेगा कि सतत मेहनत की इस परिपाटी में निरंतरता बनी रहे।



# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगोत्सव का आयोजन



■ **कार्यक्रम में विदेशी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा**

**ग्रेटर नोएडा,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय में सोमवार को योगोत्सव का आयोजन मोरार जी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योगा और आयुष मंत्रालय के सौजन्य से किया गया। शारदा स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज के निर्देशन में संपन्न हुआ। इसमें डेढ़ हजार से अधिक छात्र और शिक्षकों ने विभिन्न योग के आसन किए। विदेशी छात्रों ने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो वाई.के. गुप्ता ने कहा कि अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर अभ्यास किए जाने वाले कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। इस प्रोटोकॉल के अभ्यास के अतिरिक्त योग सम्बन्धित अन्य गतिविधियों विश्वविद्यालय में संचालित की जाएंगी। इन गतिविधियों में प्रमुख रूप से योग व्याख्यान, विविध योग क्रियाओं का प्रदर्शन एवं चेयर योग सेशन का भी आयोजन किया गया।

योग के माध्यम से लोगों के बीच वैश्विक समन्वय को मजबूत करना है। योगाभ्यास के माध्यम से लोगों को शारीरिक और मानसिक रोगों और उनके समाधान के बारे में जागरूक करना है। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. सिबाराम खारा ने कहा कि लोगों को योग के अद्भुत स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताना योग के माध्यम से लोगों के अच्छे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से लोगों को जोड़ना। योगाभ्यास द्वारा लोगों को प्रकृति से जोड़ना है। इस दौरान प्रो वाइस चांसलर डॉ. परमानंद, डीन रिसर्च डॉ. भुवनेश कुमार, डॉ. अन्विति गुप्ता, डॉ. मोहित साहनी, डायरेक्टर पीआर डॉ. अजीत कुमार, डॉ. कपिल पांडला आदि लोग मौजूद रहे।

**NAME CHANGE**

I, Menaka Gupta W/o Vijay Kumar Gupta. Adhar. No. 795921013975, Flat No. 2141, ATS Dolce, Sector-Zeta-1, Greater Noida Sakipur Distt. Gautam Buddh Nagar U.P., Have Changed my name from Menaka Gupta to Menka Gupta, Henceforth I, Would be known by the name to Menka Gupta for all future purposes.

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी डॉ. महेन्द्र नागर ने किया नामांकन

- **सोमवार को एक प्रत्याशी ने किया नामांकन**
- **दो व तीन तारीख को बसपा व भाजपा प्रत्याशी करेंगे नामांकन**
- **आदर्श आचार संहिता के पालन में पुलिस बल रहा तैनात**



**ग्रेटर नोएडा,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. महेन्द्र नागर ने सोमवार को अपना नामांकन किया। पर्चा दाखिल करने से पहले वे अपने पैतृक गांव मिलकलच्छी स्थित मंदिर गए। वहां माथा टेकने के बाद उन्होंने नामांकन दाखिल किया। जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने नामांकन प्रपत्र लिया। सपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नागर ने कहा कि गौतम बुद्ध नगर लोकसभा किसानों, युवाओं, घर खरीदारों के बहुत से समस्या है, सभी की समस्या को लेकर जनता के बीच में जाएंगे और सपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। डॉ. महेंद्र नागर इससे पहले कांग्रेस से जिलाध्यक्ष रह चुके है। 2022 में उन्होंने सपा का दामन थाम लिया था। आचार संहिता लगने के बाद सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने डॉ. महेंद्र नागर को ही यहां से प्रत्याशी बनाया था। लेकिन दो दिन बाद उनका नाम काट राहुल अवाना को टिकट दिया। जिसके बाद गौतमबुद्ध नगर में सपा और कांग्रेस दोनों के कार्यकर्ता काफी नाराज हो गए। आनन-फानन में अखिलेश यादव ने राहुल अवाना और महेंद्र नागर दोनों को ही लखनऊ बुलाया। उनके साथ बैठक की। जिसके बाद डॉ. महेंद्र नागर के नाम पर दोबारा मुहर लगाते हुए पार्टी का सिंबल दिया। उन्होंने सोमवरा को नामांकन किया। नामांकन के दौरान जिला मुख्यालय पर आदर्श आचार संहिता पालन कराने के लिए पुलिस की टीम तैनात रही। मुख्यालय के बाहर सड़क के दोनों तरफ बैरिकेटिंग कर दी गई है, सभी प्रत्याशी को पैदल नामांकन स्थल पर सिर्फ पांच लोगों के साथ पहुंचना है। सोमवार को प्रत्याशियों की तरफसे 4 नामांकन प्रपत्र लिए गए। वर्तमान तक प्रत्याशियों के द्वारा कुल 44 नामांकन प्रपत्र लिए जा चुके हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि 28 मार्च 2024 दिन गुरुवार से नामाकंन प्रक्रिया जारी है। आयोग द्वारा द्वितीय चरण के लिए नाम निर्देशन हेतु अंतिम तिथि 4 अप्रैल दिन गुरुवार, नाम निर्देशनों की संवीक्षा 5 अप्रैल को की जाएगी, नाम वापसी 8 अप्रैल किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल और 4 जून को मतगणना सम्पन्न होगी।

## सपा लोकसभा प्रत्याशी ने जारी किया अपनी सम्पत्ति का व्योरा

**ग्रेटर नोएडा।** समाजवादी पार्टी व कांग्रेस के गठबंधन प्रत्याशी डॉ. महेन्द्र नागर ने लोकसभा चुनाव के लिए अपना पर्चा दाखिल किया। नामांकन पत्र के साथ प्रत्याशी ने अपनी सम्पत्ति व्योरे का शपथ पत्र दाखिल किया। डॉ. महेन्द्र नागर के सम्पत्ति की सकल कुल मूल्य- 3 करोड़ 81 लाख 21 हजार 550 है, जिसमें मोटर यान, जेवरात, एलआईसी पॉलिसी, शेयर, बैंक खाता में जमा और नगदी शामिल है। महेन्द्र नागर के ऊपर बैंक से 19 लाख रुपए का बकाया ऋण है। स्थायी संपत्ति चालू बाजार मूल्य आंकलन में 2 करोड़ 53 लाख 50 हजार रुपए आंकी गई है। स्वयं की अर्जित सम्पत्ति की कुल मूल्य वर्तमान बाजार की कीमत 62 लाख, 65 हजार है। महेन्द्र नागर की पत्नी पुष्पा नागर की सम्पत्ति की सकल मूल्य 63 लाख 1 हजार 644 है। इनकी स्थायी सम्पत्ति 1 करोड़ 79 लाख, स्वतः से अर्जित की गई सम्पत्ति में 10 लाख रुपए आंकी गई है।

# प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक डॉ. महेश शर्मा के नामांकन में होंगे शामिल

**ग्रेटर नोएडा,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के समर्थन में भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक 3 अप्रैल को शारदा विवि में पहुंच रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने बताया कि आगामी 3 अप्रैल को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक भाजपा प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद डॉक्टर महेश शर्मा का नामांकन कराने के लिए प्रदेश की राजधानी लखनऊ से हैलीकाप्टर से एक्सपोमार्ट ग्रेटर नोएडा पहुंचेंगे और शारदा विश्वविद्यालय नॉलेज पार्क में कार्यकर्ताओं में जीत का मंत्रणा देगें। गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट को रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कराने के लिए भाजपा हाईकमान अपनी पूरी ताकत लगाने में लग गई है।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0- ग्रेटर नौएडा सिटी, जिला गौतमबुद्व नगर।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अल्फा आवासीय भूखण्ड योजना के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या, जी-390, क्षेत्रफल-60 वर्गमीटर, सैक्टर-अल्फा-02, अलॉटमेन्ट नं A014212 ग्रेटर नोएडा SMT GAYATRI W/O LATE SH. UPENDRA KUMAR के पक्ष में पंजीकृत है। आवंटी SMT GAYATRI W/O LATE SH. UPENDRA KUMAR की मृत्यु दिनांक 06.10.2022 को हो जाने के उपरांत वारिसान के आधार पर उनकी पुत्री SMT. RITIKA DESHWAL D/O LATE SH. UPENDRA KUMAR ने उपरोक्त भूखण्ड वारिसान के आधार पर अपने पक्ष में म्यूटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन किया गया है। इस म्यूटेशन/नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में SMT GAYATRI W/O LATE SH. UPENDRA KUMAR के स्थान पर उनकी पुत्री SMT. RITIKA DESHWAL D/O LATE SH. UPENDRA KUMAR के नाम पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)
ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 2 अप्रैल 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# कांग्रेस को आंशिक राहत, पर केजरीवाल न्यायिक हिरासत में

रविवार को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में 28 दलीय विपक्षी गठबन्धन इंडिया द्वारा जबर्दस्त शक्ति प्रदर्शन के बाद सोमवार को इंडिया के दो घटकों को लेकर जो अदालती फैसले आये हैं, उनमें से एक आंशिक तौर पर राहत भरा है परन्तु दूसरा उसे मायूस करने वाला है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बीवी नागरत्ना तथा जस्टिस एजी मसीही की खंडपीठ ने जहां कांग्रेस से आयकर द्वारा 3500 करोड़ रुपये से अधिक की टैक्स वसूली पर 24 जुलाई तक रोक लगा दी, वहीं दिल्ली के राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री तथा आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उन्हें कथित दिल्ली शराब घोटाले के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था।

कांग्रेस को आयकर विभाग ने उसे प्राप्त चंदे पर टैक्स वसूलने सम्बन्धी नोटिस जारी किया था। दो नोटिसों में क्रमश: 1745 करोड़ तथा 1823 करोड़ रुपए चुकाने के लिये उसे कहा गया था। इसके पहले एक अन्य कार्रवाई में कांग्रेस के बैंक खातों को सील कर दिया गया है जिसके कारण उसे चुनाव अभियान चलाने में दिक्कत आ रही है। कुछ दिन पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी ने कांग्रेस मुख्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस कर सख्त नाराजगी जताते हुए आरोप लगाया था कि भारतीय जनता पार्टी उसे चुनाव में कमजोर करने के लिये अपनी एजेंसी (आईटी) के जरिये यह कार्रवाई कर रही है। पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन भी बता चुके हैं कि कांग्रेस का 2019 का कुल चुनावी खर्च 800 करोड़ रुपये ही था। ऐसे में उसकी हैसियत इतनी बड़ी राशि चुकाने की नहीं है। यह केन्द्रीय चुनाव आयोग राजीव कुमार के उस आश्वासन व दावे के बिलकुल खिलाफ है जिसमें उन्होंने कहा था कि आयोग सभी दलों को चुनाव लड़ने के समान अवसर (लेवल प्लेइंग फील्ड) देने के लिये कटिबद्ध है।

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के मुताबिक इलेक्टोरल बॉन्ड्स सम्बन्धी सभी जानकारी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा केन्द्रीय निर्वाचन आयोग को जो दी गई है; और जिसे इसी आदेश की ही अनुपालना में उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया है- उससे साफ हो गया है कि किस प्रकार से इस योजना का सर्वाधिक लाभ भाजपा को ही मिला है। इतना ही नहीं, चंदा बटोरने के लिये भाजपा ने किस प्रकार से सरकारी जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया, उसका भी पर्याप्त खुलासा हुआ है। आयकर, ईडी व सीबीआई द्वारा छापे डलवाकर या जेल का डर दिखाकर कारोबारियों से बॉन्ड्स खरीदवाए गए जिन्हें भाजपा ने भुनाया। हर रोज जिस प्रकार से बॉन्ड्स को लेकर नयी-नयी कहानियां सामने आ रही हैं उससे स्पष्ट हो गया है कि यह योजना भाजपा सरकार द्वारा काले धन को सफेद करने का जरिया बनी और उसकी सबसे बड़ी लाभार्थी वह खुद रही।

वैसे 15 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना को असंवैधानिक करार देने वाले फैसले के बाद पहली बार मोदी ने इस पर एक टिप्पणी करते हुए कहा कि- 'जो लोग आज इसे लेकर नाच रहे हैं वे बाद में पछताएंगे। पहले तो चुनावी चंदे के स्रोत को कोई जान ही नहीं पाता था लेकिन अब लोग जान सकते हैं।' सामान्यतया प्रेस वार्तालाप से दूर रहने वाले मोदी ने एक तमिल चैनल से बातचीत में कहा कि 'पहले भी पीएमएलए कानून था परन्तु पूर्ववर्ती सरकारें इसका उपयोग ही नहीं करती थीं। पहले की सरकार ने 10 वर्षों में केवल कुछ लाख रुपये ही वसूले।' मोदी ने इस आरोप से भी इंकार किया कि उनकी सरकार जांच एजेंसियों को निर्देशित करती है और उनके कामों में दखलंदाजी करती है। वैसे प्रधानमंत्री की बातों में शायद ही कोई यकीन करे।

एक ओर भाजपा के पास इस प्रकार से कमाया गया अकूत धन और दूसरी तरफ वह अपने मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को पूर्णत: संसाधनविहीन करने पर तुली है। पिछले कुछ समय से जिस तरह से कांग्रेस उसके सामने दमदारी से खड़ी है और उसके ईर्द-गिर्द करीब ढाई दर्जन दल जिस मजबूती से खड़े हैं, उससे भाजपा को लोकसभा चुनाव में अपनी जमीन खिसकती नज़र आ रही है। इसलिये भाजपा यह चुनाव बेहद गैर लोकतांत्रिक एवं निहायत अनैतिक तरीके से लड़ रही है। चुनावों की घोषणा हो जाने तथा आचार संहिता लागू रहते में जिस प्रकार से जांच एजेंसियों के मार्फत भाजपा सरकार विरोधी दल के नेताओं व पार्टियों को तंग कर रही है या उन्हें जेलों में डाल रही है, उससे भी लोगों में रोष है जिसका परिणाम चुनावी नतीजों में दिखलाई पड़ सकता है।

उधर एक अन्य घटनाक्रम में अंतत: अरविंद केजरीवाल को 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज ही दिया गया। 22 मार्च को ईडी द्वारा उनके शासकीय आवास से गिरफ्तार केजरीवाल को पहली बार 6 दिनों तथा दूसरी बार 4 दिनों की ईडी हिरासत दी गई थी। सोमवार को उन्हें फिर से पेश किया गया था। वैसे तो ईडी ने उनकी और हिरासत की मांग नहीं की परन्तु आरोप लगाया कि 'केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं', तो वहीं अब भी दिल्ली के सीएम पद पर काबिज केजरीवाल ने तिहाड़ जेल रवाना होने के पहले चेतावनी दे दी कि 'प्रधानमंत्री जी जो कर रहे हैं वह देश के लिये अच्छा नहीं है'। उन्हें तिहाड़ की जेल नंबर-2 में रखा गया है जहां पहले से उनके सहयोगी एवं आप सरकार के उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया, आबकारी मंत्री रहे सत्येन्द्र जैन तथा सांसद संजय सिंह इसी आरोप में न्यायिक हिरासत में हैं। इस घटनाक्रम का भी असर आसन्न चुनावों पर लाजिमी है।

# डंका तो बज रहा है पर बदनामी का

बहुत शोर है कि मोदी के राज में दुनिया भर में भारत का डंका बज रहा है। खुद प्रधानमंत्री मोदी कई मौकों पर अपने मुंह से कह चुके हैं कि पहले तो लोग भारत में पैदा होने पर शर्म महसूस करते थे, पर अब गर्व करते हैं। वह भारत को विश्व गुरु बनाने के इशारे करते रहे हैं। उसे विशेष रूप से आर्थिक, सैन्य और सांस्कृतिक महाशक्ति बनाने के दावे करते रहे हैं। विदेश मंत्री, एस जयशंकर ने अभी पिछले ही दिनों दावा किया था कि अब 'कोई भी बड़ा वैश्विक मुद्दा, भारत की सलाह के बिना तय ही नहीं होता है।'

लेकिन, अगर यही सच है तो विदेश मंत्री के उक्त दावे के करीब ही अर्थ द्वारा प्रकाशित, एक लाख सैंतीस लाख से ज्यादा लोगों के सर्वे में, 67 फीसद लोगों की यह राय क्यों थी कि बड़ी ताकतों में भारत की आवाज का ही विश्व के भू-राजनीतिक मामलों में सबसे कम असर है। दूसरी ओर अमेरिका के संबंध में ऐसा ही मानने वाले सिर्फ 11 फीसदी थे, जबकि चीन के मामले में ऐसा मानने वाले 13 फीसदी और रूस के मामले में ऐसा मानने वाले 15 फीसदी। किसी देश के प्रभाव का एक और पैमाना, उसके पासपोर्ट को अन्य देशों में मिलने वाला वजन माना जाता है। लेकिन, हैंकले पासपोर्ट इंडैक्स पर भारत, अब 85वें स्थान पर है। पिछले साल के मुकाबले भी भारत एक स्थान नीचे ही खिसका है।

वास्तव में इसमें हैरानी की कोई बात भी नहीं है क्योंकि विश्व में भारत का डंका बजने का, प्रधानमंत्री मोदी के विदेश दौरों के समय, प्रवासी भारतीयों को जुटाकर किए जाने वाले प्रायोजित ईवेंटों के अलावा, कोई कारण भी नहीं है। बेशक, अपने आकार के चलते भारत, दुनिया की चौथी बड़ी सैन्य शक्ति है। इसी प्रकार, आकार से ही जुड़ा भारत का सकल घरेलू उत्पाद, उसे दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में पांचवें स्थान पर पहुंचा देता है। और वर्तमान विकास दर से, अगले पांच साल में भारत के तीसरे स्थान पर पहुंच जाने में भी, जिसकी 'मोदी की गारंटी' का बहुत शोर है, हैरानी की कोई बात नहीं होगी। लेकिन, इन गिनतियों से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण यह तथ्य है कि प्रतिव्यक्ति आय के पैमाने से वही भारत, 197 देशों में 142वें स्थान पर है। जाहिर है कि किसी देश की सामर्थ्य का कहीं वास्तविक परिचायक, यही स्थान है।

हैरानी की बात नहीं है कि जनता की वास्तविक दशा को दर्शाने वाले सभी महत्वपूर्ण सूचकांक, भारत का डंका बज रहे होने की नहीं, उसकी दुर्दशा की ही कहानी कहते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की पांच एजेंसियों द्वारा खाद्य सुरक्षा तथा पोषण पर 2023 में तैयार की गई रिपोर्ट बताती है कि 74.1 फीसद यानी करीब 1.043 अरब भारतीय, सर्वे के वर्ष 2021 में, एक स्वस्थ खुराक हासिल करने में असमर्थ थे। इसी रिपोर्ट के अनुमान के अनुसार, 2020-22 के दौरान भारत की 16.6 फीसद आबादी कुपोषित थी। यह भी गौरतलब है कि ग्लोबल हंगर इंडैक्स पर भारत, 2022 में 107वें स्थान पर था और ग्लोबल फूड सिक्यूरिटी इंडैक्स पर, 68वें स्थान पर।

इन्हीं हालात का नतीजा हाल में तीन ऐसी अतियों के रूप में भी देखने को मिला है, जो बाकी दुनिया में भारत की बदहाली का डंका बज रहे होने की ही संकेतक हैं। इनमें एक का संबंध, यूक्रेन युद्ध में रूसी सेना की ओर से झोंके गए कुछ भारतीयों के हताहत होने की धीरे-धीरे आ रही खबरों से है। जाहिर है कि भारी मुश्किलों तथा मजबूरियों के चलते ये भारतीय नागरिक, रूसी सेना के सहायकों के रूप में काम करने पहुंचे थे और किसी प्रकार उन्हें युद्ध के खतरों के बीच झोंक दिया गया। इसी का दूसरा रूप, इज़रायल-फिलिस्तीन युद्ध के बीच, इज़रायल की मांग पर, वहां गिरमिटिया बनाकर भारतीय मजदूरों के भेजे जाने का है, जिसमें भाजपा की केंद्र तथा हरियाणा व उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों की, सक्रिय हिस्सेदारी है। इन मजदूरों के युद्धग्रस्त देश में जाने पीछे की मजबूरी का अंदाजा एक मजदूर के इस चर्चित कथन से लगाया जा सकता है कि, 'यहां भूख से मरने से तो, इज़रायल में लड़ाई में मरना ही बेहतर है।' तीसरा रूप, पिछले ही दिनों डंकी मारकर अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश करते हुए एक गुजराती भारतीय परिवार के मारे जाने के बाद आई, इस आशय की खबरों का है कि अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने वालों में अब, भारतीयों की संख्या ही सबसे बड़ी है। क्या यही विश्व गुरु बनने के लक्षण हैं?



राजेंद्र शर्मा

**जिस जी-20 की सफलता का और उससे दुनिया भर में भारत की शान बढ़ने का इतना ढोल पीटा गया, प्रधानमंत्री मोदी का एक महंगा प्रचार ईवेंट भर साबित हुआ है। इससे भारत के ग्लोबल साउथ यानी विकासशील दुनिया का नेता बनकर उभरने के दावों का झूठ भी उसके फौरन बाद, तभी उजागर हो गया जब अमेरिका की वफादारी के चक्कर में भारत ने, क्यूबा में हवाना में हो रही जी-77 शिखर बैठक में, विदेश मंत्री को भेजने की हामी भरने के बाद, अपने पांव पीछे खींच लिए।**

लेकिन, बात सिर्फ भारत के अपेक्षाकृत गरीब तथा पिछड़ा होने की ही होती, तब भी गनीमत थी। मोदी राज ने अपने दस साल में देश को उल्टे ही रास्ते पर धकेल दिया है, जहां उसकी गांठ की पूंजी भी लुटती जा रही है। लंबे और शानदार स्वतंत्रता आंदोलन से निकले भारत ने अपने लिए जिस समावेशी, धर्मनिरपेक्ष, जनतंत्र को अपनाया था, जनता के लिए जिस तरह की स्वतंत्रताएं व कानूनी समानताएं सुनिश्चित की थीं, उस सब को व्यवस्थित तरीके से खोखला कर के खत्म किया जा रहा है। इसका नतीजा यह है कि आज दुनिया में भारत का अगर कोई डंका बज रहा है, तो यह बदनामी का डंका है। ऐसे ही डंके के हिस्से के तौर पर, दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की कथित शराब घोटाले के सिलसिले में, चुनाव से ठीक पहले ईडी द्वारा गिरफ्तारी के खिलाफ जर्मनी तथा अमेरिका ने चिंता जताई है। बेशक, मोदी सरकार ने उनके चिंता जताने पर आपत्ति भी दर्ज कराई है, लेकिन ये सब तो बदनामी का डंका और जोर-जोर से बजने की ही निशानियां हैं।

यह संयोग ही नहीं है कि मोदी राज में लगातार गिरकर, विश्व प्रेस फ्रीडम इंडैक्स पर भारत, 161वें स्थान पर पहुंच चुका है। यहां भी वह 2022 के 150वें स्थान से 11 अंक नीचे फिसल कर पहुंचा है। समावेशीपन सूचकांक पर भारत 117वें स्थान पर है और वैश्विक जेंडर गैप सूचकांक पर भी, 127 वें स्थान पर है। उधर चुनावी जनतंत्र सूचकांक पर भी भारत, 108वें स्थान पर है और कुल मिलाकर जनतंत्र सूचकांक पर 10 स्थान नीचे खिसक कर, 51वें स्थान पर चला गया है। वास्तव में वी-डेम इंस्टीट्यूट ने जो भारत को 2018 से चुनावी तानाशाही घोषित कर रखा है, उसके दायरे में उसने इस साल भारत का सबसे तेजी से तानाशाही की ओर बढ़ना दर्ज किया है।

स्वतंत्रताओं के छीने जाने का आलम यह है कि किसान आंदोलन के ताजा चक्र की पूर्व-संध्या में ही, किसानों का दिल्ली पहुंचना असंभव बनाने के लिए युद्ध जैसे दमनमारी इंतजामात ही नहीं कर लिए गए, हरियाणा में पूरे आठ जिलों में इंटरनैट पर पूरी तरह से पाबंदी लगाने के साथ ही (ऐसी पाबंदी लगाने में भारत पहले ही विश्व गुरु बन चुका है) किसान आंदोलन से जुड़े लोगों तथा इस आंदोलन की खबर दे सकने वाले पत्रकारों तक के सोशल मीडिया खाते, सरकारी आदेश से बंद करा दिए गए। इससे खीझे एक्स (पहले ट्विटर) ने सारी दुनिया में यह जानकारी प्रसारित कर दी कि भारत सरकार ने मजबूर कर के उससे उक्त खाते बंद कराए हैं, वह खुद लोगों की स्वतंत्रता के इस दमन के खिलाफ है और उक्त खाते केवल भारत में बंद किए जाएंगे और भारत से बाहर देखे जा सकेंगे। जाहिर है कि ये सब तो बदनामी के ही डंके हैं।

ऐसे ही डंके तब बजते हैं कि जब योरोप, अमेरिका तथा शेष दुनिया के धार्मिक स्वतंत्रताओं तथा अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन, भारत में धार्मिक स्वतंत्रता के क्षय तथा अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर बढ़ते हमलों पर बार-बार उंगली ही नहीं रखते हैं, अपनी सरकारों से इसके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग भी करते हैं और अमेरिका जैसी सरकारें, भारत के साथ संवाद में इन चिंताओं को उठाने के वादे भी करती हैं। विश्व में धार्मिक स्वतंत्राओं की स्थिति की निगरानी करने वाली अमेरिकी संस्था, यूएससीआईआरएफ ने 2023 की अपनी रिपोर्ट में लगातार चौथे साल अमेरिकी सरकार से आग्रह किया था कि 'भारत में धर्म या आस्था की स्वतंत्रता के व्यवस्थित, लगातार जारी तथा भीषण उल्लंघनों' के लिए, उसे 'विशेष चिंता का देश' घोषित किया जाए! ऐसा ही एक और डंका हाल ही में तब बजा था जब एमनेस्टी इंटरनेशनल ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया था कि कैसे भारत में 128 बुलडोजर कार्रवाइयों में मुसलमानों को निशाना बनाया गया था और ऐसी सबसे ज्यादा कार्रवाइयां मध्य प्रदेश में ही हुई थीं, जिनकी संख्या 56 थी।

बेशक, मोदी सरकार सच्चाई को छुपाने की कोशिश में, नियमत: ऐसे सभी संकेतकों को नकारती है। और तो और उसने कोविड से मौतों की वास्तविक संख्या को भी छुपाने की कोशिश की थी और भारत में तो विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुमान के दसवें हिस्से के बराबर ही मौतें होने का दावा किया था। लेकिन, इस तरह के खंडनों तथा सच्चाई को छुपाने की कोशिशों से तो, दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा और गिरती ही है। दूसरी ओर, एक बड़ी ताकत बन जाने की झूठी शान की कीमत भारत को अपने सभी पड़ोसी देशों—पाकिस्तान, चीन, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ईरान, यहां तक कि मालदीव भी—के साथ रिश्तों के खराब से असहज तक बने रहने के रूप में चुकानी पड़ रही है। उधर अमेरिका के नेतृत्व में सामराजी ताकतों ने भारत को, समाजवादी चीन की घेराबंदी का औजार बनाने के लिए, उसके साथ जो रणनीतिक रिश्ते बनाए हैं तथा उसे लेकर क्वॉड व आई-2 यू-2 जैसे जो गुट बनाएं हैं, भारत के जूनियर पार्टनर बनने की सच्चाई को छुपा नहीं सकते हैं। जिस जी-20 की सफलता का और उससे दुनिया भर में भारत की शान बढ़ने का इतना ढोल पीटा गया, प्रधानमंत्री मोदी का एक महंगा प्रचार ईवेंट भर साबित हुआ है। इससे भारत के ग्लोबल साउथ यानी विकासशील दुनिया का नेता बनकर उभरने के दावों का झूठ भी उसके फौरन बाद, तभी उजागर हो गया जब अमेरिका की वफादारी के चक्कर में भारत ने, क्यूबा में हवाना में हो रही जी-77 शिखर बैठक में, विदेश मंत्री को भेजने की हामी भरने के बाद, अपने पांव पीछे खींच लिए। यानी डंका जरूर बज रहा है, पर बदनामी का डंका।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# दिल्ली के मुख्यमंत्री के बाद ईडी की नजर अब केरल पर

**■ पी. श्रीकुमारन**

प्रवर्तन निदेशालय, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और आप के अन्य नेताओं के खिलाफ अपनी कार्रवाई के बाद, जिसे वह एक 'सफल' अभियान मानता है, ने अब केरल पर अपनी नजरें गड़ा दी हैं।

लेकिन केंद्रीय जांच एजंसी को पता होना चाहिए कि केरल एक अलग चाय का प्याला है। उत्तर भारतीय राज्य में उसने जो रणनीति सफलतापूर्वक अपनाई है वह केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में नहीं चलेगी।

एजंसी ने केरल के खिलाफ अपने अभियान में जो नवीनतम कदम उठाया है, वह मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की बेटी टी. वीणा की कंपनी से जुड़े कथित मासिक भुगतान विवाद के संबंध में जांच रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज करना है। ईसीआईआरएजंसी की कोच्चि इकाई द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत दायर किया गया है।

यह कार्रवाई अगस्त 2003 में आयकर अंतरिम निपटान बोर्ड (आईटीएसआईबी) की एक रिपोर्ट के आधार पर की गई है जिसमें कहा गया था कि उनकी कंपनी, एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को कोच्चि स्थित कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड से मासिक भुगतान के रूप में 1.72 करोड़ रुपये मिले थे। सीएमआरएल, हालांकि बदले में दी गई किसी भी सेवा का कोई सुबूत नहीं था। मासिक भुगतान मामले में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसआईएफओ) द्वारा जांच चल रही है।

वीणा के अलावा, सीएमआरएल और केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम (केएसआईडीसी) की भूमिका की भी जांच की जा रही है, जिसके पास सीएमआरएल में 13.4 प्रतिशत शेयर हैं। यह उल्लेख किया जा सकता है कि फरवरी में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कंपनी के मामलों में एसएफआईओ द्वारा जांच का आदेश देने में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) की कार्रवाई को चुनौती देने वाली एक्सालॉजिक द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया था।

ईडी का नवीनतम कदम एलडीएफ सरकार को अस्थिर करने के लिए केंद्र सरकार के आदेश पर उसके पिछले प्रयासों की निराशाजनक विफलता की पृष्ठभूमि में आया है। न केवल इस तरह के दुस्साहस विफल हो गये, बल्कि लोगों ने सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले एलडीएफ को 2021 के राज्य विधानसभा चुनावों में बड़े बहुमत के साथ सत्ता में वापस लाकर एलडीएफ सरकार के खिलाफ भाजपा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिकफ्रंट (यूडीएफ) के अभियान का करारा जवाब दिया। निन्दा का अभियान स्पष्ट रूप से मतदान के रुझान पर कोई प्रभाव डालने में विफल रहा।

मुख्यमंत्री की बेटी और सीपीआई (एम) केंद्रीय समिति के सदस्य थॉमस इसाक के खिलाफ ईडी के नवीनतम कदम का समय महत्वपूर्ण है क्योंकि यह लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हो रहा है। यह और कुछ नहीं बल्कि घबराई हुई मोदी सरकार का एक हताश कदम है, जो चुनावी बांड मामले में हुए खुलासों के प्रतिकूल प्रभाव से जूझ रही है। लोगों का ध्यान मुद्दे से भटकाने के लिए ही झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की गई है। भगवा खेमा स्पष्ट रूप से सोचता है कि इस तरह के कदमों से उसे भरपूर चुनावी लाभ मिलेगा। लेकिन अगर वह ऐसा सोचता है तो यह आत्मसंतुष्टि की झूठी भावना में खोना होगा। कुछ भी हो, इस दुस्साहस का संघ परिवार और मोदी सरकार पर बुरा प्रभाव पड़ने वाला है। संकेत पहले से ही मौजूद हैं।

भाजपा-आरएसएस कबीला इतना डरा हुआ क्यों है? कारण स्पष्ट हैं। नागरिक संशोधन कानून (सीएए) और चुनावी बांड मुद्दे के खिलाफ वामपंथी दलों द्वारा चलाया जा रहा अभियान लोगों के मन में बड़ा प्रभाव पैदा कर रहा है। वाम दल निस्संदेह लाभप्रद स्थिति में हैं क्योंकि वे एकमात्र ऐसे दल हैं जिन्होंने चुनावी बांड नहीं लिया है। यह सीपीआई (एम) थी जिसने चुनावी बांड के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया और एक अनुकूल फैसला जीता, जिसने मोदी सरकार की विश्वसनीयता को एक विनाशकारी झटका दिया है।

यह विशेष रूप से वाम दलों के खिलाफ आक्रामक अभियान की व्याख्या करता है, और वीणा को निशाना बनाया गया है क्योंकि वह पिनाराई विजयन की बेटी हैं जो केंद्र सरकार और भाजपा-आरएसएस जोड़ी के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। केरल के मुख्यमंत्री अपनी चुनावी रैलियों में सीएए मुद्दे और चुनावी बांड मामले का प्रभावी ढंग से उपयोग कर रहे हैं, जो भगवा खेमे में निराशा उत्पन्न करते हुए भारी भीड़ को आकर्षित कर रहा है।

थॉमस इसाक को इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वह केरल इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बोर्ड (केआईआईएफबी) फंड द्वारा मसाला बांड के मुद्दे की जांच के संबंध में उन्हें 'ठीक' करने के ईडी के प्रयासों का सफलतापूर्वक विरोध कर रहे हैं। ईडी इसहाक को एक के बाद एक समन जारी करने में व्यस्त है और वह बार-बार इससे पल्ला झाड़ रहे हैं। केरल के पूर्व वित्त मंत्री ने समन को अवैध और मनमाना बताते हुए ईडी के कदम का विरोध किया था।

**थॉमस इसाक को इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वह केरल इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बोर्ड( केआईआईएफबी )फंड द्वारा मसाला बांड के मुद्दे की जांच के संबंध में उन्हें 'ठीक' करने के ईडी के प्रयासों का सफलतापूर्वक विरोध कर रहे हैं। ईडी इसहाक को एक के बाद एक समन जारी करने में व्यस्त है और वह बार-बार इससे पल्ला झाड़ रहे हैं। केरल के पूर्व वित्त मंत्री ने समन को अवैध और मनमाना बताते हुए ईडी के कदम का विरोध किया था।**

अपनी ओर से, केरल के मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर विपक्षी दलों को डराने-धमकाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कड़ी आलोचना की है। उन्होंने अपने दिल्ली समकक्ष अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का भी जिक्र करते हुए कहा कि इसे पहली या आखिरी गिरफ्तारी नहीं माना जा सकता। लोकतंत्र खतरे में है और समय की मांग है कि हम अपनी पूरी ताकत से इसकी रक्षा करें। सीपीआई (एम) नेता एकजुट हो गये हैं और केरल के मुख्यमंत्री को पूर्ण समर्थन मिल रहा है।

अपनी कड़ी प्रतिक्रिया में, सीपीआई (एम) के राज्य सचिव एमवी गोविंदन ने कहा कि ईडी का कदम केरल में विपक्ष के नेता वीडी सतीसन की मदद करने के लिए है, जो पिनाराई के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। गोविंदन ने कहा, ईडी भाजपा के राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए विपक्षी नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज कर रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में भी केंद्र सरकार ने ईडी और अन्य जांच एजेंसियों का इस्तेमाल किया था। गोविंदन ने गैर-भाजपा नेताओं के खिलाफ ईडी की छापेमारी पर कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पार्टी तभी प्रतिक्रिया देती है जब ईडी कांग्रेस नेताओं के पीछे जाती है।

एक बात की भविष्यवाणी निश्चितता के साथ की जा सकती है। एलडीएफ सरकार के खिलाफ ईडी की ओर से किसी भी दुस्साहस का भगवा खेमे और केंद्र सरकार पर बुरा असर पड़ना तय है। केरल में एलडीएफ के लिए बढ़ते समर्थन ने स्पष्ट रूप से भाजपा-आरएसएस कबीले को परेशान कर दिया है। इसलिए यह पिनाराई सरकार को किसी भी तरह से अस्थिर करने का प्रयास कर रहा है। लेकिन केरल के प्रबुद्ध लोग पूरी तरह से एलडीएफ सरकार और मुख्यमंत्री के पीछे हैं क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि वह लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई में आगे आकर नेतृत्व कर रहे हैं और सुनिश्चित कर रहे हैं कि लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी भारत का विचार बरकरार रहे।

## पावन प्रसंग

# धैर्यवान बनिए

कोई भी काम करने में धैर्य की नितांत आवश्यकता होती है जो धैर्यवान है, वह कर्म करने से पहले उसके शुभाशुभ परिणाम पर विचार कर सकता है। उसको सफल बनाने के लिए मार्ग निर्धारित कर सकता है। अपने कर्म के सत-असत एवं उपयोगिता-अनुपयोगिता पर सोच सकता है। इसके विपरीत जो अधैर्यवान है, आवेश अथवा उद्वेगपूर्ण है; वह न तो कर्म की इन आवश्यक भूमिकाओं पर विचार कर सकता है और न दक्षता प्राप्त कर सकता है, वह तो अस्त-व्यस्त क्रियाकलाप की तरह एक निरर्थक श्रम ही होता है।

अधैर्यवान मनुष्य का बहुत बड़ा दुर्गुण है। अधीर व्यक्ति में अपेक्षित गंभीरता का अभाव ही रहता है, जिससे वह चपलता के अधीर व्यक्ति के मन-बुद्धि स्थिर नहीं रहते वह न किसी विषय में ठीक से सोच सकता है और न कर्तृत्व का निर्णय कर सकता है। अधैर्यवान व्यक्ति अदक्षता, अस्त-व्यस्तता,, अनिर्णयत्मकता एवं अक्षमता के कारण जीवन के हर क्षेत्र में असफल होकर दुख भोगता है। इसके विपरीत जो धैर्यवान है, वह जिस कार्य को पकड़ता है, उसे पूर्ण मनोयोग, बुद्धि और समग्र शक्ति लगाकर पूरा किए बिना नहीं रहता। धैर्यवान व्यक्ति कर्म करके उसके फल की प्रतीक्षा में व्यग्र नहीं होता, बल्कि फलासक्ति से रहित होकर कार्य किया करता है।

धैर्य न हो तो मानसिक दौर्बल्य के कारण मन सदा भयभीत रहेगा। जब मनुष्य के मन में शंका बढ़ जाती है, तब दुख के मिट जाने पर भी उसका आभास रहा करता है। जो व्यक्ति धैर्यवान होते हैं, वे संकट के समय अपने विवेक को नष्ट नहीं होने देते। उनके आत्मबल के कारण ही उस समय भी शांति मिलती है और दूसरे लोग भी उनका अनुकरण करने को बाध्य होते हैं। तब वह संकट उतना व्यथित नहीं करता, जितना कि धीरज के अभाव में। धैर्यवान मनुष्य के अंत:करण में अत्यन्त शांति, भविष्य की सुखद आशा और उदारता की प्रबलता रहती है। वह बुरे दिन के फेर में पड़कर घबराता नहीं, बल्कि उन दिनों को हँसते हुए टालने की चेष्टा करता रहता है।

इसके विपरीत जिसके मन में धैर्य नहीं होता, उसके मन में जो आशा-निराशा की तरंगें उठती हैं, वे वैसी ही हैं,जैसे कोई बालू की दीवार खड़ी होकर भी ढह पड़े। संकट के समय उसकी मानसिक वेदना बढ़ जाती है और वह अपने भावों पर नियंत्रण रखने में समर्थ नहीं होता। ऐसे लोगों की दशा बहुत खराब होती देखी गई है और उनमें भी कुछ अत्यन्त दुर्बल प्रवृत्ति के मनुष्यों का मानसिक संतुलन तो यहां तक बिगड़ जाता है कि वे आत्महत्या तक कर बैठते हैं। सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करने के लिए ही नहीं, बल्कि अपने कर्तव्य पालनार्थ भी कर्मों को सुव्यवस्थित करने के लिए धैर्य की आवश्यकता है। मान लीजिए कि आप किसी मुकदमे में फंसे हैं, परंतु उसके निर्णय में विलंब है; इस बीच कोई अधिकारी व्यक्ति उस मुकदमे की जांच के समय आपको किसी बात पर डांटता है तो उससे आपका विचलित हो उठना ही आपके हार का कारण बन सकता है। यदि आप उसमें धैर्य से काम लें तो विजय प्राप्त कर सकते हैं।

धैर्य के लिए दोषरहित मनोवृत्ति और अपने कर्म के उचित होने का विश्वास होना चाहिए। यदि आपका कार्य न्याययुक्त नहीं है तो आप कितने भी साहस से काम लें, मन में शंका भरी रहेगी और धैर्य आपका साथ नहीं देगा। इसके विपरीत यदि आप यह समझते हैं कि आप जो कार्य कर रहे हैं, वह न्याययुक्त होते हुए भी बिगड़ रहा है, तो भी आपका मन निर्भीक रहेगा और अपने धैर्यबल से ही सफलता प्राप्त कर सकेंगे। इसे मत भूलिए कि संसार में धन और प्रतिष्ठा ही सब कुछ नहीं है। घनवान तो मूर्ख भी हो जाते हैं और कभी-कभी निम्न स्तर के लोग भी ऊंची प्रतिष्ठा प्राप्त कर लेते हैं, परुन्तु उनमें से जिसमें भी अहंकार उत्पन्न हुआ, वही पतित हो गया। वह 'अहं' ही उन्हें नष्ट करने का कारण बनता है, फिर न आत्मबल साथ रहता है और न धैर्य ही।

धैर्यवान पुरुष वही कहलाता है, जिसे अपने पर पूर्ण भरोसा हो। जो व्यक्ति अपनी योग्यता पर विश्वास करता हुआ धैर्य का संबल ग्रहण करता है, वह कष्ट पाता हुआ भी प्रसन्नचित्त रहता है; क्योंकि वह कठिनाइयों से घबराता नहीं।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# किशोरियों की शिक्षा में डिजिटल दुनिया का सहयोग

काजल (बदला हुआ नाम) एक 15 वर्षीय लड़की है जो अपने परिवार के साथ दिल्ली स्थित उत्तम नगर इलाके में रहती है। उसके परिवार में कुल छ: सदस्य हैं। काजल अपनी चार बहनों, मां और मौसी के साथ किराए के घर में रहती है। कोरोना महामारी के दौरान उसके पिता की एक दुर्घटना में मौत हो गई थी। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कारण काजल और उसके परिवार को अनेक आर्थिक और सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ा। इसी बीच, ऑनलाइन शिक्षा के कारण काजल की पढ़ाई में भी बाधा आने लगी। घर में एंड्रॉयड फोन नहीं होने के कारण वह ऑनलाइन क्लास से वंचित रहने लगी। लेकिन एक दिन उसकी मुलाकात स्थानीय स्वयंसेवी संस्था प्रोत्साहन इंडिया फाउंडेशन की शिक्षिका रेहाना से हुई। जिन्होंने काजल की पारिवारिक स्थिति को देखते हुए संस्था की ओर से उसे एक डिजिटल उपकरण के रूप में टैब उपहार में दिया। इस उपकरण ने काजल के जीवन में क्रांति ला दी। उसने फिर से अपनी पढ़ाई को शुरू किया। आज वह दसवीं कक्षा में पढ़ रही है, इस डिजिटल उपकरण के कारण न केवल काजल बल्कि उसकी मौसी ने भी ओपन स्कूलिंग के माध्यम से अपनी बारहवीं कक्षा पास की है।

डिजिटल दुनिया के सहयोग से आज काजल और सकीना वह सब कर सकती हैं जो वह करना चाहती हैं। लेकिन हमारे आस-पास ऐसी कई लड़कियों के उदाहरण हैं, जो आज भी विभिन्न कारणों से शिक्षा से वंचित हैं। अक्सर समाज की रूढ़िवादी सोच किशोरियों के समुचित विकास में सबसे बड़ी बाधा बन जाती है। प्रोत्साहन इंडिया की शिक्षिका रेहाना बताती हैं कि 'केवल ग्रामीण क्षेत्रों में ही नहीं, बल्कि दिल्ली जैसे महानगरों में बसे झुग्गी झोपड़ी इलाकों में भी किशोरियों को इन्हीं बाधाओं का सामना करना पड़ता है। यदि घर की आर्थिक स्थिति कमज़ोर है तो सबसे पहले घर की लड़की का स्कूल छुड़वा दिया जाता है ताकि लड़कों को पढ़ने का अवसर मिले। फिर चाहे वह लड़की, लड़के की तुलना में पढ़ने में होशियार ही क्यूं न हो, उसकी पढ़ाई छुड़वाकर उसे घर के कामों में लगा दिया जाता है। कोरोना महामारी के दौरान सबसे अधिक बालिकाओं की शिक्षा प्रभावित हुई है। सभी आंकड़े बताते हैं कि इस दौरान लड़कियों का स्कूल ड्रॉप आउट तेज़ी से बढ़ा है। ऐसे में संस्था के माध्यम से उनके लिए डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराना किसी वरदान से कम नहीं है।

भारत जैसे विकासशील और उभरती अर्थव्यवस्था वाले देश में महिला साक्षरता की दर अभी भी चिंताजनक स्थिति में है। वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू (डब्लू पी आर) की वेबसाइट के अनुसार विश्व की औसत साक्षरता दर 83.41 प्रतिशत की तुलना में भारत में साक्षरता की दर 74 प्रतिशत है। वहीं महिला साक्षरता की बात करें तो विश्व में 71.88 प्रतिशत की तुलना में भारत में महिला साक्षरता की दर मात्र 65.8 प्रतिशत है। जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरुषों की साक्षरता दर 79.16 प्रतिशत की तुलना में भारत में साक्षरता की दर 82.4 प्रतिशत है। यह अंतर बताता है कि भारत में महिलाओं की शिक्षा पर आज तक गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया है। रेहाना इसका मुख्य कारण बताती हैं कि इसके पीछे वित्तीय बोझ, रूढ़िवादी सोच, परिवार का सपोर्ट न मिलना और लड़कियों की शिक्षा की तरफ झुकाव नहीं होना अहम है।

भारत में 15 से 18 साल के आयु वर्ग की लगभग 40 प्रतिशत लड़कियां ऐसी हैं जो दुबारा स्कूल नहीं जा सकी। हालांकि महामारी के बाद बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और सभी राज्य सरकारों ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। स्कूलों में छात्राओं के बीच मुफ्त लैपटॉप और कहीं टैबलेट भी वितरित किये गए हैं। लेकिन नतीजे संतोषजनक नहीं कहे जा सकते हैं। रेहाना कहती हैं कि पुरुष और महिला शिक्षा के बीच आंकड़ों के इस अंतर को किसी योजना या कानून बनाने से खत्म नहीं किया जा सकता है। इसके लिए समाज में जागरूकता फैलाने की जरूरत है। जब तक समाज बालिका शिक्षा को महत्व नहीं देगा उस समय तक इन आंकड़ों में किसी प्रकार के परिवर्तन की उम्मीद बेमानी होगी।

**ज्योति, दिल्ली**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## गाजा में इजराइली हमले में अब तक 32,782 फिलीस्तीनियों की मौत : मंत्रालय

**गाजा,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। गाजा पट्टी पर चल रहे इजराइली हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 32,782 हो गई है। यह जानकारी गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी है। मंत्रालय ने रविवार को एक प्रेस बयान में बताया कि 24 घंटों के दौरान इजराइली सेना ने 77 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 108 को घायल कर दिया। मंत्रालय के अनुसार, पिछले साल सात अक्टूबर इज़राइल-फिलिस्तीनी संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 32,782 और घायलों की 75,298 हो गई है।

# पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने आईएचसी के जजों के पत्र पर लिया स्वत: संज्ञान

**इस्लामाबाद,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के छह मौजूदा न्यायाधीशों के एक पत्र से संबंधित मामले पर स्वत: संज्ञान लिया है, जिसमें देश की खुफिया एजेंसियों पर परेशान करने, धमकी देने, ब्लैकमेल करने और न्यायिक मामले तथा निर्णय लेने में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया गया है। देश भर की कानूनी बिरादरी द्वारा पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश पर दबाव डालने के बाद सुप्रीम कोर्ट एक्शन में आया है।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला कानूनी बिरादरी के कम से कम 300 सदस्यों के आईएचसी के छह न्यायाधीशों के समर्थन में आने की घोषणा के बाद आया है। कानूनी बिरादरी ने उच्चतम न्यायालय से मामले पर तत्काल संज्ञान लेने का आह्वान किया था क्योंकि यह देश की खुफिया एजेंसियों द्वारा न्यायिक मामलों में हस्तक्षेप से संबंधित है। कानूनी बिरादरी ने कहा कि इस तरह के हस्तक्षेप संविधान के अनुच्छेद 184(3) के तहत स्पष्ट उल्लंघन हैं।

कानूनी बिरादरी ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश तसद्दक जिलानी के तहत एक सदस्यीय जांच आयोग के गठन




**कानूनी बिरादरी द्वारा दबाव डालने के बाद एक्शन में आया सुप्रीम कोर्ट**

को भी खारिज कर दिया, और जोर देकर कहा कि मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता अधिक महत्वपूर्ण है तथा पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले आयोग की बजाय मुख्य न्यायाधीश द्वारा स्वत: संज्ञान लेने की आवश्यकता है।

पत्र में कहा गया है कि मामले की संघीय सरकार के दायरे में की गई कोई भी जांच उन सिद्धांतों का उल्लंघन करती है जिनकी जांच रक्षा के लिए यह जांच की जानी है। हम जोर देकर कहना चाहते हैं कि इस तरह के जांच आयोग और इसकी कार्यवाही कदाचित विश्वसनीय नहीं होगी।

हम इस्लामाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, इस्लामाबाद बार एसोसिएशन, सिंध हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, पाकिस्तान बार काउंसिल, खैबर पख्तूनख्वा बार काउंसिल और बलूचिस्तान बार काउंसिल द्वारा पारित प्रस्तावों का उस हद तक समर्थन करते हैं, जहां तक वे न्यायपालिका की स्वतंत्रता के सिद्धांत को बनाए रखने का संकल्प लेते हैं। हम इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के छह न्यायाधीशों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हैं, उनकी साहसी कार्रवाई की सराहना करते हैं और ऐसे सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए उचित कार्रवाई की मांग करते हैं।

छह वर्तमान न्यायाधीशों के पत्र में प्रत्येक न्यायाधीश द्वारा साझा किए गए चौंकाने वाले विवरण हैं।

## अदालत ने की तोशाखाना मामले में इमरान की सजा निलंबित



**दंपति को जमानत पर रिहा करने की दी अनुमति**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी को बड़ी राहत देते हुए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने तोशाखाना मामले में उनकी 14 साल की सजा निलंबित कर दी है। इमरान खान और बुशरा बीबी को तोशाखाना मामले में दोषी पाया गया था। यह मामला पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी द्वारा उनके कार्यकाल के दौरान विदेशी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्राप्त उपहारों के दुरुपयोग और अवैध तरीकों से उपहार प्राप्त करने से संबंधित था। आम चुनाव से कुछ दिन पहले इस मामले में इमरान खान को सजा सुनाई गई थी, जिसे जल्दबाजी में की गई कार्रवाई और इमरान खान का सलाखों के पीछे रहना सुनिश्चित करने के लिए जल्दबाजी में लिया गया फैसला बताया जा रहा था। शुरुआत में जवाबदेही अदालत ने 31 जनवरी को फैसला सुनाया था, जिसे बाद में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में चुनौती दी गई, जिसने अब सजा को निलंबित कर दिया है और दंपति को जमानत पर रिहा करने की अनुमति दी है।

## उधारी सीमा विवाद पर केरल को नहीं मिली राहत



**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार से रकम उधार लेने की राज्य सरकारों की सीमा और इससे जुड़े कुछ अन्य पहलुओं पर केरल सरकार की ओर से उठाए गए सवालों वाली याचिका सोमवार को संविधान पीठ के समक्ष विचार करने के लिए भेजने का फैसला किया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत दायर मूल मुकदमे में केरल को किसी भी तरह की अंतरिम राहत से इनकार कर दिया, क्योंकि केंद्र सरकार ने इसके लिए 13,608 करोड़ रुपये के अतिरिक्त प्रावधान किए थे। केंद्र ने पहले तर्क दिया था कि वित्तीय वर्ष (वित्त वर्ष) 2023-24 में केरल को अतिरिक्त उधार देना न तो विवेकपूर्ण है और न ही राज्य सरकार के हित में है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार की इस दलील को स्वीकार कर लिया कि जब राज्य द्वारा उधार लेने की सीमा का अधिक उपयोग किया जाता है तो अगले वर्ष इसमें कमी हो सकती है।

## सुडोकू 6512

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | 6 | | | 5 | 9 |
| 8 | 6 | | | | | | | |
| 2 | | | | | 1 | 4 | | |
| | 3 | | | | | | 9 | |
| | | 1 | 6 | | | | | 8 |
| | | | | | | | 2 | 7 |
| 6 | 2 | | | 3 | | | | 5 |
| | | | 7 | | 9 | 3 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 2 अप्रैल, 2024 चैत कृष्ण पक्ष 9

### राशिफल

मेष - आप का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप अस्वस्थता एवं चिंता का अनुभव करेंगे। शरीर में थकान और आलस्य एवं मन में अशांति रहेगी। आप आज थोड़े क्रोधित रहेंगे, जिससे काम बिगड़ सकते हैं।

वृषभ - आज का दिन सावधानीपूर्वक गुजारें। आज किसी भी प्रकार से कोई नया काम शुरू ना करें। आज आप का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। खान-पान में विशेष ध्यान रखना आपके लिए जरूरी है।

मिथुन - आप का दिन आनंद-प्रमोद तथा भोग-विलास में गुजरेगा। दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन सुख मिलेगा। नए वस्त्र की खरीदी और उसे पहनने के अवसर प्राप्त होंगे।

कर्क - आप का दिन अच्छी तरह से गुजरने वाला है। घर में शांति तथा आनंद का वातावरण रहेगा। सुखमय प्रसंग बनेंगे। आप जो भी काम करेंगे, उसमें यश प्राप्त होगा। आरोग्य अच्छा रहेगा।

सिंह - आज का दिन आनंद से गुजरने वाला है। आज आप अधिक कल्पनाशील बने रहेंगे। साहित्य-सृजन के तहत मौलिक रूप से काव्य रचना की प्रेरणा होगी। किसी प्रिय मित्र के साथ हुई भेंट शुभ फलदायी होगी।

कन्या - आज का दिन आपके लिए अच्छा नहीं है। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। कई परेशानियों के कारण मन व्याकुल रहेगा। स्फूर्ति का अभाव होगा। स्वजनों के साथ अनबन रहेगी।

तुला - आप का दिन शुभ फलदायी होगा। बंधुओं के साथ अच्छे संबंध रहेंगे। उनके साथ बैठकर घर की समस्या पर चर्चा होगी। किसी छोटे धार्मिक स्थल पर जाने का सफल आयोजन होगा। धन लाभ का योग हैं।

वृश्चिक - आज साधारण लाभ का दिन है। व्यर्थ के खर्च पर रोक लगानी होगी। परिवार में झगड़े न हों, इसके लिए अपनी वाणी पर कंट्रोल रखें। कुटुंब के सदस्यों के बीच की गलतफहमी को दूर रखें।

धनु - आज का दिन काम और पढ़ाई में सफलता के लिए समय बहुत अनुकूल है। विदेश-व्यापार से लाभ हो सकता है। आप धार्मिक और शुभ काम कर सकेंगे। सम्बंधियों और मित्रों से मिलकर आप खुश होंगे।

मकर - आपको स्वास्थ्य सम्बंधी शिकायत रहेगी। मानसिक भय हो सकता है। व्यवसाय में दूसरों की दखलंदाजी परेशान करेगी। धर्म और समाज से सम्बंधित कामों के पीछे पैसे खर्च हो सकते हैं।

कुंभ - आज का दिन शुभ मंगलकारी काम के लिए अच्छा है। अविवाहितों के लिए वैवाहिक योग है। संतान और पत्नी की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। पारिवारिक और दांपत्य जीवन में आनंद और संतोष प्राप्त कर सकेंगे।

मीन - आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। भाग्य आपके साथ है। व्यवसाय में पदोन्नति या वृद्धि हो सकती है। व्यापार में आपको रुके हुए पैसे मिलेंगे। पिता तथा बुजुर्गों की तरफ से लाभ हो सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# अल-कायदा के हमले में सरकार समर्थक चार यमनी सैनिकों की मौत



**यमन,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। यमन के दक्षिणी प्रांत अबयान में अल-कायदा आतंकवादियों के हमले में सरकार समर्थक सेना के चार सैनिक मारे गए और तीन घायल हो गए। एक सैन्य अधिकारी ने मीडिया को यह जानकारी दी।

स्थानीय सैन्य सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर रविवार को बताया कि अल-कायदा के आतंकवादियों ने अबियान के उत्तर-पूर्व में मुदियाह जिले में ओमरान घाटी से गुजर रहे सरकार समर्थक सेना के एक गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्र ने कहा, हमले में चार सैनिक मारे गए, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर है। गौरतलब है कि यमनी सरकार समर्थक सेना ने हाल के हफ्तों में 'एरो ऑफ द ईस्ट' नाम से अभियान तेज कर दिया। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार इसका लक्ष्य यमन स्थित अल-कायदा के अवशेषों को समूल खत्म करना है।

## सोमालिया को ओरल हैजा वैक्सीन की 14 लाख खुराकें मिली

**मोगादिशु।** सोमालिया को देश में हैजे के बढ़ते मामलों के बीच संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) से 25 लाख अमेरिकी डॉलर मूल्य की ओरल हैजा वैक्सीन की 14 लाख खुराकें मिली है। यूनिसेफ की ओर से जारी बयान के मुताबिक इस बीमारी के प्रकोप को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के तहत देश भर के पांच हॉटस्पॉट जिलों में टीके वितरित किए जाएंगे। हैजे से जनवरी से अब तक 4388 लोग संक्रमित हुए है और 54 लोगों की जानें गई है , जिनमें से दो-तिहाई बच्चे थे। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा है कि टीकों और आपूर्ति के साथ, यूनिसेफ और साझेदार प्रभावित क्षेत्रों में पानी, स्वच्छता और स्वच्छता सेवाओं में सुधार के साथ ही समुदायों को रोकथाम के बारे में जागरुक किया जा रहा है।

## इजराइली हमले में 36 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। गाजा में इजराइली हमले में 36 और फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीनी सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है।

इजराइल द्वारा खान युनिस के पास किए गए ड्रोन हमले में आकर 11 फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। दरअसल, इजराइल ने ड्रोन के जरिए फिलिस्तीनी नागरिकों के एक समूह को निशाना बनाया। इस बीच, इजराइली तोप ओर गोलीबारी की जद में एक फिलिस्तीनी महिला और उसके बच्चे की भी मौत हो गई। इजराइल की ओर से यह गोलीबारी अल-मवासी क्षेत्र में की गई। उत्तरी गाजा में इजराइल द्वारा की गई गोलीबारी का शिकार होकर जहां 17 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। वहीं 30 घायल हो गए। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, फिलिस्तीनी गाजा शहर के दक्षिण में अल-ज़ायतौन पड़ोस में कुवैत गोल चक्कर के पास राहत सामग्री के लिए एकत्रित हुए थे। सेंट्रल गाजा में मघाज़ी फ़लिस्तीनी शरणार्थी शिविर में एक आवासीय घर पर एक विमान द्वारा बमबारी के बाद कम से कम छह लोग मारे गए। वहीं, इजराइल द्वारा किए गए हमले की जद में आकर जो लोग मलबे के नीचे दब गए, उन्हें बाहर निकालने के लिए सुरक्षाकर्मियों को भेजा गया है। फिलिस्तीनी सूत्रों के मुताबिक, इजराइली सुरक्षाकर्मियों ने सेंट्रल गाजा पट्टी में दीर अल-बलाह के पास गोलीबारी और तोप चलाना तेज कर दिया है।

## वर्ग पहेली 6512



**बायें से दायें:-**

१. बहुत दूर तक देख सकने वाली तेज नज़र (उपमा)
३. ऊपर लिखा या बताया गया
५. व्यापारी
६. दुविधा, असमंजस
७. वाल्मीकि का मूल नाम
९. घटना, वाकया
१०. सागर-मंथन से निकला एक वृक्ष
१२. मां, जन्मदायिनी
१३. ठगना, छल करना
१४. मोर की पूंछ, समूह
१६. प्राय:, अधिकतर
१८. जो कभी बंटा न हो
२०. सुग्रीव का राज्य
२१. जलमार्ग पर चलने वाली नौका
२३. नगरवासी

**ऊपर से नीचे:-**

१. श्रीकृष्ण
२. पक्का इरादा
३. पारिश्रमिक (उर्दू)
४. रोकने वाला
५. बरगद का पेड़
८. एक सुगंधित फूल, उसका पौधा
१०. कड़वे स्वाद का
११. बिच्छू
१२. महोदय, श्रीमान (उर्दू)
१३. के कुल में उत्पन्न
१४. दागदार
१५. वेशभूषा, लिबास
१७. सूरत-शक्ल का ब्यौरा (उर्दू)
१८. असीमित, बेहद
१९. धोना, रंगना
२२. सरिता, तटिनी

### वर्ग पहेली-6511



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## रूस के पायनियर खदान में फंसे श्रमिकों के लिए चलाए जा रहे बचाव अभियान बंद

**मॉस्को,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। रूस के सुदूर पूर्वी अमूर क्षेत्र में पायनियर खदान में चट्टान गिरने से फंसे 13 खनिक के बचाव के लिए पिछले दो सप्ताह से चलाया जा रहे अभियान को अन्य चट्टान के गिरने के जोखिम के मद्देनजर रोक दिया गया है। खदान संचालक ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश में 18 मार्च को अमूर क्षेत्र के जेस्की जिले में पायनियर सोने की खदान में चट्टान खिसकने के कारण अधिकारियों को क्षेत्र में आपातकालीन व्यवस्था लागू करनी पड़ी।

**खदान में चट्टान खिसकने के कारण आपातकालीन व्यवस्था लागू करनी पड़ी**

सोने की खनन कंपनी पोक्रोव्स्की रुडनिक ने कहा कि एक अप्रैल को पायनियर खदान में बचाव अभियान को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

# तुर्की में स्थानीय निकाय चुनाव में एर्दोगन को लगा करारा झटका

**अंकारा,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। तुर्की में शहरी निकायों के चुनाव में राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन की जस्टिस एंड डेवलपमेंट (एके) पार्टी को करारा झटका लगा है और मुख्य विपक्षी दल ने रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी (सीएचपी) ने अंकारा और इस्तांबुल समेत कई महत्वपूर्ण शहरों के मेयर के पद जीत लिए हैं। चुनाव नतीजों पर विपक्षी दलों के समर्थक देशभर में विभिन्न स्थानों पर बड़ी जीत की खुशी मनाते हुए देखे गए।

तुर्की में रविवार को शहरी निकायों, जिलों और अन्य स्थानीय निकायों के मेयर पद के चुनाव के लिए वोट डाले गए थे ये चुनाव पांच साल के लिए होते हैं। राष्ट्रपति एर्दोगन की एके पार्टी को 2002 के बाद चुनावी मैदान में सबसे बड़ी हार का मुंह देखना पड़ा है। एर्दोगन (70) ने अपनी पार्टी की हार स्वीकार कर ली है और उन्होंने अंकारा में अपनी पार्टी के मुख्यालय पर आज एक संबोधन में कहा कि दुर्भाग्य से स्थानीय निकाय के नतीजे हमारी उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे। उन्होंने कहा कि इन चुनाव में मुख्य रूप से हमारे लोकतंत्र और राष्ट्र के 8.5 करोड़ लोगों की इच्छा की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि वे पार्टी की हार की समीक्षा करेंगे। एर्दोगन के नेतृत्व में तुर्की इस समय आर्थिक दौर से गुजर रहा है और फरवरी में वस्तुओं के दाम एक साल पहले की तुलना में 67 प्रतिशत ऊपर चल रहे हैं।



■ **एर्दोगन ने अपनी पार्टी की हार स्वीकार कर ली**

## आज का इतिहास

1513- स्पेनिश विजय विजेता जुआन पोंस डी लियोन फ्लोरिडा पहुंचे, ऐसा करने वाले वे पहले यूरोपीय थे।
1559- इटली के जेनोआ क्षेत्र से यहूदियों को निकाला गया।
1745- ऑस्ट्रिया और बवेरिया ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किया।
1767- यीशु की सोसायटी का स्पैनिश साम्राज्य और नेपल्स के साम्राज्य में दमन किया गया।
1787- न्यायपालिका के एक चार्टर ने आपराधिक और नागरिक अधिकार क्षेत्र के पहले न्यू साउथ वेल्स न्यायालयों की स्थापना के लिए अधिकार प्रदान करने पर हस्ताक्षर किए।
1792- सिक्का कानून पारित कर दिया गया, संयुक्त राज्य मिंट की स्थापना हुई।
1801-वाइस एडमिरलहोरियो नेल्सन के नेतृत्व में दूसरे गठबंधन-ब्रिटिश सेनाओं के युद्ध ने कोपेनहेगन के युद्ध में डानो-नॉर्वेजियन बेड़े को हराया।
1801- कोपेनहेगन (द्वितीय गठबंधन युद्ध) की पहली लड़ाई- एडमिरल सर हाइड पार्कर के तहत यूनाइटेड किंगडम की रॉयल नेवी शाही डैनो-नार्वे नेवी को एक युद्धविराम स्वीकार करने के लिए मजबूर किया गया।।
1860- ट्यूरिन में पहली इटली की संसद की बैठक शुरू हुई।
1865- अमेरिकी गृहयुद्ध तीसरी कोशिश में, केंद्रीय सेना बलों ने पीटर्सबर्ग, वर्जीनिया पर कब्जा कर लिया, हालांकि कॉन्फेडरेट के सरकारी अधिकारी और शेष अधिकांश कन्फेडरेट सेना भागने में सफल रहे।
1870- कार्डिफ़ जाइंट (माना जाता है कि पालतू मानव) जिप्सम साबित हुआ।
1885- वांडरिंग स्पिरिट द्वारा नॉर्थ-वेस्ट रिबेलियन-लेड, युवा क्रीवारियर्स ने फ्रॉग लेक, नॉर्थ-वेस्ट टेरिटरीज (अब अल्बर्टा) के गांव पर हमला किया, जहां उन्होंने नौ बस्तियों को मार डाला।
1902- पहला इलेक्ट्रिक फिल्म थियेटर, अमेरिका के लॉस एंजिल्स में खोला गया।
1911- ऑस्ट्रेलियाई सांख्यिकी ब्यूरो ने देश की पहली राष्ट्रीय जनगणना की।
1912-टाइटैनिक जहाज का समुद्री परीक्षण की शुरुआत हुई।

**अपील** *संयुक्त राष्ट्र ने इजरायल से मानवीय गलियारे की सुविधा प्रदान करने का किया आग्रह, बोले*

# मरीजों के जीवनरक्षक स्थानांतरण को अंजाम देना जरूरी

**जिनेवा, 1 अप्रैल (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख ने रविवार को कहा कि 18 मार्च को गाजा के सबसे बड़े अस्पताल अल-शिफा पर इजरायली रक्षा बलों द्वारा दूसरी बार छापा मारने के बाद से इक्कीस मरीजों की मौत हो गई है। टेड्रोस एडनोम घेबियस ने अल-शिफा के अंदर एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता का हवाला देते हुए पर लिखा कि 'अस्पताल के आसपास शत्रुता जारी है।' देखभाल के आवश्यक साधनों के अभाव में चार बच्चों और 28 गंभीर रोगियों सहित 100 से अधिक मरीज अस्पताल के अंदर फंसे हुए है।**

टेड्रोस ने कहा कि कई लोगों को संक्रमित घाव हैं और वे निर्जलित हैं।

इज़रायली सैनिकों जिन्होंने मार्च के मध्य में अस्पताल पर नवीनतम छापेमारी शुरू की थी, ने एक बयान में कहा कि वे आतंकवाद को विफल करने के लिए अल-शिफ़ा अस्पताल में सटीक अभियान जारी रख रहे हैं।

**गाजा अस्पताल के घेरे में आने से 21 मरीजों की मौत**

डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने अस्पताल में बिगड़ती स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बेहद खराब स्वच्छता और पानी की कमी के कारण संक्रामक रोग फैल रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि भोजन बेहद सीमित है-यह उन मधुमेह रोगियों के लिए संभावित रूप से जीवन के लिए खतरा है जिनकी हालत बिगड़ रही है। संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने इज़रायल से पहुंच और मानवीय गलियारे की सुविधा प्रदान करने का आग्रह किया, ताकि वह मरीजों के जीवनरक्षक स्थानांतरण को अंजाम दे सके।




**अस्पताल के आसपास शत्रुता जारी है। कई लोगों को संक्रमित घाव हैं और वे निर्जलित हैं : टेड्रोस**

### राफा ऑपरेशन को लेकर अमेरिका-इजरायल करेंगे बैठक

**वाशिंगटन।** अमेरिका और इज़रायल गाजा पट्टी के राफा शहर में नियोजित सैन्य अभियान के बजाय अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन के प्रशासन द्वारा इज़राइल को दिए जाने वाले विकल्पों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को 'वर्चुअल' बैठक आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। एक्सियोस न्यूज पोर्टल ने इजरायली और अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि सरकार ने दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा में जमीनी सैन्य अभियान के लिए परिचालन योजनाओं को मंजूरी दे दी है।

## दुनिया को जानें

### जापान का मून लैंडर फिर हुआ निष्क्रिय : जाक्सा

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। जापान ने चंद्रमा पर दो रात जमने से बचे रहने वाले अपने 'स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून' (स्लिम) को एक बार फिर निष्क्रिय कर दिया है। देश की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्लिम, जिसे जापानी में 'मून स्नाइपर' भी कहा जाता है, 20 जनवरी को चंद्रमा की सतह पर उतरा था। इसकी लैंडिंग योजना के अनुसार लक्ष्य के 100 मीटर के भीतर हुई, हालांकि यह सिर के बल चंद्रमा की सतह पर उतरा। अपने सौर पैनलों के सूर्य की ओर नहीं होने के कारण, लैंडर बिजली उत्पन्न नहीं कर पा रहा है। मिशन के अधिकारी लैंडर के जम जाने और चंद्रमा की मुश्किल रातों का सामना करने में लैंडर के सक्षम नहीं होने को लेकर चिंतित थे। पृथ्वी के एकमात्र उपग्रह पर तापमान शून्य से 130 डिग्री सेल्सियस नीचे तक लुढ़क जाता है। जाक्सा ने कहा, 200 किलोग्राम वजनी मानवरहित लैंडर सर्दियों में बच गया।



# प्रादेशिकी

## हिमाचल प्रदेश में अनिवार्य सेवाएं अधिसूचित : गर्ग

**शिमला,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि आगामी चुनावों में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग अनेक कारगर कदम उठा रहा है। गर्ग ने बताया कि इसी कड़ी में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 60 के अनुसरण में हिमाचल में होने वाले आगामी लोकसभा एवं विधानसभा उप-चुनावों के लिए अनिवार्य सेवाओं में नियोजित व्यक्तियों को मतदान के दिन ड्यूटी पर तैनात होने पर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। गर्ग ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में कार्यरत स्वास्थ्य विभाग के डाक्टर, पैरा मेडिकल स्टाफ, एम्बुलेंस सेवाएं, अग्निशमन सेवाएं, हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालक, परिचालक शामिल हैं।

# धामी ने अल्मोड़ा में अजय टम्टा के पक्ष में की जनसभा, उपलब्धियां गिनाईं

**पिथौरागढ़,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को जी.आई.सी., खेल मैदान, नाचनी, पिथौरागढ़ में अल्मोड़ा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा के पक्ष में आयोजित जनसभा में प्रतिभाग किया।

■ केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाया

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए संपूर्ण देश में लहर दौड़ रही है'। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा लोकसभा के अंदर आने वाली 14 विधानसभाओं में बढ़ चढ़कर अजय टम्टा के पक्ष में वोट देना हैं और प्रधानमंत्री को भारी बहुमत से जीताना है। उन्होंने कहा कि नाचनी एवं डीडीहाट क्षेत्र से हर वोट प्रधानमंत्री मोदी को जाएगा, और भारत के विकास में अपनी भूमिका निभाएगा। जनता जनार्दन के आशीर्वाद से हर कोई प्रधानमंत्री को वोट देने जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब भी आप लोगों के बीच आता हूं तो मुझे घर एवं परिवारजनों का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि नाचनी क्षेत्र के बड़े-बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों द्वारा किए गए स्वागत से अभिभूत हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अल्मोड़ा लोक सभा क्षेत्र का विकास निरंतर जारी है। कपकोट एवं नाचनी को जोड़ने वाले रामगंगा के ऊपर 110 मीटर पुल के निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है। बेरीनाग से पिथौरागढ़ को जोड़ने वाला पुल बनाए जाने का कार्य जारी है। हल्द्वानी से मुनस्यारी, पिथौरागढ़ की हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हो गई है। पिथौरागढ़ से सीधे देहरादून अब प्लेन से जा सकते हैं। जल्द ही पिथौरागढ़ से दिल्ली की भी प्लेन सेवा शुरू होने वाली है। पिथौरागढ़ में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य, विभिन्न क्षेत्रों पर मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं। मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत यहां के मंदिरों का पुनर्निर्माण कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत दुनिया के शिखर पर पहुंचा है। दुनिया में भारत का मान-सम्मान, शक्ति एवं स्वाभिमान बढा है। उन्हीं के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प पूर्ण हो रहा है। भारत टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस, इनोवेशन और इफ्रास्ट्रक्चर का हब बनते जा रहा है। भारत गंगा, यमुना, चारों धाम, आदि- कैलाश, जागेश्वर, देवी- देवताओं, जल, जंगल, जमीन, पर्वत का देश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से देश में गरीबों को घर देने का काम किया है।



### कांग्रेस को परिवारवाद व भ्रष्टाचार की पार्टी बताया

**पिथौरागढ़।** मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 वर्ष पहले कांग्रेस के राज में देश में घोटालों और भ्रष्टाचार का ही काम होता था। कांग्रेस के राज में परिवारवाद, भ्रष्टाचार और लूट-खसोट होते रही। कांग्रेस के लोग देश की प्रतिष्ठा को घटाने का काम कर रहे हैं। 'कांग्रेस पार्टी ने महिला विरोधी सोच को प्रदर्शित करते हुए उत्तराखंड में किसी भी महिला प्रत्याशी को टिकट नहीं दिया है।' 'कांग्रेस के पापों का कोई अंत नहीं है इन्होंने राम भक्तों का मजाक उड़ाया। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकराया है। रामभक्तों पर गोली चलाने वाली पार्टी को समर्थन दिया।' उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में ऐसी कांग्रेस पार्टी का किसी भी बूथ में खाता भी नहीं खुलना चाहिए।

## पुलिस व अर्धसैनिक बलों ने किया फ्लैग मार्च

**चंडीगढ़,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव से पहले आम जनता के बीच सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए, पंजाब पुलिस ने सोमवार को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की टीमों के साथ सोमवार को राज्य भर में सभी संवेदनशील और संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया। पंजाब में आम चुनाव के लिये आखिरी चरण में एक जून को मतदान होगा।

विशेष पुलिस महानिदेशक (विशेष डीजीपी) कानून एवं व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने कहा कि पुलिस महानिदेशक गौरव यादव के निर्देशों के बाद, सीपी/ एसएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने सभी 28 पुलिस जिलों में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक एक साथ फ्लैग मार्च किया। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास का उद्देश्य आम जनता का विश्वास बढ़ाना और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस कर्मियों को तैयार करना है। शुक्ला ने कहा कि सीपी/एसएसपी को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के लिए राज्य भर में विशेष नाके लगाने और गश्त पार्टियों को बढ़ाने के निर्देश पहले ही दिये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों, बूटलेगर्स और ड्रग तस्करों की आवाजाही की जांच करने के लिये, सीमावर्ती जिलों के एसएसपी को अंतर-राज्यीय नाके स्थापित करके सीमाओं को सील करने और किसी को भी बिना तलाशी और उनके वाहन की गहन जांच के राज्य में प्रवेश/ बाहर निकलने की अनुमति नहीं देने के लिए कहा गया है।

कांग्रेस ने केन्द्र सरकार की मंशा पर खड़े किए सवाल, बोले

# अग्निवीर योजना युवाओं के साथ भद्दा मजाक

**देहरादून,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने पूर्व सैनिकों का आवाहन करते हुए कहा कि समय रहते हम लोगों ने अग्निवीर योजना का विरोध नहीं किया तो भविष्य में कोई भी जनरल- कर्नल तो क्या हवलदार और जेसीओ सूबेदार भी नहीं बनेगा।

■ रोजगार के लिए दर दर की ठोकरें खा रहा बेरोजगार

गणेश गोदियाल यहां रामलीला मैदान में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अग्निवीर योजना को युवाओं के साथ भद्दा मज़ाक बताते हुए कहा कि इससे देश की सीमाएं भी कमजोर होंगी। उन्होंने पूर्व सैनिकों, कार्यरत सैनिकों का आवाहन करते हुए कहा कि हम लोगों ने समय रहते इस योजना का विरोध नहीं किया तो भविष्य में कोई भी जनरल कर्नल नहीं बन पाएगा।

गोदियाल ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि आज जनता महंगाई से त्रस्त है। शिक्षित बेरोजगार रोजगार के लिए दर दर की ठोकरें खा रहा है। सरकारी कर्मचारी पेंशन की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत हैं। लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि पहाड़ की जनता जंगली जानवरों बंदरों, लंगूरों के आतंक से परेशान हैं। और वन मंत्री कह रहे हैं हमारे पास इसका कोई इलाज नहीं है। अंकिता भंडारी मामला उठाते हुए कहा कि सब जानते हुए भी आज तक सरकार वीआईपी का खुलासा नहीं कर पाई है इससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा की सरकार अपने लोगों को बचाने में लगी हुई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी ने कहा कि विकास का ढोंग करने वाली इस सरकार के राज में न तो गौचर के चिकित्सालय का उच्चीकरण हो पाया ना ही कांग्रेस के राज में स्वीकृत वेटनरी कालेज की सुध ली जा रही है। इससे समझा जा सकता है कि किस प्रकार का विकास हो रहा है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल को भारी मतों से जिताने की भी अपील की। इससे पूर्व देर शाम गौचर पहुंचे गोदियाल का बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर सुनील पंवार, जगदीश कनवासी, संदीप नेगी, राकेश शैली,इंदू पंवार, विजया गुसाईं, लखपत बुटोला,अजय किशोर भंडारी, बीरेंद्र रावत, किसमती गुसाईं, कंचन कनवासी एवं अन्य मौजूद रहे।



अग्निवीर के चलते अब वीर पहाड़ी जरनल कर्नल तो दूर, हवलदार भी नहीं बन सकेगा : गणेश गोदियाल

**सार संक्षेप**

### पंजाब में रबी सीजन 2024-25 की खरीद शुरु

**चंडीगढ़।** पंजाब में रबी सीजन 2024-25 के दौरान गेहूं की खरीद का सीजन सोमवार से शुरु हो गया है जो कि 31 मई 2024 को मुकम्मल होगा। खाद्य, सिवल सप्लाई और उपभोक्ता मामलों के विभाग के सचिव विकास गर्ग ने बताया कि राज्य में 1908 रेगुलर खरीद केन्द्रों को मंडी यार्ड घोषित करके समूह खरीद एजेंसियों के बीच खरीद केन्द्रों की अलाटमैंट की गई है। मंडियों में खरीद के काम को निर्विघ्न रूप से पूरा करने के लिए अस्थायी खरीद केंद्र भी खोले जा रहे हैं। राज्य की खरीद एजेंसियों को 115.50 लाख टन के बनते हिस्से के गेहूं की खरीद करने के लिए 30, 770. 36 करोड़ रुपए की कैश क्रेडिट लिमट अपेक्षित थी, जिसके सम्बन्ध में अप्रैल महीने में गेहूं की खरीद के लिए 27077. 91 करोड़ रुपए की सी. सी. एल प्राप्त हो चुकी है और बाकी की सी. सी. एल. मई 2024 के दौरान प्राप्त हो जाएगी। गेहूं की भराई के लिए राज्य की खरीद एजेंसियों को 4.62 लाख जुट बैग/बोरियां ज़रूरी हैं, जिसमें से राज्य की खरीद एजेंसियों के पास 31 मार्च, 2024 तक 3.51 लाख जुट बैग/बोरियां उपलब्ध हैं और बाकी की बैग-बोरियां सीजन के दौरान प्राप्त हो जाएंगी। अन्य राज्यों से अनाधिकृत तौर पर फिर पंजाब राज्य में एम. एस. पी पर बेचने के लिए लाई जाने वाली पी. डी. एस. / नुकसानी गेहूं को रोकने के लिए डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस और पंजाब मंडी बोर्ड और अन्य सबंधितों को पंजाब राज्य के अंतरराज्यीय बैरियरों पर नाके लगाने सम्बन्धी हिदायतें जारी की जा चुकी हैं जिससे गेहूँ की जाली खरीद को रोका जा सके। राज्य के साथ लगते 21 अंतरराज्यीय बैरियरों पर नाके स्थापित कर दिए गए हैं।

### इस्तीफा मंजूर न होने पर हाईकोर्ट का रुख करेंगे तीनों निर्दलीय विधायक

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के तीनों निर्दलीय विधायक विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफे मंजूर नहीं होने पर प्रदेश उच्च न्यायालय का रुख करेंगे। हमीरपुर से निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा, देहरा से होशियार सिंह और नालागढ़ से केएल ठाकुर इस्तीफा मंजूर न होने पर मंगलवार को न्यायालय में याचिका दायर करेंगे। तीनों निर्दलीय विधायक 10 दिन पहले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को विधानसभा की सदस्यता से अपना इस्तीफा सौंप चुके हैं। चूंकि अध्यक्ष पठानिया ने अभी तक इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है, इसलिए तीनों विधायक अपना इस्तीफा मंजूर कराने के लिए उच्च न्यायालय से हस्तक्षेप की मांग करेंगे। बीते 22 मार्च को तीनों विधायकों ने पहले विधानसभा सचिव को इस्तीफा सौंपा था। बाद में उन्होंने अध्यक्ष पठानिया से मुलाकात की।

### सुडोकू 6512 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 | 1 |
| 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 5 | 9 |
| 8 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 8 | 5 | 3 | 9 | 1 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 |
| 7 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 |
| 6 | 2 | 7 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 | 6 | 4 |

# 12वीं के परीक्षार्थियों को मिलेंगे सात बोनस अंक

**रामनगर,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। बोर्ड ने परीक्षार्थियों को दोनों प्रश्नों की एवज में सात अंक बोनस देने का निर्णय लिया है। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने इंटरमीडिएट के गणित के परीक्षार्थियों को पाठ्यक्रम से बाहर से आए दो सवालों पर राहत दी है। बोर्ड ने परीक्षार्थियों को दोनों प्रश्नों की एवज में सात अंक बोनस देने का निर्णय लिया है। इसे लेकर गोपनीय पत्र उपनियंत्रक, उपप्रधान परीक्षक और सहायक परीक्षक को जारी किया है।

उत्तराखंड बोर्ड के इतिहास में बोनस अंक देने का यह पहला निर्णय है। बोर्ड की गणित की परीक्षा में प्रश्न पत्र (संकेतांक 428 आईजीएफ) संख्या 12 में पूछा गया प्रायिकता बंटन और प्रश्न संख्या 21 में पूछा गया रेखा और वक्र का क्षेत्रफल सवाल कोर्स से बाहर से आए थे। दोनों प्रश्न सात अंकों के थे। दोनों प्रश्नों को लेकर सवाल खड़े हुए थे।




■ कोर्स से बाहर से आए थे सवाल
■ प्रदेश में पहली बार लिया गया निर्णय
■ गोपनीय पत्र उपनियंत्रक, उपप्रधान परीक्षक और सहायक परीक्षक को किया जारी

राजकीय शिक्षक संघ ने दोनों प्रश्नों पर बोनस अंक की मांग की उत्तराखंड बोर्ड से की थी। बोर्ड की ओर से प्रश्नों को पाठ्यक्रम से बाहर नहीं बल्कि पैटर्न बदले होने की बात कही गई थी। उत्तराखंड बोर्ड ने प्रश्नपत्र में आए प्रश्नों को लेकर जांच कमेटी गठित की थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट संस्तुतियों के साथ दी थी। इसके बाद बोर्ड की ओर से प्रश्न संख्या 12 के लिए निर्धारित दो और प्रश्न संख्या 21 के लिए निर्धारित पांच अंकों को बोनस के रूप में देने का निर्णय लिया गया हैदोनों प्रश्नों के संबंध में प्रत्यावेदन आए थे। जांच कमेटी का भी गठन किया गया था। इस प्रकरण में बच्चों के हित में निर्णय लिया जा रहा है और बच्चों के हित प्रभावित नहीं होंगे।

सचिव उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद डॉ. नीता तिवारी, ने कहा कि सभी परीक्षार्थियों को बोनस अंक का लाभ दिया जाएगा। भले ही किसी ने प्रश्न हल किया है या हल करने का प्रयास या फिर हल नहीं किया है। बोर्ड सचिव के हस्ताक्षर से जारी आदेश को मूल्यांकन केंद्रों के उपनियंत्रकों को भेजा गया है।

## पीएम की रैली से पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने मैदान में चलाया स्वच्छता अभियान

**रुद्रपुर,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी जनसभा से पूर्व सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओ ने मोदी मैदान के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। पीएम मोदी 2 अप्रैल से उत्तराखंड में चुनावी शंखनाद करने जा रहे हैं।

आगामी 19 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अप्रैल को रुद्रपुर के मोदी मैदान से चुनावी हुंकार भरने जा रहे हैं। जिसको लेकर भाजपा कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं। सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी मैदान के आस पास स्वच्छता अभियान चलाया। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। इसके साथ ही लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रैली में पहुंचने की अपील की।

दो अप्रैल को रुद्रपुर के मोदी मैदान में होने वाली प्रधानमंत्री की चुनावी जनसभा को लेकर भाजपा कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं। रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल में भूमि पूजन किया था। सोमवार को रैली स्थल के आस पास स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

बीजेपी प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सफाई अभियान चला कर कूड़ा एकत्र किया। इसके साथ साथ कार्यक्रताओं ने लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक भी किया। लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में पहुंचने की अपील भी की गई।

## रिश्वत लेने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**चंडीगढ़,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब के सतर्कता विभाग ने सोमवार को रिश्वत लेने के दो मामलों में एक पटवारी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया। विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि विजीलेंस के कर्मचारियों के नाम पर दो लाख

पचास हजार रुपए रिश्वत लेने वाले दो आम व्यक्तियों को गिरफ़्तार किया है। गिरफ़्तार किये व्यक्तियों की पहचान परमजीत सिंह उर्फ पम्मा निवासी गाँव ड्रोली ज़िला पटियाला और साहिल गोयल निवासी पटियाला के तौर पर हुई है। उक्त आरोपियों को पटियाला ज़िले के गाँव अरनेटू के निवासी जगसीर सिंह की तरफ से मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाईन पर दर्ज करवाई गई ।

# पर्यटकों के लिए विधिवत रूप से खोल दिए गंगोत्री नेशनल पार्क के गेट

**उत्तरकाशी,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। वन विभाग की ओर से गंगोत्री नेशनल पार्क के गेट पर्यटकों और पर्वतारोहियों के लिए विधिवत खोल दिए गए हैं। पार्क प्रशासन की और से गौमुख-तपोवन ट्रैक के कनखू बैरियर पर गेट का ताला विधिवत पूजा पाठ के साथ खोला गया। गंगोत्री नेशनल पार्क करीब 2,390 वर्ग किमी में फैला हुआ है।

यह नेशनल पार्क दुर्लभ वन्य जीवों स्नो लेपर्ड सहित भरल, भूरा भालू आदि का घर माना जाता है। यहां गौमुख से गंगा का उद्धगम स्थल होने के साथ ही गंगोत्री ग्लेशियर में समुद्रतल से 4,000 मीटर से लेकर 7 हजार मीटर ऊंची-ऊंची चोटियां हैं। इसके साथ ही इसके तहत गंगोत्री धाम और नेलांग घाटी भी शामिल हैं। नेलांग घाटी भारत-चीन अंतरराष्ट्रीय सीमा (चीन के कब्जे वाले तिब्बत) को जोड़ती है। नेलांग तक वर्ष 2015 में केंद्र सरकार ने पर्यटकों के जाने की अनुमति दी थी। वहीं इस पार्क के अंतर्गत गड़तांग गली भी शामिल है। आइए अब आपको याहं के दर्शनीय पर्यटक स्थलों के बारे में बताते हैं।

गंगोत्री हिमालय में स्थित केदारताल गंगोत्री से करीब 18 किमी की दूरी पर है। गंगोत्री से शुरू होने वाले ट्रेक पर ट्रैकर भोजखरक, केदारखरक होकर केदारताल पहुंचते हैं। इस ताल के पास थलय सागर पर्वत का दीदार आकर्षण का केंद्र होता है। गंगोत्री नेशनल पार्क क्षेत्र का सबसे प्रसिद्ध ट्रेक गोमुख तपोवन ट्रेक है। गोमुख तक जाने वाले इस ट्रेक की दूरी गंगोत्री से करीब 18 से 22 किमी है। गंगोत्री धाम की यात्रा पर आने वाले कई तीर्थयात्री व कांवड़ यात्री भी यहां पहुंते हैं। प्रतिदिन केवल 150 तीर्थयात्रियों को ही इस ट्रेक पर जाने की अनुमति दी जाती है। पार्क के उपनिदेशक रंगनाथ पांडेय ने बताया कि गंगोत्री नेशनल पार्क के चारों गेट 6 माह के लिए पर्यटकों के लिए खोल दिए गए हैं। इस मौके पर रेंज अधिकारी प्रदीप बिष्ट, वन दरोगा राजवीर रावत, देवराज राणा आदि मौजूद रहे।

### गंगोत्री नेशनल पार्क में दर्शनीय पर्यटन स्थल

भारत तिब्बत के बीच व्यापारिक रिश्तों की गवाह गरतांग गली भैरवघाटी के समीप है। खड़ी चट्टान को काटकर तैयार यह रास्ता स्काई वॉक जैसा अनुभव प्रदान करता है। वर्ष 2021 में ही इसका जीर्णोद्धार कर इसे खोला गया था। रोमांचक पर्यटन के शौकीनों के लिए ये पसंदीदा स्थल है। केंद्र सरकार से यहां पर्यटन की अनुमति मिलने के बाद साहसी पर्यटक रोमांच का अनुभव करने यहां आते हैं।

## केदारनाथ धाम में तीन दिन से बर्फबारी जारी

**रुद्रप्रयाग,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। अप्रैल का महीना शुरू हो गया, लेकिन उत्तराखंड से ठंड है कि जाने का नाम ही नहीं ले रही है। केदारनाथ धाम में बीते तीन दिनों से बर्फबारी जारी है। इस कारण बर्फ साफ करने में जुटे मजदूरों के सामने भी चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। हालांकि तमाम चुनौतियों से जूझने के बावजूद मजदूरों ने मंदिर मार्ग तक बर्फ सफाई का कार्य लगभग पूरा कर लिया है।

बर्फ साफ करने में जुटे मजदूरों की मेहनत पर फिर रहा पानी

हिमालयी क्षेत्रों में आए परिवर्तन के कारण केदारनाथ धाम में समय से बर्फबारी नहीं हो रही है, जहां जनवरी और फरवरी माह में बर्फबारी होनी चाहिए थी, वहीं मार्च माह शुरुआत और अब अप्रैल शुरुआत में बर्फबारी होने से जिला प्रशासन के सामने चुनौतियों का पहाड़ खड़ा हो गया है।मार्च माह के शुरुआती सप्ताह में केदारनाथ धाम सहित पैदल मार्ग पर तेज बर्फबारी के कारण बड़े-बड़े ग्लेशियर बन गए थे।

करीब 18 किमी पैदलमार्ग के 12 किमी तक बर्फ जमी हुई थी, जिसे साफ करते हुए 95 मजदूर अब केदारनाथ धाम पहुंच चुके हैं। दो दिन पहले मजदूर हेलीपैड तक बर्फ साफ कर चुके थे।

# 93 हजार से ज्यादा सर्विस वोटरों के लिए भेजे गए डाक मत पत्र

**देहरादून,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय इस साल शत प्रतिशत सर्विस मतदाताओं के मतदान का लक्ष्य रखा हुआ है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी सर्विस मतदाताओं को डाक मत पत्र भेजे जा चुके हैं। वहीं इस बार जिस तरह से निर्वाचन आयोग मतदाताओं सहित सर्विस मतदाताओं को जागरूक करने का काम कर रहा है, तो उम्मीद है कि इस बार सर्विस मतदाताओं के डाक मत पत्र साल 2019 में हुए चुनाव से अधिक प्राप्त होंगे।

उत्तराखंड में इस समय लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए राज्य की 05 लोकसभा सीटों के लिए सर्विस वोटरों की कुल संख्या 93 हजार 187 है। जिसमें टिहरी लोकसभा सीट पर 12 हजार 862, गढ़वाल लोकसभा सीट पर 34 हजार 845, अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर 29 हजार 105, नैनीताल लोकसभा सीट पर 10 हजार 629 और हरिद्वार लोकसभा सीट पर 05 हजार 746 सर्विस वोटर चिन्हित किए गए हैं।

सभी सर्विस वोटरों के लिए ई-पोस्टल बैलेट भेजने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। सर्विस वोटरों के यूनिट कार्यालयों के सैन्य अधिकारियों से सक्षम स्तर पर सर्विस वोटरों को पोस्टल बैलेट उपलब्ध कराने और पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर तक पहुंचाने के लिए अनुरोध किया गया है। साथ ही प्रयास किये जा रहे हैं कि सर्विस वोटरों का मतदान प्रतिशत लगभग शत प्रतिशत हो।

■ डाक मत्र पत्र से 100 फीसदी मतदान कराने की कोशिश

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया है कि पिछले लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड के 90 हजार 845 सर्विस वोटरों में से 63 हजार 222 पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए थे, जो कुल सर्विस वोटरों का लगभग 70 प्रतिशत था। डाक मतपत्र मतगणना दिवस तक सुबह 08 बजे तक आरओ के पास पहुंच जाने चाहिए।

दुर्लभ — वन विभाग और राज्य के लिए अच्छी खबर

# नंदादेवी नेशनल पार्क के ट्रैप कैमरों में कैद हुआ दुर्लभ हिम तेंदुआ

■ जीव वैज्ञानिकों में दिखा उत्साह
■ सर्वे में नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क क्षेत्र में 33 हिम तेंदुए मौजूद
■ लगातार कम हो रही हिम तेंदुओं की संख्या

**चमोली,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड वन विभाग ने चमोली जिले में स्थित नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के अंतर्गत 70 ट्रैप कैमरे लगाए हैं। इन ट्रैप कैमरों में अक्सर ही उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्रों में रह रहे दुर्लभतम प्रजाति के वन्य जीव जंतुओं की तस्वीरें कैद होती रहती हैं।

नंदा देवी नेशनल पार्क के ट्रैप कैमरों में चमोली जिले के भारत-चीन सीमा को जोड़ने वाले मलारी राष्ट्रीय राजमार्ग पर हिम तेंदुए भी अक्सर दिख जाते हैं। चमोली के प्रसिद्ध नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के अंतर्गत मलारी से आगे सुमना क्षेत्र में एक दुर्लभतम हिम तेंदुए की तस्वीर कैमरे में कैद हुई है। इससे एक ओर जीव वैज्ञानिकों में उत्साह है, हिम तेंदुए ये खूबसूरत तस्वीर सोशल मीडिया में भी काफी पसंद की जा रही है।



नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के उपवन संरक्षक बीबी मार्तोलिया ने बताया की नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के अंतर्गत वन विभाग के द्वारा लगातार ट्रैप कैमरों में हिम तेंदुए की विचरण की तस्वीरें कैद हुई है। उन्होंने बताया कि भारतीय वन्य जीव संस्थान के द्वारा किए गए सर्वे में नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क क्षेत्र में 33 हिम तेंदुए मौजूद हैं। जो वन विभाग और राज्य के लिए एक अच्छी खबर है। इस खबर से राज्य वन विभाग के कर्मचारी बेहद उत्साहित है।

हिम तेंदुए को आईयूसीएन रेड लिस्ट में असुरक्षित जानवर के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। क्योंकि वैश्विक जनसंख्या लिस्ट में हिम तेंदुओं की संख्या 10,000 से कम होने का अनुमान है, वैज्ञानिकों का मानना है कि 2040 तक हिम तेंदुओं की संख्या में लगभग 10 प्रतिशत की गिरावट होगी। हिम तेंदुए का वैज्ञानिक नाम पेंथेरा अनसिया है। इसे कहीं स्थानों पर औंस भी कहा जाता है। ये फेलिडे परिवार के पैंथेरा जीनस में बड़ी बिल्ली की एक प्रजाति है। ये जानवर पर्वतीय क्षेत्रों में पाया जाता है।

### अक्सर मलारी राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिखाई देते हैं हिम तेंदुए

हिम तेंदुए लगभग 15000 से 16000 फीट की ऊंचाई वाली जगहों में रहते हैं। विशेष तौर पर उत्तराखंड के भारत-चीन सीमा को जोड़ने वाले मलारी राष्ट्रीय राजमार्ग पर हिम तेंदुए अक्सर ही दिखाई देते हैं। उच्च हिमालय क्षेत्रों में जब अधिक बर्फबारी होती है तो उस समय हिम तेंदुए निचले इलाकों की तरफ आते हैं। वन विभाग के द्वारा लगाए गए ट्रैप कैमरे में उनकी ये तस्वीर कैद होती है। ट्रैप कैमरों में हिम तेंदुओं के साथ-साथ ही अन्य दुर्लभतम जीव जंतु भी विचरण करते हुए दिखाई देते हैं। शहरी लाइफ स्टाइल के बुनियादी ढांचे के विकास के बाद अवैध शिकार और निवास स्थान के कारण इस जीव का विनाश होता जा रहा है।

# प्रादेशिकी

## सर्राफा की सोने की चेन गायब करने का आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। सर्राफा दुकान पर फोन कर सोने की चेन मंगाकर और उसे चिकित्सक बनकर गायब करने के आरोपी को पीली धातु की चेन के साथ पुलिस नें गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दोबारा घटना करनें की फिराक में था। शहर के नेहरु रोड़ निवासी सर्राफा रमेश चन्द्र अग्रवाल को 22 मार्च 2024 को फोन आया कि आवास विकास शिव अस्पताल से डाक्टर बोल रहा हूं, मुझे 10 ग्राम सोनें की चेन चाहिए। उसी फोन पर भरोसा कर रमेश चन्द्र नें अपनी दुकान का कर्मचारी आशू मिश्रा कोचैन लेकर शिव अस्पताल भेजा। अस्पताल के बाहर एक आदमी खड़ा मिला जिसने चैन लेनें के बाद कहा कि पैसे बस अड्डे के पास मनोज गुप्ता मेडिकल स्टोर पर जाकर लेले। जब सर्राफा कर्मी आशू बस अड्डे पर आया तो पता चला कि वहां इस नाम कि कोई दुकान नहीं है।

# आमजन में सुरक्षा का भाव हुआ उत्पन्न : योगी

- मुख्यमंत्री ने बुलंदशहर में प्रबुद्धजन सम्मेलन को किया संबोधित
- प्रधानमंत्री मोदी को 80 मनकों की माला पहनाएगा प्रदेश

**लखनऊ/बुलंदशहर,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत का भरोसा जताते हुए कहा है कि इस बार प्रधानमंत्री मोदी को 80 मनकों की माला पहनाई जाएगी। सीएम योगी ने सोमवार को बुलंदशहर में प्रबुद्धजनों के सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों की दंगा पॉलिसी के कारण प्रदेश को काफी नुकसान उठाना पड़ा। आए दिन दंगा, कर्फ्यू और अराजकता के कारण न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी। यहां तक कि बुलंदशहर को अराजकता और आतंक का पर्याय बना दिया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारों के संरक्षण में आमजन की आवाज को दबाने का कार्य किया जाता था, मगर आज प्रदेश में गुंडे और अपराधी खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं और आम जनता के भीतर सुरक्षा का भाव उत्पन्न हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी सरकार जब आती है तो बुलंद इरादे से बुलंदशहर की तरह ही विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करते दिखती है। कभी स्वर्गीय कल्याण सिंह की कर्मभूमि के रूप में इस धरती को पहचाना जाता था। महाभारत कालीन इस



**पिछली सरकारों की दंगा पॉलिसी ने बुलंदशहर को बना दिया था आतंक का पर्याय : योगी आदित्यनाथ**

भूमि को मां गंगा और मां यमुना का आशीर्वाद प्राप्त है। मगर, पिछली सरकारों की गुंडा पॉलिसी ने इसे अपराध और आतंक का पर्याय बना दिया था।

### मुख्यमंत्री ने बुलंदशहर को दिया धन्यवाद

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों के संरक्षण में आमजन की आवाज को बंद कर दिया जाता था। व्यापारी, बेटी, नौकरीपेशा, किसान और युवा सब असुरक्षित थे। सुरक्षित केवल गुंडे और कुछ चुनिंदा परिवार थे। मगर, आज गुंडे असुरक्षित हुए हैं और जनता सुरक्षित महसूस कर रही है। एक वोट हमारी किस्मत की तस्वीर और तकदीर दोनों को बदल सकता है। लोकतंत्र का सदुपयोग भविष्य को सुनहरा बना सकता है और दुरुपयोग हमारे भविष्य को बर्बाद कर सकता है। मुख्यमंत्री ने बुलंदशहर को इस बात के लिए धन्यवाद दिया कि 2017 के बाद से हर चुनाव में यहां से बीजेपी को भारी मत प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी ने भी कल्पना नहीं की होगी कि बुलंदशहर से गंगा एक्सप्रेस वे होकर गुजरेगा। इसके साथ ही बुलंदशहर में मेडिकल कॉलेज का भी सपना साकार हुआ है। स्वयं प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी इंग्लैंड यात्रा के दौरान यहां के ओडीओपी को ब्रिटिश प्रधानमंत्री को भेंटकर के इसकी अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग की है। मुख्यमंत्री ने प्रबुद्धजनों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी को समाज को मानसिक रूप से तैयार करना होगा। हमें जातिवाद नहीं बल्कि राष्ट्रवाद चाहिए। हमें परिवारवाद नहीं, सबका साथ सबका विकास चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने केवल समाज को जाति, मत-मजहब के नाम पर बांटने का कार्य किया। दंगाइयों को प्रश्रय देकर राजनीतिक रोटियां सेंकी गईं और हम भी सज्जनता के कायल होकर जाति की हवा में बह जाते थे, दुष्परिणाम हमारी पीढ़ियों को झेलना पड़ा है। मुख्यमंत्री ने यूपी का मतलब अनलिमिटेड पोटेंशियल बताते हुए कहा कि हमारा प्रदेश असीमित संभावनाओं वाला प्रदेश है। यहां असीमित संभावनाएं न होतीं तो श्रीराम, श्रीकृष्ण, भगवान शिव, मां दुर्गा और मां गंगा-यमुना का आशीर्वाद इस धरती को न मिला होता। हमारे पास सबसे उर्वरा भूमि है, सबसे अच्छे हस्तशिल्पी और सबसे योग्य युवा हैं, तो हम किसी के सामने हाथ क्यों फैलाएं।

### गलत हाथ में वोट जाता है तो गुंडागर्दी फैलती है : मुख्यमंत्री

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गलत हाथ में वोट जाता है तो गुंडागर्दी फैलती है, जब वोट सही जगह दिया जाता है तो मोदी के नेतृत्व में विकास ही विकास दिखता है। एक वोट अराजकता भी ला सकता है और एक वोट आस्था का सम्मान और आजीविका के अवसरों में वृद्धि भी करता है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के गांव गांव में सदियों से गाया जाता था कि होली खेले रघुबीरा, अवध में..., मगर अयोध्या में सदियों तक रामलला होली नहीं खेल सके और पहली बार 500 साल बाद अयोध्या में रामलला ने खूब होली खेली है। यह परिवर्तन ही तो है। जो कभी असंभव लगता था, वह संभव हो चुका है। इस अवसर पर बीजेपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिसोदिया, जिलाध्यक्ष विकास चौहान, वर्तमान सांसद और सांसद प्रत्याशी भोला सिंह, विधायक देवेन्द्र सिंह लोधी, प्रदीप चौधरी, संजय शर्मा, चंद्रपाल सिंह, अनिल शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अंतुल तेवतिया, भाजपा प्रदेश मंत्री चंद्रमोहन सिंह के अलावा जयपाल सिंह व्यस्त, हिमांशु मित्तल, योगेन्द्र चौधरी, रालोद के जिलाध्यक्ष पंकज प्रधान एवं नगर निकायों के अध्यक्षगण मौजूद रहे।

# अमेठी में पौने अठारह लाख वोटरों के लिए 1923 बूथ

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। अमेठी में पौने अठारह लाख वोटरों के लिए 1923 बूथ बनाए गए हैं। पांचवें चरण में 20 मई को मतदान के लिए 26 अप्रैल से 3 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के अपर सचिव विजय गुप्ता ने बताया कि उनका मिशन 1900 सौ बूथों पर जीतकर छह लाख के पार वोट हासिल करना है। विजय गुप्ता ने बताया कि मोदी और योगी के विकास कार्यों से मुस्लिम समाज बहुत खुश नजर आ रहा है। जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ल और विधानसभा संयोजक मुन्ना सिंह ने कहा कि मुस्लिम समाज भी स्मृति ईरानी के लिए वोट मांग रहे हैं।

**26 अप्रैल से 3 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे**

अमेठी लोकसभा सीट का नाम दुनिया में सबसे ज्यादा चर्चित है। इस सीट पर अब तक स्मृति ईरानी को छोड़कर बाकी कोई भी उम्मीदवार मैदान में नहीं है। स्मृति ईरानी अकेले चुनाव प्रचार में जुटी है। जबकि पहले अमेठी कांग्रेस की सबसे ज्यादा सुरक्षित सीट मानी जाती थी। लेकिन अब वो अमेठी नहीं है, समय के साथ सब कुछ बदल



चुका है। साल 1980 से अमेठी की कमान गांधी परिवार के पास थी। चालीस साल की राजनीति में गांधी परिवार से स्व संजय गांधी, स्व राजीव गांधी, कैप्टन सतीश शर्मा, सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक सांसद बन चुके हैं। साल 2019 से अमेठी की कमान स्मृति ईरानी के पास है। स्मृति ईरानी सदन में वापसी के लिए दिन-रात बराबर कर दिए हैं। कांग्रेस और बसपा में सन्नाटा पसरा है। कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची में अमेठी रायबरेली का नाम आता था। इस बार अमेठी रायबरेली को छोड़कर बाकी उम्मीदवारों की सूची लगभग जारी हो चुकी है। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में 19 सीटें मिली हैं। इसमें अमेठी रायबरेली का नाम भी है। बसपा के एक पदाधिकारी ने बताया कि अमेठी में हाथी की सवारी करने के लिए कोई भी उम्मीदवार तैयार नहीं है।

## सार संक्षेप

### गेहूं बेचने वाले किसान का फोटो भी लिया जाएगा

**मवाना।** किसानों को उनके उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य पर सरकार ने गेहूं खरीद की व्यवस्था की है। मवाना में तीन क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद की जाएगी। कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में तीन केंद्रों पर गेहूं खरीद की जानी है। उधर भारतीय खाद्य विभाग के केंद्र पर तैनात अफसर कहते है कि मवाना तहसील इस क्षेत्र में अप्रैल माह में 20 दिनों बाद गेहूं की कटाई शुरू हो जाएगी। इसके बाद ही गेहूं खरीद केंद्रों पर बिकने आएगा। प्रदेश सरकार ने इस बार नई व्यवस्था करते हुए एक मार्च से गेहूं खरीद केन्द्र खुलवा दिये है। खरीद केन्द्रों पर ई पोप मशीन पर किसान का अगूंठा लगेगा और साथ ही किसान को फोटो खींचेगा। फोटो खिंचने के 72 घंटे बाद ही कृषक के बैंक खाते में गेहूं मूल्य का धन पहुंच पाएगा। मवाना में इस बार कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में तीनों गेहूं खरीद केन्द्र खोल दिए गए हैं। इनमें भारतीय खाद्य निगम, खाद्य विभाग और आदर्श बहु उद्देश्य कृषि उत्पादन सहकारी समिति का खरीद केंद्र खोला गया है।

### मारपीट के दौरान तमंचा लहरानें का वीडियो वायरल

**फर्रुखाबाद।** मामूली विवाद में ही परिवारिक लोगों में जमकर विवाद व मारपीट हुई। इस दौरान तमंचा भी लहराया गया। जिसका वीडियो किसी नें सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक शहर के मोहल्ला महादेव प्रसाद स्ट्रीट कुचिया निवासी पूर्व सभासद के परिजनों व भतीजों में जमकर विवाद हुआ। विवाद गाड़ी खड़ी करनें का बताया जा रहा है। विवाद के दौरान मारपीट भी हुई। उसी दौरान तमंचा भी लहराया गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। विवाद के बाद दोनों पक्ष कोतवाली आ गए। दोनों पक्षों की तरफ से मददगार भी कोतवाली पंहुचे। पुलिस के सामने भी दोनों पक्षों में नोकझोंक होती रही।

### लेंटर तोड़ने समय छत गिरी, मजदूर की मौत

**फर्रुखाबाद।** लेंटर तोड़ते समय अचानक गिरी छत से एक मजदूर की मौत हो गई जबकि गृह स्वामी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को परिजनों नें निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। थाना क्षेत्र के ग्राम उखरा निवासी श्रीकांत दीक्षित उर्फ भूरे के घर पर लेंटर तोड़ने के का कार्य चल रहा था। उसी दौरान अचानक छत भरभरा कर गिर गई जिससे लेंटर तोड़ रहे मजदूर 22 वर्षीय रजत कठेरिया पुत्र सुभाष चन्द्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि श्रीकांत दीक्षित गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को परिजनों नें फर्रुखाबाद के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया।

### आधा दर्जन भाजपाई सपा में हुए शामिल

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी छोड़कर आए योगेंद्र मिश्रा, आलोक दीक्षित, प्रदीप दीक्षित, राहुल दुबे, ईशान चतुर्वेदी, एवं ओम दीक्षित ने समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के समक्ष सपा की सदस्यता ली।

# खंड विकास कार्यालय में लाखों की चोरी

■ सीसीटीवी कैमरों के तार काट कर दिया घटना को अंजाम

**मवाना,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। सुरक्षा के लिहाज बेहद महत्वपूर्ण इलाके में चोरों ने फिर वारदात को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है। फलावादा रोड स्थित खण्ड विकास कार्यालय परिसर में चोरों ने कई कमरों का तोड़कर लाखों रुपये का सामान पार कर लिया। सीसीटीवी कैमरे में कैद होने से पूर्व चोरों ने कैमरे की वायर काट दी। जानकारी के बाद सोमवार को खंड विकास अधिकारी ने अज्ञात चोरों के खिलाफमुकदमा पंजीकृत कराया। फ्लावादा रोड पर खेडी गांव के समीप खंड विकास कार्यालय है। रविवार को देर रात चोरों ने कार्यालय परिसर में बने कमरो का ताला तोडकर कार्यालय में लगी एक एलईडी, एक यूपीएस, एक सीपीयू, दो इनवर्टर, छह बैट्रो चोरी कर फरार हो गए। सोमवार को सुबह कर्मचारी कार्यालय खोलने के लिए पहुंचा तो सामान बिखरा देखकर उसके होश उड़ गए।

कर्मचारियों ने घटना की सूचना तत्काल आलाधिकारियों, बीडीओ अमरीश कुमार और थाना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मौका मुआयना किया। खंड विकास अधिकारी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा पंजीकृत कराया।

# ग्रीष्म ऋतु में निर्बाध विद्युत आपूति सुनिश्चित करें अधिकारी : ईशा दुहन



■ बिजनेस प्लान व आरडीएसएस के कार्यों की बैठक की अध्यक्षता की

**मेरठ,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. रि प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन ने डिस्कॉम मुख्यालय ऊर्जा भवन मेरठ से आगामी ग्रीष्मऋतु में उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए आयोजित बिजनेस प्लान एवं रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम की वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता की और सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रबन्ध निदेशक ने बिजनेस प्लान के कार्यो की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि सभी 14 जनपदों में विद्युत प्रणाली उच्चीकरणध्सुदृढ़ीकरण के कार्यों को तेजी से पूर्ण कराया जाये। उन्होंने कार्यों की समीक्षा करते हुये कहा कि बिजनेस प्लान के अन्तर्गत बिजलीघरों की क्षमतावृद्धि, विभिन्न क्षमता के वितरण परिवर्तकों की स्थापना, बिजलीघरों के जर्जर तार पोल इत्यादि, वितरण परिवर्तकों की क्षमतावृद्धि आदि कार्य शामिल है।

### परिवर्तकों की क्षतिग्रस्तता दर में कमी आने से राजस्व में वृद्धि होगी

प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि इन कार्यों के पूर्ण हो जाने पश्चात् जहां डिस्कॉम के सभी 14 जनपदों में उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति में गुणात्मक सुधार आयेगा वहीं उपभोक्ताओं को अनवरत विद्युत आपूर्ति संभव हो सकेगी। परिवर्तकों की क्षतिग्रस्तता दर में कमी आने से राजस्व में वृद्धि होगी। विद्युत व्यवधान में कमी आयेगी तथा लो-वोल्टेज की समस्या कम होगी। विद्युत लाईनों एवं परिवर्तकों की अतिभारिता के कारण नये विद्युत संयोजन निर्गत करने में आ रही परेशानियों को दूर करने में सहायक सिद्ध होगी। इन कार्यों के लिए सभी 14 जनपदों में तेजी से कार्य कराए जा रहे है।

# मौन सर्वोत्तम साधना भाव : भूषण महाराज

**मवाना/हस्तिनापुर,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। प्राचीन जैन धर्मनगरी स्थित कैलाश पर्वत दिगम्बर जैन मन्दिर में विश्व की सुख-शान्ति-समृद्धि के लिये 48 दिवसीय भक्तामर विधान पाठ के 44वें दिन सर्वप्रथम विधानाचार्य सुदीप शास्त्री ने मांगलिक मन्त्रों से क्रियाओं का शुभारम्भ किया। तदोपरांत भगवंतो का स्वर्ण कलश अभिषेक डॉ. अर्चना, विनय जैन, रीतू संजय जैन और शान्तिधारा करने का सौभाग्य धर्मचंद, सुनील, अनिल जैन एवं सोनम जैन अनिल जैन अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले दीप का प्रज्जवलन कुसुमलता जैन के द्वारा किया गया। बा.ब्र. सुनीता दीदी ने विश्व के सभी जीव सुखी रहें ऐसी मंगल भावना के साथ शान्तिधारा का उच्चारण किया। विधान के मध्य आयोजित धर्मसभा में गुरूवर 108 भावभूषण मुनिराज ने कहा कि- मौन में बाहर से भी शान्त रहता है और भीतर भी शान्ति रहती है। इसलिए जैन दर्शन में मौन को साधना बताया गया है। मौन रहकर ही नमों को जागृत किया जा सकता है। आदमी मौन को तो स्वीकार करता है परन्तु मुखरता को नहीं।

# वृद्ध महिला के घर पर जबरन कब्जा करने का लगा आरोप

**किठौर,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना किठौर क्षेत्र के ग्राम असीलपुर में एक वृद्धा ने पड़ोस में रहने वाले लोगों पर जबरन घर का रास्ता रोकने व कब्जा करने का आरोप लगाया है। महिला ने तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। किठौर थाना क्षेत्र के गांव असीलपुर निवासी अकबरी पत्नी फारुख वृद्धा ने तरीर में शिकायत करते हुए बताया कि उसके पड़ौस में रहने वाला याकूब पुत्र आस मौहम्मद उर्फलाला व उसके परिवार के लोग महिला के घर के सामने दीवार लगाकर उसका आने जाने का रास्ता बन्द करना चाहते हैं। जब उनसे घर के सामने दीवार लगाकर रास्ता रोकने का विरोध किया तो उसके साथ अभद्रता की गई। इस मामले में पिछले तीन दिन से दोनों परिवार के बीच तनाव बना हुआ है। पिछले कई दिनों से ग्रामीणों द्वारा समझा बूझा कर



मामला शांत कराया जा रहा था। लेकिन आज यानि सोमवार को उक्त लोगों ने फिर से रास्ता बंद करने की कोशिश की।

पीड़िता ने रास्ते बंद करने का विरोध किया तो उसके साथ गाली गलौंच व मारपीट कर दी। बीच बचाव कराने आए महिला के पति फारूख के साथ बुरी तरह मार-पीट की गई। पीड़ित महिला ने बताया शोर शराबा की आवाज सुनकर आस-पड़ोस के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पीड़ित महिला ने किठौर थाने में शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। किठौर इंस्पेक्टर सुनील कुमार का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है यदि इस तरह की कोई तहरीर थाने पर आई है तो जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सीसीएसयू में भारतीय ज्ञान परम्परा का एकीकरण पर कार्यशाला आयोजित

**मेरठ,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के गणित विभाग मे एनईपी के परिपेक्ष्य में गणित के पीजी पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान परम्परा का एकीकरण विषय पर चल रही दो दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन का शुभारम्भ विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर शिवराज सिंह, सीनियर प्रोफेसर मृदुल कुमार गुप्ता, डीन आफ साइंस प्रोफेसर जयमाला, मुख्य वक्ता प्रोफेसर अनिल ठाकुर, विभाग के अन्य प्रोफेसर्स प्रोफेसर मुकेश कुमार शर्मा, डॉ. संदीप कुमार तथा डॉ. सरू कुमारी के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद प्रोफेसर जयमाला प्रथम सत्र की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को बताते हुए कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए सभी को प्रोत्साहित कर कार्यक्रम के प्रथम सत्र की शुरुआत की।

डॉ. अनिल ठाकुर ने गणित की वैदिक परिभाषा, गणित की आधुनिक परिभाषा,वैदिक दर्शन शास्त्र, शूल्व सूत्र, बोधायन सूत्र जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने किया नए सत्र की पुस्तकों का वितरण



- पीएम श्री विद्यालय बहरोड में हुआ विदाई समारोह
- छात्र-छात्राओं को जीवन में और आगे बढने के लिए टिप्स

**माछरा,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। विकास खण्ड माछरा के ग्राम बेहरोड़ा में पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक परीक्षाफल घोषित हुआ। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी कुसम सैनी द्वारा नए सत्र की पुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम का अयोजन पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय बहरोड़ा के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार ने किया। इस समस्त स्टाफ ने बड़े उत्साह से सहयोग किया। इस पावन अवसर पर 8वीं कक्षा के विद्यार्थियो का विदाई समारोह भी हुआ खंड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त अध्यापकों ने सभी बच्चों को आशीर्वाद देकर विदा किया तथा आगे बड़ने को प्ररित किया।

इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय मेहरून के प्रधानाध्यापक प्रेमचंद ने भी बच्चों को प्रेरित करने के लिए अपने विचार रखे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए गाइडलाइन दी। इस मौके पर पवन कुमार, संजय कुमार, सुदीप कुमार, पूनम त्यागी, नसीम खातून, विरासत अली, मनीषा कपूर, तसरीफ अली ने भी बच्चों को पढ़ाई के टिप्स दिए।

**आयोजन** | *सुभारती विश्वविद्यालय में एलुमनाई अवॉर्ड समारोह का हुआ आयोजन*

# पूर्व छात्रों को प्रोत्साहित करना एलुमनाई अवॉर्ड का उद्देश्य : घई

**मेरठ,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में एलुमनाई अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मांगल्य प्रेक्षागृह में किया गया। मुख्य अतिथि देश के जाने माने पत्रकार व प्रबंधन विशेषज्ञ एन. रघुरामन ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एन. रघुरामन, कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल, प्रशिक्षक निर्मल भट्नागर, कार्यक्रम संयोजक डॉ.आर.के.घई, सह संयोजक डॉ. सुमित गोयल, प्रतिकुलपति डॉ.अभय शंकरगौड़ा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान फाइन आर्ट कॉलेज के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम संयोजक डीन एवं डायरेक्टर फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एण्ड कॉमर्स डॉ. आर.के. घई ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि एलुमनाई अवार्ड का उद्देश्य विश्वविद्यालय से पास होकर विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे पूर्व छात्रों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के 9 पुरातन छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें डेंटल कॉलेज के डॉ. विवेक गौरव, फिजिकल एजुकेशन के डॉ. नमन कुमार सारस्वत, फार्मेसी कॉलेज के डॉ. सोमकेतु त्यागी, फिजियोथैरेपी कॉलेज के डॉ. सचिन गोयल, परफॉर्मिंग आर्ट से डॉ. रक्षा सिंह डेविड, नर्सिंग कॉलेज से डॉ.



■ विश्वविद्यालय के नौ पुरातन छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर किया गया सम्मानित

जुबेर, नर्सिंग कॉलेज से ही डॉ. रजनी इमानवेल, लॉ कॉलेज से मि रमिस्ठधर द्विवेदी एवं लॉ कॉलेज से ही मिस दिव्या चिनदेलिया को सम्मानित किया गया। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी. के. थपलियाल ने कहा कि एलुमनाई विद्यार्थी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधि होता है, जो अपनी योग्यता से कार्य कर अपना व विश्वविद्यालय का नाम रोशन करता है। उन्होंने कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के साथ एक परिवार के रूप में हमेशा रिश्ता रखता है ताकि कोर्स पूर्ण होने के बाद विद्यार्थी को अगर किसी मार्ग दर्शन की आवश्यकता पड़े तो विवि के शिक्षक उसे सही परामर्श दे सके। उन्होंने बताया कि सुभारती विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों में कौशल विकास के गुण स्थापित कर रहा है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने कार्यक्रम की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के शिखर पर पहुंचने के लिए मेहनत, ईमानदारी एवं लगन का होना आवश्यक है। एलुमनाई ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सुमित गोयल ने एलुमनाई एनुअल रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय करियर काउंसलिंग सेल के वार्षिक न्यूज लेटर आरोहन का अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि एन. रघुरामन ने कहा कि खुद पर विश्वास के साथ सकारात्मक भाव से आगे बढ़ने वाले व्यक्ति को सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने सम्मान मिलने वाले एलुमनाई विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि छात्र जीवन का यह सबसे महत्वपूर्ण क्षण होता है, जब विद्यार्थियों को पास होने के बाद बुलाकर उनकी योग्यता को सराहा जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने अंदर विचारां को पैदा करना चाहिए उसके बाद लक्ष्य निर्धारित करके उसकी प्राप्ति हेतु कठिन परिश्रम करे। उन्होंने प्रबन्धन के गुर बताते हुए कहा शिक्षा, उद्योग तथा व्यापार जैसे क्षेत्रों में प्रबंधन का अपना महत्व है। प्रबन्धन के द्वारा समस्त मानवीय एवं भौतिक संसाधनों की व्यवस्था तथा उनका अधिकतम उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु अपनी शुभकामनाएं दी। अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। मंच का संचालन डॉ.पद्मा मिश्रा ने किया।




देशबन्धु नई दिल्ली, मंगलवार, 2 अप्रैल, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# लोकसभा चुनाव में तीसरा मोर्चा कर सकता है नुकसान

## राजनीतिक परिस्थितियों में दलितों व मुस्लिमों का दमन, उत्पीड़न व अन्याय बढ़ा

**लखनऊ,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन धीरे-धीरे बिखर रहा है। अब, इससे अलग हुए दल तीसरे मोर्चे के रूप में एकजुट हो रहे हैं। राजनीतिक जानकार बताते हैं कि यह तीसरा गुट उत्तर प्रदेश में विपक्ष के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। लोकसभा चुनाव से पहले सपा के अंदर रार मची हुई है। अब विधानसभा में मिलकर चुनाव लड़ने वाले लोग भी सपा से हाथ झटककर भाग रहे हैं। जंयत चौधरी का साथ छोड़ना अखिलेश यादव के लिए बड़ा झटका साबित हो रहा है। 2022 का विधानसभा चुनाव भी अखिलेश और जयंत मिलकर लड़े थे। अब जयंत चौधरी एनडीए के साथ हैं।

सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर और कद्दावर पिछड़े नेता दारा सिंह चौहान भी अखिलेश यादव का साथ छोड़कर चले गए। अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल ने भी सपा का साथ छोड़ दिया है। संजय चौहान ने भी सपा से अपना पल्ला झाड़ लिया है। चुनाव से पहले बन रहे इस मोर्चे में कुछ छोटे दल भी साथ आए हैं। यह मोर्चा लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ ही मुख्य विपक्षी दल सपा को भी घेरेगा। अपना दल कमेरावादी की नेता और विधायक पल्लवी पटेल ने कहा कि हमने प्रदेश में नया राजनीतिक विकल्प पेश किया है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में अन्य पिछड़ा वर्ग की अनेक जातियों, दलितों एवं मुस्लिमों का दमन, उत्पीड़न व अन्याय बढ़ा है। सरकार की कार्यशैली एवं मुख्य विपक्ष का इन सवालों पर पीछे हटना नए राजनीतिक विकल्प की मांग कर रहा था। इसलिए हम जनभावना के अनुरूप नए राजनीतिक विकल्प की ओर आगे बढ़े।



राजनीतिक जानकार अमोदकांत मिश्रा कहते हैं कि यूपी से तीसरा मोर्चा चुनाव में सत्तारूढ़ दल से ज्यादा विपक्ष का ही नुकसान करेगा। यह लोग उनके ही वोटबैंक को डेंट करेंगे। इसमें ज्यादातर सपा से नाराज हैं। मुस्लिम वोटों में सेंधमारी के लिए ओवैसी की पार्टी आगे आई है। इस वोट बैंक के लिए सपा ने एड़ी-चोटी का जोर लगाया है। मुख्तार अंसारी के गुजरने के बाद सपा नेताओं की प्रतिक्रिया इस बात का इशारा कर रही है। ओवैसी लगातार इस मुद्दे को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। बात अगर कुर्मी वोट की करें तो उसकी कवायद में सारे दल लगे हैं। लेकिन, अनुप्रिया के बाद पल्लवी भी इस वोट बैंक को अपने पाले में खींचने में लगी हैं।

**तापमान बढ़ने से लोकसभा चुनाव में बढ़ी सरगर्मी**

# छोटे दलों की दांव पर प्रतिष्ठा लोकसभा चुनाव में बढ़ेगी 'मुश्किल'

**पटना,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार में तापमान बढ़ने के साथ ही लोकसभा चुनाव को लेकर भी सरगर्मी बढ़ने लगी है। इस चुनाव में बढ़त पाने को लेकर सभी राजनीतिक दल एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। इस चुनाव को लेकर छोटे दलों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। दरअसल, इस चुनाव में छोटे दलों को बड़े दलों ने पहले से कम तरजीह दी है और जितनी सीटें मिली भी उसमें अब उन्हें अपनी प्रतिष्ठा को बचाए रखने की चुनौती है। इस चुनाव में एनडीए में शामिल उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को एक-एक सीट मिली है। पिछले चुनाव में ये दोनों दल महागठबंधन के साथ थे, तब, कुशवाहा की पार्टी रालोसपा को पांच सीटें मिली थी। जबकि, हम को तीन सीटें मिली थी। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) अभी तक गठबंधन के इंतजार में है। जबकि, पिछले चुनाव में इसे तीन सीटें मिली थी। वामपंथी दलों की बात करें तो पिछले चुनाव में भाकपा (माले) चार, भाकपा दो और माकपा एक सीट पर चुनाव लड़ी थी। इस चुनाव में महागठबंधन में शामिल भाकपा (माले) को तीन तथा भाकपा और माकपा को एक-एक सीट मिली है। वैसे, वीआईपी सूत्रों का कहना है कि पार्टी चुनाव मैदान में जरूर उतरेगी। कहा जा रहा है कि पार्टी का अगर किसी दल के साथ समझौता नहीं होता है तो पार्टी 35 से अधिक सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी।



- **भाकपा (माले) को तीन तथा भाकपा और माकपा को मिली है एक-एक सीट**

# सीपीआई ने इंडिया गठबंधन से नाता तोड़ चार सीटों पर उतारे प्रत्याशी

**रांची,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने झारखंड में इंडिया गठबंधन से नाता तोड़कर चार सीट- चतरा, लोहरदगा, पलामू और दुमका में अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं। पार्टी की प्रदेश इकाई ने गठबंधन में एक भी सीट नहीं मिलने पर यह फैसला किया।

पार्टी की ओर से आधिकारिक तौर पर जारी पत्र के अनुसार, पलामू से अभय भुइयां, लोहरदगा से महेंद्र उरांव, चतरा से अर्जुन कुमार और दुमका से राजेश कुमार किस्कू प्रत्याशी बनाए गए हैं।

पार्टी के सचिव महेन्द्र पाठक और पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने बताया कि पार्टी कुछ और सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी और अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रमोद कुमार पांडेय ने कहा कि पहले हमारी पार्टी इंडिया गठबंधन का हिस्सा थी, लेकिन अब हम स्वतंत्र रूप से झारखंड के चुनाव मैदान में हैं। हमने गठबंधन के तहत सिर्फ एक सीट हजारीबाग देने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उन्होंने इसे नहीं माना। हमारी पार्टी की राष्ट्रीय परिषद ने राज्य कमेटी को इसपर निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया था।



हजारीबाग सीट पर सीपीआई के भुवनेश्वर मेहता वर्ष 1991 और 2004 में चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इसी आधार पर पार्टी इस सीट पर दावेदारी कर रही थी। इंडिया गठबंधन में इस बार हजारीबाग सीट कांग्रेस को दी गई है, जहां से मांडू क्षेत्र के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल प्रत्याशी बनाए गए हैं। गठबंधन ने राज्य में सीट शेयरिंग का जो फॉर्मूला तैयार किया है, उसमें वामपंथी दलों में मात्र सीपीआई एमएल को कोडरमा की एक सीट दी गई है। इस सीट पर बगोदर क्षेत्र के सीपीआई एमएल विधायक विनोद सिंह प्रत्याशी बनाए गए हैं।

# महाराष्ट्र : पूर्वी विदर्भ की पांच लोकसभा सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला

**मुंबई,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्वी विदर्भ की पांच लोकसभा सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला होगा, जहां 19 अप्रैल को मतदान होना है। राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 97 प्रतियोगी मैदान में हैं, लेकिन इन पांच निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस, भाजपा, शिवसेना और बसपा सहित मान्यता प्राप्त दलों के उम्मीदवारों के बीच मुकाबले की उम्मीद है।

रामटेक निर्वाचन क्षेत्र में मान्यता प्राप्त दलों के तीन उम्मीदवारों में राजू परवे (शिवसेना), श्यामकुमार बर्वे (कांग्रेस) और संदीप मेश्राम (बसपा) शामिल हैं, हालांकि गैर-मान्यता प्राप्त दलों से 13 और 12 निर्दलीय हैं। रामटेक में कांग्रेस ने रश्मि बर्वे को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन उनका जाति प्रमाणपत्र अवैध घोषित कर दिया गया था। अब उनके पति चुनावी मैदान में हैं। नागपुर में भाजपा उम्मीदवार नितिन गडकरी, विकास ठाकरे (कांग्रेस) और योगेश लांजेवार (बसपा) मान्यता प्राप्त दलों से हैं, इसके अलावा 13 गैर-मान्यता प्राप्त और 10 निर्दलीय उम्मीदवार हैं। भंडारा-गोंदिया निर्वाचन क्षेत्र में 18 उम्मीदवारों में सुनील मेंढे (भाजपा), प्रशांत पडोले (कांग्रेस) और संजय कुंभलकर (बसपा) मान्यता प्राप्त दलों से हैं, जबकि 4 गैर-मान्यता प्राप्त और 11 निर्दलीय हैं। इसके अलावा, अशोक नेते (भाजपा), करसन नामदेव (कांग्रेस) और योगेश होन्नाडे (बसपा) के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा, हालांकि गैर-मान्यता प्राप्त दलों के 4 अन्य उम्मीदवार और 3 निर्दलीय उम्मीदवार हैं। चंद्रपुर में 15 उम्मीदवारों में से प्रतिभा धानोरकर (कांग्रेस), सुधीर मुनगंटीवार (भाजपा और राजेंद्र रामटेके (बसपा) मान्यता प्राप्त दलों से हैं, जबकि 9 गैर मान्यता प्राप्त और 3 निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस. चोकलिंगम के अनुसार, इन पांच निर्वाचन क्षेत्रों में 95,54,667 मतदाता 10,652 मतदान केंद्रों के माध्यम से अपना वोट डालेंगे।



- **97 उम्मीदवार मैदान में उतरे**
- **गैर-मान्यता प्राप्त दलों से 13 उम्मीदवार**

### 8 लोस क्षेत्रों में दूसरे चरण में होगी शुरुआत

जहां तक राज्य में 8 लोकसभा क्षेत्रों में दूसरे चरण की शुरुआत की बात है, चोकलिंगम ने कहा कि नामांकन दाखिल करना 28 मार्च को शुरू हुआ और नाम वापस लेने की तारीख 8 अप्रैल है। बुलढाणा, अकोला सहित इन 8 सीटों पर मतदान होगा। अमरावती, वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी में 26 अप्रैल को मतदान होना है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों की संख्या 2019 में 96,640 और 2014 में 90,386 के मुकाबले 2024 में बढ़कर 98,114 हो गई है।

# 'स्वीप' बढ़ाएगा नोएडा मतदान प्रतिशत

- **लाउड स्पीकर पर गाना बजाकर किया जा मतदाताओं को जागरूक**
- **धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा से प्रभावित हुए बिना निर्भीक होकर मतदान करें**

**नोएडा,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला प्रशासन का इस बार लक्ष्य नोएडा और ग्रेनो वेस्ट में मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। इसी के तहत निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्वीप (सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिशिपेशन) के माध्यम से लोगो को मतदान के लिए जागरूक करने का काम शुरू किया गया है। नोएडा में इसकी कमान प्राधिकरण के वर्क सर्किल दस वरिष्ठ प्रबंधक प्रवीन सलोनिया को स्वीप का नोडल अधिकारी बनाकर शुरू की है, जिसके तहत हाइराइज सोसायटियों के बाहर मतदान बढ़ाने के लिए मतदाताओं में जोश भरने का काम शुरू किया गया है। यहां लाउड स्पीकर के अलावा, डोर टू डोर गाड़ियों में लगे स्पीकर के जरिए मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है। इसके अलावा आईएसटीएमएस के जरिए सड़कों पर लगाए गए स्क्रीन और स्पीकरों के जरिए भी मतदाताओं को जा्गरुक किया जाएगा। स्वीप के जरिए कहा जा रहा है कि धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्भीक होकर मताधिकार का प्रयोग करें। स्वीप के नोडल अधिकारी प्रवीन सलोनिया ने बताया कि स्थानीय चुनावों के लिए मतदान प्रतिशत में वृद्धि महत्वपूर्ण है। नोएडा में ऐसे करीब 35 हाइराइज सोसायटियों के गेट पर ही मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही कार्यक्रम व नुक्कड़ नाटक के जरिये भी लोगों को जागरूक करने का काम शुरू किया जाएगा। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों को देखा जाए तो नोएडा में सबसे कम मतदान प्रतिशत रहा है। ऐसे में अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए घरों से निकालने का काम किया जा रहा है, जिससे मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके।

**2019 लोकसभा में किस विधानसभा में कितना मतदान प्रतिशत रहा**

| विधान सभा | 2019 | 2014 |
|---|---|---|
| जेवर | 68.40 प्रतिशत | 61.6 प्रतिशत |
| खुर्जा | 64 प्रतिशत | 54.6 प्रतिशत |
| दादरी | 63.30 प्रतिशत | 63.1 प्रतिशत |
| सिंकदराबाद | 62.50 प्रतिशत | 64.3 प्रतिशत |
| नोएडा | 53.6 प्रतिशत | 55.4 प्रतिशत |

**पिछले तीन लोकसभा चुनाव में गौतमबुद्धनगर का मतदान प्रतिशत**

| वर्ष | कुल मतदान | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 2009 | 738984 | 48.54 |
| 2014 | 1199365 | 60.39 |
| 2019 | 1393141 | 60.49 |

# लोकसभा चुनाव : नोएडा में इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर से रखी जाएगी नजर

**प्रशासन की जिले में चप्पे चप्पे पर पैनी नजर**

**नोएडा,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए नोएडा में इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर तैयार किया गया है। इस सेंटर से पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन दोनों ही जिले में चप्पे चप्पे पर पैनी नजर रखेंगे और किसी भी गड़बड़ी की आशंका में तुरंत कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष वर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव की तैयारी के चलते जिले में इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर तैयार किया गया है। इसमें पुलिस और जिला प्रशासन की ज्वाइंट टीम शहर भर में नजर रख रही है। उन्होंने बताया कि सी-विजिल ऐप, डायल 112, पुलिस कंट्रोल रूम, सोशल मीडिया कंट्रोल रूम सहित अन्य माध्यमों से भी नज़र रखी जा रही है।



अगर कोई भी सी-विजिल ऐप में शिकायत करता है तो 100 मिनट में उस शिकायत का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में 120 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं जो अलग-अलग जगह पर मौजूद रहेंगे। इसके साथ 27 फ्लाइंग स्क्वाड टीम, 27 स्टैटिक टीम भी तैनात की गई है।

गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया 28 मार्च से शुरू हो चुकी है। आयोग द्वारा द्वितीय चरण के लिए नामांकन करने के लिए अंतिम तिथि 4 अप्रैल, 2024 है।

# महाराष्ट्र की छह सीटों पर भाजपा व शिवसेना के बीच गतिरोध जारी

**मुंबई,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। भाजपा और शिवसेना के बीच ठाणे, पालघर, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, नासिक, संभाजीनगर और धाराशिव सहित छह लोकसभा सीटों को लेकर गतिरोध जारी है। समस्या को सुलझाने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और देवेन्द्र फडणवीस के बीच अब तक तीन दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन कोई सहमति नहीं बन पाई है। दोनों ही दल इन सीटों पर जीत की संभावना का दावा करते हुए अपने रुख पर अडिग हैं। दोनों दलों के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि सीएम शिंदे और डिप्टी सीएम फडणवीस ने संकेत दिया है कि अब इसका समाधान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हस्तक्षेप के बाद ही निकल पाएगा। इन छह सीटों में से, जून 2022 में विभाजन के बाद ठाणे पर शिवसेना यूबीटी का, पालघर पर शिवसेना (एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में) का, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग पर शिवसेना यूबीटी का, नासिक पर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का, हाल तक उस्मानाबाद कहे जाने वाले धाराशिव पर शिवसेना यूबीटी और संभाजीनगर पर एआईएमआईएम का कब्जा है। भाजपा ने ठाणे, पालघर, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, संभाजीनगर और नासिक पर दावा किया है, जबकि शिंदे गुट भी इन सीटों पर अपना दावा ठोक रहा है। दोनों ही दल मोदी लहर और मोदी की गारंटी पर सवार होकर अपनी जीत की संभावनाओं का दावा करते हैं।



सीएम शिंदे प्रतिष्ठा का सवाल मानकर ठाणे सीट छोड़ने को तैयार नहीं हैं। ठाणे सीएम शिंदे का गृह क्षेत्र है। दूसरी ओर, भाजपा का कहना है कि शिवसेना में विभाजन के बाद, शिंदे गुट के पास शिवसेना यूबीटी के वर्तमान सांसद राजन विचारे को टक्कर देने के लिए कोई मजबूत उम्मीदवार नहीं है। उद्योग मंत्री उदय सामंत और उनके भाई किरण सामंत का रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग सीट भाजपा के लिए न छोड़ने को लेकर सीएम शिंदे पर भारी दबाव है। उनका कहना है कि इस सीट पर अपनी पार्टी का उम्मीदवार खड़ा करना चाहिए। लेकिन भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे खुद इस सीट से उम्मीदवार बनने को इच्छुक हैं। उन्हें उम्मीद है कि वह यह सीट शिवसेना यूबीटी से छीन सकते हैं।

पालघर में भी भाजपा अपनी बढ़ती उपस्थिति के साथ-साथ आरएसएस और उससे जुड़े संगठनों के काम के कारण जीतने को लेकर आश्वस्त है। भाजपा को पालघर में हितेंद्र ठाकुर के नेतृत्व वाली बहुजन विकास अघाड़ी से समर्थन की उम्मीद है। इसी तरह, हाल तक औरंगाबाद कहे जाने वाले संभाजीनगर में शिंदे गुट ने पार्टी के मंत्री संदीपन भामरे या मराठा आरक्षण आंदोलन के कार्यकर्ता विनोद पाटिल को उम्मीदवार बनाने पर विचार कर रहा है। दूसरी ओर, भाजपा भी इस सीट पर अपनी जीत को लेकर आश्वस्त है। पार्टी का मानना है कि वह विभाजित विपक्ष और शिवसेना यूबीटी की गुटबाजी का फायदा उठा सकती है। केंद्रीय मंत्री भागवत कराड संभाजीनगर में भाजपा के संभावित उम्मीदवार हैं। शिवसेना यूबीटी ने पूर्व सांसद चंद्रकांत खैरे को अपना उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है।

इसके अलावा, अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के नासिक पर दावे ने सीट-बंटवारे की प्रक्रिया को और अधिक जटिल बना दिया है। राकांपा मंत्री और समता परिषद के संस्थापक छगन भुजबल ने दावा किया है कि उनकी उम्मीदवारी का प्रस्ताव किसी और ने नहीं, बल्कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने किया है। मौजूदा सांसद हेमंत गोडसे ने सीट-बंटवारे की प्रतीक्षा किए बिना अपना अभियान शुरू कर दिया है, जबकि भुजबल को अपनी पार्टी से टिकट मिलने का भरोसा है।

भुजबल ने स्पष्ट कर दिया है कि वह नासिक सीट पर भाजपा के कमल पर नहीं, बल्कि अपनी पार्टी के घड़ी चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ेंगे। लेकिन भाजपा उनका समर्थन नहीं कर रही। जहां तक धाराशिव सीट का सवाल है, शिवसेना यूबीटी ने पहले ही मौजूदा सांसद ओमराजे निंबालकर को अपना उम्मीदवार बनाया है।

उन्होंने चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है। यहां से भाजपा की ओर से पार्टी विधायक और पूर्व मंत्री राणा पाटिल के मैदान में उतरने की संभावना है। जबकि शिंदे गुट को एक उपयुक्त उम्मीदवार ढूंढना मुश्किल हो रहा है, जो ओम राजे निंबालकर को टक्कर दे सके। अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा को धाराशिव सीट मिलने की उम्मीद है। इसके लिए पार्टी ने पहले ही तीन नामों को शॉर्टलिस्ट कर लिया है। इनमें पार्टी विधायक सतीश चव्हाण और विक्रम काले व जिला पदाधिकारी सुरेश बिराजदार शामिल हैं।

# हेमा मालिनी को ओलंपियन विजेंदर सिंह देंगे चुनौती

**मथुरा,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी की सांसद और सिनेस्टार हेमा मालिनी को लोकसभा चुनाव में मथुरा में कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा। 75 वर्षीय अभिनेत्री नरेंद्र मोदी सरकार की छवि और काम पर बहुत अधिक निर्भर हैं, साथ ही उन्हें ब्रज मंडल में चल रही हिंदुत्व लहर पर भी भरोसा है।

**हेमा मालिनी के खिलाफ बॉक्सर विजेंदर सिंह व सुरेश सिंह मैदान में**

हेमा मालिनी के खिलाफ इंडिया गठबंधन से ओलंपियन बॉक्सर विजेंदर सिंह और बहुजन समाज पार्टी से पूर्व-आईआरएस अधिकारी सुरेश सिंह मैदान में हैं।

इस निर्वाचन क्षेत्र में जाट वोटों का बड़ा हिस्सा, लगभग पांच लाख वोट हैं। हेमा मालिनी लोकप्रिय बॉलीवुड स्टार धर्मेंद्र की पत्नी होने के नाते जाट समुदाय के समर्थन का दावा करती हैं।

बॉक्सर विजेंदर सिंह हरियाणा के भिवानी से आते हैं, लेकिन मथुरा का प्रतिनिधित्व करने के इच्छुक हैं। बसपा के सुरेश सिंह सेवानिवृत्ति के बाद मथुरा में एक शैक्षणिक संस्थान के प्रमुख हैं और अपने शैक्षणिक और सामाजिक कार्यों के कारण उनकी छवि साफ-सुथरी है।



हेमा मालिनी मथुरा और वृंदावन की रूपरेखा बदलने और कई बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं को शुरू करने में बहुत सक्रिय रही हैं। उनके नेतृत्व में मथुरा वृन्दावन तीर्थ विकास बोर्ड ने एक दर्जन विकास कार्य किए हैं।

श्रीकृष्ण भक्त हेमा मालिनी मथुरा से सांसद के रूप में अपने कार्यकाल में अपने अधूरे एजेंडे को पूरा करने की इच्छुक हैं। लेकिन स्थानीय लोगों की शिकायतों की एक लंबी सूची भी है, जिनमें प्रमुख यह है कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र की तुलना में मुंबई में ज्यादा समय बिताती हैं। कई लोग उन्हें वृन्दावन, गोवर्धन और बरसाना में यमुना की सफाई, औद्योगिक विकास और भीड़ प्रबंधन जैसे लंबे समय से लंबित स्थानीय मुद्दों को हल करने में विफलता के लिए दोषी मानते हैं।

हालांकि स्थानीय भाजपा नेतृत्व उत्साहित है, क्योंकि रालोद के जयंत चौधरी, जो 2014 में हेमा मालिनी से हार गए थे, अब एनडीए के साथ गठबंधन के कारण उनके समर्थन में हैं।

गौरतलब है कि जयंत चौधरी 2009 में भाजपा के समर्थन से जीते थे, लेकिन 2014 में हार गए थे।

मथुरा के वरिष्ठ पत्रकार पवन गौतम कहते हैं, 'लोग इस बार मोदी के नेतृत्व वाली पार्टी को वोट देंगे, उम्मीदवारों को नहीं, इसलिए जिसे भी टिकट मिलेगा वह आराम से जीत जाएगा।' उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 27 मार्च को मथुरा में स्थानीय बुद्धिजीवियों को संबोधित करते हुए चुनाव प्रचार शुरू किया। उन्होंने संकेत दिया कि मथुरा अब ध्यान का केंद्र होगा और वृन्दावन की संकरी गलियां बदलाव की हकदार हैं। मथुरा में 26 अप्रैल को मतदान है।

# अर्थ जगत

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 4.81 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 4.62 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 2.38 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.88 प्रतिशत |
| एलटी | 1.66 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाइटन | 1.76 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.43 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.82 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.77 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.45 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 69,487 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74750 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 850 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5800-5900 |
| दाल चना | 6800-6900 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10200-10300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 11800-11900 |

## पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# 10 वर्षों में भारतीय बैंकिंग सिस्टम मजबूत व टिकाऊ बन गया : मोदी

- बैंकिंग सिस्टम में बदलाव बना अध्ययन का विषय
- कई लोगों को फिजिकल बैंकिंग तो कुछ को डिजिटल बैंकिंग पसंद
- आरबीआई ने अपने 90 साल पूरे किए



> जो बैंकिंग सिस्टम कभी डूबने की कगार पर था वह अब प्रॉफिट में आ गया है और क्रेडिट में रिकॉर्ड वृद्धि दिखा रहा है : नरेन्द्र मोदी

> एक संस्था के रूप में आरबीआई का विकास भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है : शक्तिकांत दास

**मुंबई,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि पिछले 10 वर्षों में जो बदलाव हुआ है उसके कारण आज भारत के बैंकिंग सिस्टम को दुनिया में एक मतबूज और टिकाऊ सिस्टम माना जा रहा है तथा जो बैंकिंग सिस्टम कभी डूबने की कगार पर था वह बैंकिंग सिस्टम अब प्रॉफिट में आ गया है और क्रेडिट में रिकॉर्ड वृद्धि दिखा रहा है।

प्रधानमंत्री ने यहां भारतीय रिजर्व बैक के 90वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जब नियत सही होती है तो नीति सही होती है, जब नीति सही होती है तो निर्णय सही होते हैं और जब निर्णय सही होते हैं तो नतीजे सही मिलते हैं। उन्होंने कहा कि मैं जब 2014 में रिजर्व बैंक की 80 वर्ष के कार्यक्रम में आया था तब हालत एकदम अलग थे। भारत का पूरा बैंकिंग सेक्टर समस्याओं और चुनौतियों से जूझ रहा था। एनपीए को लेकर भारत के बैंकिंग सिस्टम की स्थिरता और उसके भविष्य को लेकर हर कोई आशंका से भरा हुआ था। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है।

मोदी ने कहा कि कैसे देश का बैकिंग सिस्टम बदला ये अपने आप में एक अध्ययन का विषय है। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को सुधारने की दिशा में बड़े कदम उठाए। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में जो हुआ वो तो सिर्फ ट्रेलर है, अभी तो बहुत कुछ करना है। अभी तो हमें देश को बहुत आगे ले जाना है। बहुत जरूरी है कि हमारे पास अगले 10 का लक्ष्य स्पष्ट हो। अगले 10 साल के लक्ष्य को तय करते हुए हमें एक बात और ध्यान रखनी है, वह है भारत के युवाओं की आकांक्षायें। भारत आज दुनिया के सबसे युवा देश में से एक है इस युवा आकांक्षा को पूरा करने में रिजर्व बैंक का अहम रोल है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में इनोवेशन का बहुत बड़ा महत्व रहने वाला है। सरकार इनोवेशन पर रिकॉर्ड निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें कैशलेस इकोनॉमी से आ रहे बदलावों पर नजर रखनी होगी। इतनी बड़ी जनसंख्या की बैंकिंग जरूरतें भी अलग-अलग हो सकती है। कई लोगों को फिजिकल बैंकिंग तो कई को डिजिटल बैकिंग पसंद हैं। देश को ऐसी नीति बनाने की जरूरत है जिससे लोगों को सुविधा हो। जिस देश की प्राथमिकता स्पष्ट हो उसे प्रोगेस करने से कोई नहीं रोक सकता है। हमने कोरोना के साथ सामान्य नागरिक के जीवन पर भी ध्यान दिया। यही वजह है कि भारत का सामान्य नागरिक भी भारत की अर्थव्यवस्था को गति दे रहा है, जबकि दुनिया के कई देश अभी इससे उबरने की कोशिश कर रहे हैं।

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पहचान, समाधान और पुनर्पूंजीकरण (श्री आर) की रणनीति पर काम किया है। साथ ही सरकार ने हालत सुधारने के लिए 3.5 लाख करोड़ रुपये का पूंजी निवेश किया। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने शासन-संबंधी सुधार किए। दिवाला और दिवालियापन संहिता की नई प्रणालियों के साथ लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपए के ऋणों का समाधान किया गया।

## मार्च में जीएसटी राजस्व 1.78 लाख करोड़ के पार





- फरवरी 2024 में जीएसटी राजस्व संग्रह 1,68,337 करोड़ रुपए रहा
- मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष में जीएसटी संग्रह 20.14 लाख करोड़ रहा

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह मार्च 2024 में 1.78 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है और यह मार्च 2023 में संग्रहित 1.60 लाख करोड़ रुपए से करीब 11.5 प्रतिशत अधिक है।

फरवरी 2024 में जीएसटी राजस्व संग्रह 1,68,337 करोड़ रुपए रहा था। मार्च 2024 वित्त वर्ष 2023-24 में 10वां ऐसा महीना है जब जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। मई 2023 और अगस्त 2023 में जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपए से कुछ कम रहा था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल में यह सबसे अधिक 1,87,035 करोड़ रुपए रहा था। चालू वित्त वर्ष में औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।

वित्त मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी जीएसटी के आंकड़ों के अनुसार मार्च 2024 में कुल जीएसटी संग्रह 1,78,484 करोड़ रुपए रहा है। इसमें सीजीटी 34532 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 43746 करोड़ रुपए, आईजीएसटी 87947 करोड़ रुपए है, जिसमें आयात पर संग्रहित 40322 करोड़ रुपए भी शामिल है। इसके साथ ही जीएसटी क्षतिपूर्ति कर के तौर पर 12259 करोड़ रुपए, जिसमें आयात पर संग्रहित 996 करोड़ रुपए भी शामिल है।

सरकार ने नियमित निपटान के तहत आईजीएसटी में से सीजीएसटी में 43264 करोड़ रुपए और एसजीएसटी में 37704 करोड़ रुपए दिए है।

## जिंस बाजार में खाद्य तेल व दाल-दलहन में रहा मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव



स्थिर रहे। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 93 रिंगिट चढ़कर 4418 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.50 सेंट की तेजी के साथ 48.45 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 74 रुपए और सूरजमुखी तेल 146 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि पाम ऑयल में 66 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान मसूर दाल 50 रुपए और अरहर दाल 300 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, चना, दाल चना, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ ।

## आरबीआई ने बैंकों को एसएचजी के लिए ऋण प्रक्रिया आसान करने के दिए निर्देश





> एसएचजी को दिए गए ऋण को कृषि, एमएसएमई जैसी संबंधित श्रेणियों के तहत पीएसएल के तहत वर्गीकृत करने की अनुमति है : आरबीआई

**मुंबई,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को सभी बैंकों को स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के लिए ऋण की प्रक्रिया आसान बनाने और इसके लिए अपनी-अपनी शाखाओं को प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया।

आरबीआई ने बैंकों को जारी अपने मास्टर सर्कुलर में कहा है कि एसएचजी के कामकाज के ग्रुप डायनेमिक्स को न तो विनियमित करने की आवश्यकता है और न ही औपचारिक संरचनाओं को लागू करने या उन पर जोर देने की। एसएचजी के वित्तपोषण के प्रति दृष्टिकोण पूरी तरह से परेशानी मुक्त होना चाहिए और इसमें उपभोग व्यय भी शामिल हो सकते हैं। तदनुसार, बैंकिंग क्षेत्र के साथ एसएचजी के प्रभावी लिंकेज को सक्षम करने के लिए दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए।

सर्कुलर में कहा गया है कि 25 हजार तक के प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण पर कोई ऋण-संबंधी और तदर्थ सेवा शुल्क या निरीक्षण शुल्क नहीं लगाया जाना चाहिए। एसएचजी-जेएलजी को पात्र प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण के मामले में, यह सीमा प्रति सदस्य लागू होगी, न कि पूरे समूह पर।

आरबीआई ने यह भी बताया है कि एसएचजी को दिए गए ऋण को कृषि, एमएसएमई आदि जैसी संबंधित श्रेणियों के तहत प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण (पीएसएल) के तहत वर्गीकृत करने की अनुमति है। सर्कुलर में आगे कहा गया है कि पंजीकृत या अपंजीकृत एसएचजी, जो अपने सदस्यों के बीच बचत की आदतों को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं, बैंकों में बचत बैंक खाते खोलने के लिए पात्र हैं। सर्कुलर में कहा गया है कि 'एसएचजी को बैंक ऋण' को प्रत्येक बैंक की शाखा क्रेडिट योजना, ब्लॉक क्रेडिट योजना, जिला क्रेडिट योजना और राज्य क्रेडिट योजना में शामिल किया जाना चाहिए।

### सार संक्षेप

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बनाए बिक्री के नए रिकार्ड

**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने मार्च माह में 27,180 वाहनों और वित्तीय वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में कुल 2,63,512 वाहनों की बिक्री के साथ एक वित्तीय वर्ष और एक माह में थोक बिक्री के अपने नए रिकार्ड बनाए हैं। कंपनी ने सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि मार्च, 2024 में कंपनी ने 27,180 वाहन बेचे। यह पिछले साल के इसी माह के 21,783 वाहनों की बिक्री की तुलना में 25 प्रतिशत वृद्धि दर्शाती है। विज्ञप्ति के अनुसार मार्च माह में कंपनी ने घरेलू थोक बाजार में 25,119 इकाइयों की बिक्री की जबकि 2061 वाहनों का निर्यात किया गया। इसी तरह कंपनी की वार्षिक बिक्री वर्ष 2022-23 के 1,77,683 मुकाबले वर्ष 2023-24 में 48 प्रतिशत 2,63,512 रही।

## सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**मुंबई।** मध्य एशिया में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने और यूएस फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती के संकेत के कारण सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें बढ़कर 2,263.53 डॉलर प्रति औंस के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। अंतरराष्ट्रीय बाजार की तेजी को देखते हुए भारत में एमसीएक्स सोने की कीमत (अप्रैल 2024 की समाप्ति के लिए सोना वायदा अनुबंध) सोमवार को शुरुआती कारोबार में 69,487 रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। सुबह 11:26 बजे यह 68,828 रुपए के आसपास थी। कामा ज्वेलरी के संस्थापक और एमडी कॉलिन शाह ने कहा कि यूएस फेड द्वारा दरों में कटौती के संकेत के कारण सोने की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। सुरक्षित निवेश के लिए सोना हर समय लोगों की पसंद रहा है। कम ब्याज दर की स्थिति में लोग दूसरे क्षेत्रों में निवेश की अपेक्षा सोने में अधिक निवेश करना पसंद करते हैं।

## अडाणी पोर्ट्स ने 420 एमएमटी माल का किया प्रबंधन

**अहमदाबाद।** अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने 24 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2024 में रिकॉर्ड 420 एमएमटी (मिलियन मीट्रिक टन) माल का प्रबंधन किया। कंपनी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी ने मार्च में एक माह में अब तक का सबसे अधिक 38 एमएमटी से अधिक माल हैंडल किया। एपीएसईज़ेड के प्रबंध निदेशक करण अडाणी ने कहा कि कंपनी को पहले 100 एमएमटी वार्षिक कार्गो थ्रूपुट हासिल करने में 14 साल लग गए, जबकि दूसरे और तीसरे 100 एमएमटी थ्रूपुट को क्रमशः पांच और तीन साल में हासिल किया गया। वित्त वर्ष 2024 के दौरान, भारत के एक-चौथाई से अधिक कार्गो वॉल्यूम को एपीएसईजेड बंदरगाहों के माध्यम से भेजा गया। करण अडाणी ने कहा कि नवीनतम 100 एमएमटी का आंकड़ा दो साल से भी कम समय में हासिल किया गया है। यह परिचालन क्षमता बढ़ाने और उद्योग में शीर्ष बंदरगाह ऑपरेटर के रूप में हमारी स्थिति बनाए रखने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता और प्रयासों का प्रमाण है।

# विश्व बाजार में आई तेजी से चढ़ा शेयर बाजार

- सेंसेक्स 363.20 अंक की छलांग लगाकर 74,014.55 पर
- निफ़्टी 135.10 की तेज़ी के साथ 22,462.00 अंक पर बंद



बीएसई सेंसेक्स 1 अप्रैल 2024

| | |
|---|---|
| अधिकतम उछाल | |
| खुला | 73,968.62 |
| बंद | 74,014.55 |
| पिछला बंद | 73,651.35 |
| बदलाव: | 363.20 (0.49%) |

| | अंतिम भाव ₹ में | % बदलाव |
|---|---|---|
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 871.30 | 4.81 |
| टाटा स्टील | 163.10 | 4.62 |
| अल्ट्रा टेक | 9,977.35 | 2.38 |
| एनटीपीसी | 342.25 | 1.88 |
| एल एंड टी | 3,836.85 | 1.66 |
| एचडीएफसी बैंक | 1,470.15 | 1.52 |
| पावर ग्रिड | 280.00 | 1.06 |
| विप्रो | 485.00 | 1.03 |
| एचसीएल टेक | 1,557.00 | 0.89 |
| एशियन पेंट्स | 2,871.00 | 0.88 |

KBK Infographics

> नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत में भारतीय बाजार चढ़ गया और निकट भविष्य में इस अनुकूल गति के जारी रहने के संकेत मिल रहे हैं : विनोद नायर

**मुंबई,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी फेड रिजर्व के जून में ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर रियल्टी, धातु, दूरसंचार, कमोडिटीज और यूटिलिटीज समेत अठारह समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स लगातार तीसरे दिन चढ़ता हुआ 74 हजार अंक के पार पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 363.20 अंक की छलांग लगाकर तीन सप्ताह बाद 74 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 74,014.55 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ़्टी 135.10 अंक की तेज़ी के साथ 22,462.00 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली की रफ़्तार अधिक तेज रही, जिससे मिडकैप 1.64 प्रतिशत उछलकर 39,968.43 और स्मॉलकैप 2.98 प्रतिशत मजबूत होकर 44,454.63 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4058 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3235 में लिवाली जबकि 665 में बिकवाली हुई वहीं 158 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ़्टी की 31 कंपनियों में तेजी जबकि 18 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

निवेश सलाह देने वाली कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत में भारतीय बाजार चढ़ गया और निकट भविष्य में इस अनुकूल गति के जारी रहने के संकेत मिल रहे हैं। जून में अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर में कटौती की उम्मीद में वैश्विक तेज़ी और वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में घरेलू आय में बढ़ोतरी होने के अनुमान से बाजार को बल मिला है। आगे आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय, देश का पीएमआई आंकड़ा और अमेरिकी गैर-कृषि रोज़गार आंकड़े बाजार की दिशा तय करेंगे।

इस दौरान बीएसई में कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑटो समूह की 0.25 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 18 समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे रियल्टी 4.18, दूरसंचार 3.44, धातु 3.39, कमोडिटीज 2.91, वित्तीय सेवाएं 1.30, हेल्थकेयर 1.20, इंडस्ट्रियल्स 2.16, यूटिलिटीज 2.62, कैपिटल गुड्स 1.72, चढ़ गए।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन प्रमुख कंपनियों के शेयरों में उछाल रहा उनमें जेएसडब्ल्यू स्टील 4.81, टाटा स्टील 4.62, अल्ट्रासिमको 2.38, एनटीपीसी 1.88, एलटी 1.66, एचडीएफसी बैंक 1.52, पावरग्रिड 1.06, विप्रो 1.03, एचसीएल टेक 0.89, एशियन पेंट 0.88, टीसीएस 0.82, एसबीआई 0.74, एक्सिस बैंक 0.46, आईसीआईसीआई बैंक 0.31 और बजाज फिनसर्व 0.12 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, टाइटन 1.76, नेस्ले इंडिया 1.43, भारती एयरटेल 0.82, इंडसइंड बैंक 0.77, टेक महिंद्रा 0.45, आईटीसी 0.44, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.29, रिलायंस 0.25, मारुति 0.22, इंफ़ोसिस 0.20 और टाटा मोटर्स के शेयर 0.09 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## सेल ने समाप्त वित्त वर्ष में किया अब तक का सर्वाधिक उत्पादन

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। सार्वजनिक क्षेत्र इस्पात उत्पादक महारक कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान हॉट मेटल, क्रूड स्टील और सेलेबल स्टील का अब तक का सर्वाधिक उत्पादन किया है, जो एक मील का पत्थर है।





कंपनी ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि सेल ने 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में हॉट मेटल के उत्पादन में छह प्रतिशत, क्रूड स्टील उत्पादन में पांच प्रतिशत और सेलेबल स्टील उत्पादन में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 2.5 करोड़ टन हॉट मेटल, 1.92 करोड़ टन क्रूड स्टील और 1.84 करोड़ टन सेलेबल स्टील का उत्पादन किया। कंपनी ने इस अवधि में 1.71 करोड़ टन इस्पात की बिक्री की है, जो अबतक का सर्वाधिक और इसके पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले पांच प्रतिशत अधिक है।

सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय इस्पात बाजार की बढ़ती मांग के साथ कंपनी के रणनीतिक तालमेल को दिया। उन्होंने बदलती बाजार जरूरतों के प्रति उत्तरदायी रहते हुए कंपनी की उत्पादन क्षमताओं को और बढ़ाने की सेल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

## अमेज़ॅन फ्रेश के सुपर वैल्यू डेज़ के साथ आईपीएल के जोश का आनंद उठाएं

**नई दिल्ली**, 1 अप्रैल (एजेंसियां)। गर्मियों ने अपनी दस्तक दे दी है, तो ऐसे में हाईड्रेशन एवं पोषण से भरपूर चीजों को प्राथमिकता देना जरुरी हो जाता है। 1 से 7 अप्रैल तक अमेज़ॅन फ्रेश के सुपर वैल्यु डेज का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाकर सीज़न की शुरुआत करें और 45 प्रतिशत तक की छूट पर ताजे फल, सब्जियां और रोजमर्रा की जरुरी चीजों का स्टॉक जमा करें। वेदाका, हल्दीराम, डाबर, दावत जैसे लोकप्रिय ब्रांडों से आसन डिलीवरी के साथ खरीदारी करें ताकि आपको चिलचिलाती गर्मी में बाहर न निकलना पड़े। प्राइम रिपीट ग्राहक 150 रुपये तक के कैशबैक का आनंद ले सकते हैं और नए अमेज़ॅन ग्राहक अपने पहले चार अमेज़ॅन फ्रेश ऑर्डर पर 400 रुपये तक के कैशबैक ले सकते हैं। इधर गर्मी शुरु, उधर आईपीएल सीज़न का धमाल शुरु। क्रिकेट का जुनून और चिलचिलाती गर्मी एक साथ आते हैं। इस साल, सीजन का भरपूर आनंद देने के लिए बनाए गए हमारे डेडिकेटेड समर स्टोर और आईपीएल स्टोर के साथ अपने गर्मियों के अनुभव को शानदार एवं यादगार बनाएं। अपनी किराने की सभी चीजों के लिए समर स्टोर में जाएँ, जहों आपको ताजे फल, सब्जियाँ, हाइड्रेटिंग पेय और आपके दिन को जोश से भरपूर बनाने के लिए सभी जरुरी चीजें मिलती हैं। आईपीएल स्टोर में जाएं, और अपने फेवरेट मैच देखें। अमेज़ॅन फ्रेश आपके द्वारा अपनी टीम का हौंसला बढाने में मदद करके आपके खाने-पीने का ख्याल रखता है। आपके फेवरेट चिप्स और नमकीन से लेकर फ्रोजन स्नैक्स और पेय पदार्थों से लेकर डेजर्अ तक, आईपीएल स्टोर आपको खेल में पूरी तरह से सरोबार होने के लिए आपका वन-स्टॉप डेस्टिनेशन है। ग्राहक 1 से 4 अप्रैल 2024 तक न्यूनतम 2,500 रुपये के ट्रांजेक्शन पर आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 10 प्रतिशत का इंस्टेंट डिस्काउंट और 300 रुपये तक की छूट का भी लाभ उठा सकते हैं।

# केंद्र सरकार की पीएलआई पहल से एप्पल ने 1.5 लाख से अधिक लोगों को दिया रोजगार

- लगभग 3 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से मिला रोजगार



> आईओएस ऐप डेवलपमेंट अब 1 मिलियन से अधिक नौकरियों का समर्थन करता है : राजीव

**नई दिल्ली**, 1 अप्रैल (एजेंसियां)। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को कहा कि 2021 में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी मिलने के बाद से एप्पल ने 1,50,000 से अधिक लोगों को सीधे रोजगार दिया है, जिससे यह देश का सबसे बड़ा ब्लू-कॉलर जॉब क्रिएटर बन गया है।

तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट से एनडीए के उम्मीदवार और मोदी सरकार में राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिवर्तनकारी पीएलआई नीतियों के कारण कुल 4 लाख से अधिक नई नौकरियों के साथ लगभग 3 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आईफोन फैक्ट्रियां जून-सितंबर के बीच 10,000 से अधिक लोगों को सीधे तौर पर नौकरियां देने के लिए तैयार हैं। वित्त वर्ष 24 में आईफोन का उत्पादन फरवरी के एक लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया, जिसमें 70 प्रतिशत निर्यात और कुल बाजार मूल्य 1.6 लाख करोड़ रुपए था। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि आईओएस ऐप डेवलपमेंट अब 1 मिलियन से अधिक नौकरियों का समर्थन करता है। एप्पल ने अपने 50 मिलियन डॉलर के आपूर्तिकर्ता कर्मचारी विकास कोष के हिस्से के रूप में महिलाओं के स्वास्थ्य पर एक शिक्षा पहल शुरू की है। भारत में एप्पल का राजस्व वित्त वर्ष 2023 में लगभग 50,000 करोड़ रुपए तक पहुंच गया।

## वित्त मंत्रालय ने आयकर व्यवस्था में नए बदलाव का किया खंडन

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि 1 अप्रैल, 2024 से आयकर व्यवस्था में कोई नया बदलाव नहीं होगा, जैसा कि कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म द्वारा बताया जा रहा है। वित्त मंत्रालय ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नई कर व्यवस्था से जुड़ी भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं, इसलिए यह स्पष्ट किया जाता है कि 1 अप्रैल, 2024 से कोई नया बदलाव नहीं होने जा रहा है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि नई कर व्यवस्था वित्तीय वर्ष 2023-24 से डिफॉल्ट व्यवस्था के रूप में कंपनियों और फर्मों के अलावा अन्य व्यक्तियों के लिए लागू है और इसके अनुरूप मूल्यांकन वर्ष 2024-25 है।

# खेल जगत

## धोनी अपनी बैटिंग लाइनअप में बदलाव नहीं करेंगे: क्लार्क

**विशाखापत्तनम,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि आईपीएल 2024 में सीएसके के आगामी मैचों में एमएस धोनी ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करते नहीं दिखेंगे। आईपीएल 2024 में दिल्ली के खिलाफ एमएस धोनी पहली बार इस सीजन में बल्लेबाजी करने उतरे। सीएसके के लिए धोनी ने 231 के स्ट्राइक रेट से तूफानी पारी खेली। उनकी बल्लेबाजी देखकर हर कोई ये चाहता है कि माही बैटिंग लाइन अप में खुद को प्रमोट करें।

हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई पूर्व क्रिकेटर माइकल क्लार्क को ऐसा नहीं लगता कि एमएस धोनी बॉल को अच्छी तरह हिट करने के बावजूद आगे मैचों में अपनी बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करेंगे। क्लार्क ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, 'मुझे नहीं लगता कि धोनी अपनी बैटिंग लाइनअप में बदलाव करेंगे। मुझे लगता है कि वह जहां हैं, वहीं रहेंगे। मुझे लगता है कि एमएस धोनी का हर प्रशंसक उन्हें ऊपर के क्रम में बल्लेबाजी करते देखना चाहता है।



# विराट के दम पर लखनऊ को रोक जीत की राह पर वापस लौटने के मकसद से उतरेगी आरसीबी



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। विराट कोहली के दो अर्धशतकों के बावजूद केकेआर से पिछले मैच सहित तीन में से दो मैच हारने व एक मैच जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अब मंगलवार को अपने घर बेंगलुरु में मेहमान लखनऊ सुपर जायंटस (एलएसजी) को जीत के सिलसिले को आगे बढ़ने से रोक कर आईपीएल 2024 में जीत की राह पर वापस लौटने के मकसद खेलने उतरेगी। विराट कोहली दो अर्धशतक सहित कुल 188 रन बनाकर रन बनाने में सबसे आगे चल रहे हैं और आरसीबी उनसे लखनऊ के खिलाफ भी बेंगलुरु के अपने चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच बड़ी पारी खेलने की उम्मीद कर रही है। विराट ने अब तक बल्ले से सही वक्त पर गियर बदल कर उनके इस होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया में स्थान को लेकर सवाल उठाने वाले आलोचकों को शांत कर दिया है। विराट जिस अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे उसके मद्देनजर लखनउ के नवीन उल हक, मयंक यादव और मोहसिन के लिए उन्हें रोकना मुश्किल होगा। लखनऊ सुपर जायंटस ने अपने अभियान का आगाज राजस्थान रॉयल्स से उसके घर जयपुर 20 रन से किया लेकिन अगले मैच में क्विंटन डी कॉक के तूफानी अर्धशतक और निकोलस पूरन की 42 और कुणाल पांडया की 43 रन की तेज पारियों और नौजवान तेज गेंदबाज मयंक यादव की धारदार तेज गेंदबाजी की बदौलत पंजाब किंग्स को 21 रन से हरा जीत की राह पकड़ ली।

विराट कोहली की आरसीबी की दिक्कत यही है कि उनको और कुछ हद तक फिनिशर दिनेश कार्तिक को छोड़ कप्तान फॉफ डू प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल और कैमरून ग्रीन जैसे बाकी बल्लेबाजों के गलत वक्त पर विकेट गंवाने और मोहम्मद सिराज, यश दयाल, अल्जारी जोसेफ के गेंदबाजी इकाई के रूप में गेंद से नाकाम रहने के कारण बमुश्किल एक मैच पंजाब किंग्स के खिलाफ ही जीत पाई है। आरसीबी को जीत की राह पर वापस लौटना है तो विराट कोहली के साथ कप्तान डू प्लेसी, मैक्सवेल, ग्रीन व अनुज रावत को बल्ले

■ रवि बिश्नोई, कुणाल व मयंक हो सकते हैं लखनऊ की तुरुप के इक्के

■ आरसीबी के गेंदबाजों के सामने केएल राहुल, क्विंटन व पूरन को रोकने की चुनौती

से कमाल करना होगा। विराट कोहली के साथ प्लेसी, मैक्सवेल, ग्रीन व बतौर फिनिशर दिनेश कार्तिक और विकेटकीपर अनुज रावत का बल्ला लखनऊ सुपर जायंटस की रफ्तार की नई सनसनी मयंक यादव, मोहसिन खान, नवीन उल के खिलाफ चला तो फिर आरसीबी को जीत की राह पर वापस लौटने में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। नौजवान लेग स्पिनर रवि बिश्नोई और बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर क्रुणाल पांडया बतौर गेंदबाज अपनी अलग भूमिका और नवोदित तेज गेंदबाज मयंक यादव में लखनऊ सुपर जायंटस के लिए गेंदबाजी में तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं। लखनऊ सुपर जायंटस के लिए उसके कप्तान केएल राहुल, उनके सलामी जोड़ीदार क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरन ने अब तक एक अर्धशतक जड़ा और क्रुणाल पांडया भी एक तेज पारी खेलने



में सफल रहे हैं। आरसीबी के गेंदबाजों तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज,यश दयाल और ग्रीन के लिए सबसे बड़ी चुनौती लखनऊ के क्विंटन डी कॉक, केएल राहुल निकोलस पूरन को रोकने की बड़ी चुनौती होगी। यदि इन तीन में से दो का भी बल्ला भी चल गया तो फिर लखनऊ सुपर जायंटस को बड़े स्कोर से रोक पाना आरसीबी के गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती होगा। दरअसल आरसीबी के पास स्पिनर के रूप में ऑलराउंडर ऑफ स्पिनर ग्लेन मैक्सवेल और बाएं हाथ के महिपाल लोमरर ही हैं लेकिन इनसे कॉक, पूरन और केएल राहुल को रोकने की उम्मीद करना मुनासिब नहीं होगा।

# एटीपी रैंकिंग इतिहास में सबसे उम्रदराज नंबर 1 खिलाड़ी बनने वाले हैं जोकोविच

■ जोकोविच पहली बार 4 जुलाई 2011 को 24 साल की उम्र में विश्व नंबर 1 बने थे

■ नोवाक जोकोविच टेनिस जगत के दिग्गजों खिलाड़ियों में हैं शामिल



**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। सर्बिया के 36 साल और 321 दिन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच इस सप्ताह के अंत तक एटीपी रैंकिंग इतिहास में सबसे उम्रदराज नंबर 1 के रूप में स्विस दिग्गज रोजर फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। नोवाक जोकोविच टेनिस जगत के दिग्गजों में गिने जाते हैं। पिछले साल फरवरी में, जोकोविच ने स्टेफी ग्राफ के 377 सप्ताह के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए किसी पुरुष या महिला टेनिस खिलाड़ी द्वारा विश्व नंबर 1 के रूप में सबसे अधिक सप्ताह बिताने का रिकॉर्ड बनाया था। जोकोविच पहली बार 4 जुलाई 2011 को 24 साल की उम्र में विश्व नंबर 1 बने थे। जबकि फेडरर और राफेल नडाल 22 साल की उम्र में पहली बार नंबर 1 पर पहुंचे थे। टेनिस जगत के ये तीन बड़े नाम हमेशा एक दूसरे को चुनौती देते आए हैं। पहली बार विश्व नंबर 1 बनने के लगभग 13 साल तक जोकोविच ने अपने करियर का एक बड़ा हिस्सा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ ऊंचाइयों पर बिताया है। सोमवार को 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने एटीपी टूर पर रिकॉर्ड बनाना जारी रखा। उन्होंने विश्व नंबर 1 के रूप में सप्ताह 419 की शुरुआत की। जिसका अर्थ है कि वह अब दूसरे स्थान पर मौजूद फेडरर (310 सप्ताह) से 109 सप्ताह आगे हैं। 22 मई, 2017 को 30 वर्ष के होने के बाद से सर्बियाई ने 31 टूर-स्तरीय खिताब जीते हैं, जिसमें उनके 24 ग्रैंड स्लैम में 12, 40 एटीपी मास्टर्स 1000 में 10 खिताब और सात निट्टो एटीपी फाइनल ट्रॉफी में दो शामिल हैं।

# जैनिक सिनर ने जीता मियामी ओपन खिताब

**फ्लोरिडा,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। मियामी ओपन 2021 और 2023 में उपविजेता रहे जैनिक सिनर ने हार्ड रॉक स्टेडियम में पुरुष एकल फाइनल में ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-3, 6-1 से हराकर मियामी ओपन 2024 खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलियन ओपन और रॉटरडैम के बाद इस साल वर्ल्ड नंबर 3 खिलाड़ी के लिए यह तीसरा खिताब है। इस सीजन में उनका स्कोर 22-1 है और मियामी ओपन जीतने वाले पहले इटालियन हैं। इस शानदार प्रदर्शन के बाद वो जल्द रैंकिंग में एक पायदान ऊपर नंबर 2 पर पहुंच जाएंगे। जैनिक सिनर ने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन था। खासतौर पर सेमीफ़ाइनल और फ़ाइनल मेरे लिए अधिक महत्वपूर्ण है। रैंकिंग में नंबर 2 पर पहुंचना मेरे लिए अद्भुत अहसास है। खेल एक अलग चीज है और जीवन उससे बहुत अलग है। मैं यहां पहुंच कर खुश हूं और हर पल का आनंद ले रहा हूं। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।' 22 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले सेट में, पांचवें और नौवें गेम में दो ब्रेक प्वाइंट को भुनाया और 42 मिनट में सेट समाप्त किया।



दूसरे सेट में, सिनर को चौथे और छठे गेम में भी दो ब्रेक मिले और स्कोर को 5-1 तक ले गए। इसके बाद उन्होंने 1 घंटे और 13 मिनट में जीत हासिल की।उन्होंने फर्स्ट सर्व प्वाइंट के 88 प्रतिशत अंक (24 में से 21) जीते। जहां तक सीज़न के शेष भाग की बात है, सिनर को अभी भी लगता है कि बहुत कुछ सुधार किया जाना बाकी है।

# टेनिस स्टार सुमित नागल ने हासिल की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने एटीपी 250 माराकेच से पहले एटीपी रैंकिंग में दो स्थान आगे बढ़ने के साथ सोमवार को अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 95वीं रैंकिंग हासिल की। फरवरी में, नागल ने शीर्ष 100 में प्रवेश किया जब वह चेन्नई ओपन खिताब जीतने के बाद पुरुष एकल में वर्ल्ड नंबर-97 बने। फिर, उन्होंने मियामी ओपन में शानदार डेब्यू किया और क्वालीफायर के दौरान गेब्रियल डायलो को सीधे सेटों में 7-6(3), 6-2 से हराकर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। नागल अगले क्वालीफाइंग दौर में कोलमैन वोंग से हार गए। हालांकि, अपने प्रदर्शन के दम पर वो रैंकिंग में नंबर 92 पर पहुंच गए। इंडियन वेल्स में राफेल नडाल के हटने के बाद नागल को मुख्य ड्रॉ में जगह मिली। हालांकि, वो इस मौके को भुनाने में सफल नहीं हुए और उन्हें मिलोस राओनिक के खिलाफ हार झेलनी पड़ी।



जब नागल जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे, तो वह एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में पहुंच गए। हालांकि, इसके बाद वह स्टेफानो नेपोलिटानो के खिलाफ बेंगलुरु ओपन हार गए। इसके बाद वो थोड़े समय के लिए अपनी लय खो बैठे। पुणे एटीपी चैलेंजर प्री-क्वार्टर फाइनल में निकी पूनाचा के खिलाफ उन्हें हार झेलनी पड़ी, जिससे नागल शीर्ष 100 से बाहर हो गए। इन तमाम मुश्किलों के बावजूद, नागल दो स्थान ऊपर चढ़कर दुनिया में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 95वीं रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। यह उपलब्धि एटीपी 250 माराकेच टूर्नामेंट में उनके प्रवेश से पहले आई है। मंगलवार को टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में सुमित नागल वर्ल्ड नंबर 99 कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ खेलेंगे।

# मैच का चौथा दिन गेंदबाजों का रहा श्रीलंका ने मैच पर बनाई पकड़

**चटगांव,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। बंगलादेश और श्रीलंका के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन गेंदबाजों का बोलबाला रहा। दूसरी पारी में लगातार गिरते हुए विकेटों के बीच श्रीलंका ने छह विकेट पर 102 रन बना लिये है और उसकी बढ़त 455 रनों हो गई है। दिन का खेल समाप्त होने तक एंजलो मैथ्यूज नाबाद 39 रन और प्रभात जयसूर्या नाबाद तीन रन पर क्रीज पर मौजूद थे। जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में टेस्ट मैच के तीसरे दिन श्रीलंकाई गेंदबाजों असिथा फर्नांडो के चार विकेट, विश्वा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा और प्रभात जयसूर्या ने दो-दो विकेट चटाते हुए बंगलादेश की पहली पारी को 178 रन पर समेट दिया। उसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। उसके बल्लेबाजों की बंगलादेश के तेज गेंदबाज हसन महमूद और खालिद अहमद ने खूब खबर ली और किसी को भी पिच पर टिकने नहीं दिया। हसन महमूद ने 51 रन देकर चार विकेट और खलिद अहमद 29 रन देकर दो विकेट की कातिलाना गेंदबाजी के दम पर मैच पर पकड़ बनाने का प्रयास करते देखे गये। श्रीलंका ने पहली पारी में कुसल मेंडिस 93 रन, कामिंडु मेंडिस नाबाद 92 रन, दिमुथ करुणारत्ने 86रन, कप्तान धनंजय डीसिल्वा 70 रन और दिनेश चांदीमल 59 रनों की शानदार परियों के दम पर 531 रन बनाये थे और बाद में उसके गेंदबाजों ने बंगलादेश को पहली पारी में तीसरे दिन 178 रन पर समेट दिया था। बंगलादेश की ओर से ज़ाकिर हसन ने 54 रन, मोमिनुल हक 33 रन, तैजुल इस्लाम 22 और महमुदुल हसन जॉय 21रन बनाकर आउट हुये।



# मुझे विश्वास था, चाहे कुछ भी हो मैदान पर वापस लौटना है: पंत

**विशाखापत्तनम,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। लंबे ब्रेक के बाद वापसी कर रहे ऋषभ पंत ने सीएसके के खिलाफ 32 गेंदों में 51 रनों की पारी खेली। साथ ही उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स ने गत चैंपियन सीएसके को 20 रनों से हराया और सीजन की पहली जीत दर्ज की। दिसम्बर 2022 में जानलेवा कार दुर्घटना से उबरने के बाद विशाखापत्तनम में रविवार का मैच प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में पंत का तीसरा मैच था। खुद को तीसरे नंबर पर प्रमोट करते हुए, पंत 23 गेंदों में 23 रन पर थे। वो बड़े शॉर्ट के लिए संघर्ष करते नजर आए, लेकिन यहां से उन्होंने अगली 8 गेंदों में आक्रामक बल्लेबाजी की और अपना अर्धशतक भी पूरा किया। इस पारी और मैच में जीत के बाद कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि उनमें हमेशा वापसी करने का आत्मविश्वास था। उन्होंने अपने मन में ये ठान रखा था कि चाहे कुछ भी हो उन्हें क्रिकेट के मैदान पर वापसी करनी है।



पंत ने पोस्ट मैच प्रेज़ेंटेशन में अपनी वापसी को लेकर कहा, 'एक क्रिकेटर के तौर पर मैं यह नहीं सोचता कि मैं वापसी कर रहा हूं, मुझे हर दिन अपना 100 फ़ीसदी देना है। इसलिए मैंने शुरुआत में अपना समय लिया क्योंकि मैंने पिछले डेढ़ दो साल में क्रिकेट नहीं खेली। हालांकि उसी समय मेरे मन में यह भी चल रहा था कि मैं अंत में मैच का रुख़ बदल सकता हूं।'

## स्लो ओवर रेट के लिए ऋषभ पंत पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत को रविवार को सीएसके के खिलाफ स्लो ओवर रेट को लेकर फटकार लगाई गई। दिल्ली कैपिटल्स ने बेशक चेन्नई के खिलाफ सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज की, लेकिन कप्तान की एक गलती से जीत का मजा फीका हो गया। स्लो ओवर रेट के कारण ऋषभ पंत पर आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के तहत 12 लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया।

## जो पंत से प्रेरित नहीं, वो सच्चा इंसान नहीं: वॉटसन

विशाखापत्तनम। लंबे ब्रेक के बाद वापसी कर रहे ऋषभ पंत ने सीएसके के खिलाफ 32 गेंदों में 51 रनों की पारी खेली। साथ ही उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स ने गत चैंपियन सीएसके को 20 रनों से हराया और सीजन की पहली जीत दर्ज की। दिसंबर 2022 में जानलेवा कार दुर्घटना से उबरने के बाद विशाखापत्तनम में रविवार का मैच प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में पंत का तीसरा मैच था। खुद को तीसरे नंबर पर प्रमोट करते हुए, पंत 23 गेंदों में 23 रन पर थे। वो बड़े शॉर्ट के लिए संघर्ष करते नजर आए, लेकिन यहां से उन्होंने अगली 8 गेंदों में आक्रामक बल्लेबाजी की और अपना अर्धशतक भी पूरा किया।

# हॉकी इंडिया लीग जनवरी 2025 में होगी शुरू

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत में क्रिकेट की तर्ज हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) पर पुरुषों के साथ महिला हॉकी इंडिया लीग अगले साल यानी जनवरी 2025 में शुरू होगी। यह जानकारी हॉकी इंडिया के महासचिव भोलेनाथ सिंह ने हॉकी इंडिया के सालाना अवार्ड्स 2023 के बांटे जाने के मौके पर दी। भारत में 2013 में शुरू हुई हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2017 में बंद कर दी गई थी और तक इसमें पुरुषों की हॉकी लीग में छह टीमों ने शुरू की थी। इसके बाद पैसे की तंगी और हॉकी के व्यस्त कार्यक्रम के साथ एफआईएच प्रो लीग के शुरू हो जाने के बाद इसे बंद कर दिया गया था। भोलेनाथ सिंह ने कहा, 'इस हॉकी इंडिया लीग में पुरुष वर्गों में आठ टीमें शिरकत करेंगी



जबकि महिला वर्ग में छह टीमें शिरकत करेंगी। इस बाबत हमने विभिन्न फ्रेंचाइजी के टीमों के मालिकों से बातचीत शुरू कर दी। जल्द ही विभिन्न फ्रेंचाइजी मालिकों से बात कर इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा।' भारत की पुरुष हॉकी टीम में आज पुरुष हॉकी टीम में हरमनप्रीत सिंह, आकाशदीप सिंह, मनप्रीत

■ पुरुष वर्ग में आठ व महिला वर्ग में छह हॉकी टीमें शिरकत करेंगी

■ एचआईएच के लिए विभिन्न फ्रेंचाइजी से बात अंतिम चरण में

सिंह, परआर श्रीजेश, मनदीप सिंह जैसे कई धुरंधर हॉकी इंडिया लीग की ही देन है। हॉकी इंडिया लीग के शुरू होने से भारत की पुरुष हॉकी टीम के खिलाडियों को बराबर इसमें विदेशी खिलाडियों के साथ और उनके खिलाफ खेलने से अपने खेल बेहतर करने के साथ उनके खिलाफ खेलने का हौवा भी निकल जाएगा। भारतीय महिला हॉकी टीम चीफ कोच बदकिस्मती से यॉकी शॉपमैन के मार्गदर्शन में ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने में नाकाम रही। महिला हॉकी इंडिया लीग शुरू होती तो भारत की लड़कियों को यूरोपीय टीमों के साथ व उनके खिलाफ खेलने से अपना खेल निखारने में मदद मिलेगी। हॉकी इंडिया की कमान संभालने के साथ ही इसके अध्यक्ष पूर्व हॉकी ओलंपियन दिलीप टिर्की खासतौर पर हॉकी इंडिया लीग को फिर से शुरू करने को आतुर थे। 2023 में हॉकी इंडिया लीग को फिर से शुरू करने के लिए बिग बेंग मीडिया वेंचर को अपना वाणिज्यिक और विपणन भागीदारी घोषित किया था। पिछले महीने एक कार्यक्रम के दौरान हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने इस बात की पुष्टि की थी वे हॉकी इंडिया लीग के लिए विभिन्न फ्रेंचाइजी से बात अंतिम चरण में है।

## हॉकी इंडिया ने महिला राष्ट्रीय कैंप के लिए 60 सदस्यीय दल का किया ऐलान

**बेंगलुरु,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया ने सोमवार को 60 सदस्यीय महिला दल की घोषणा की, जो 1 से 7 अप्रैल तक होने वाले ट्रायल कैंप के लिए साई, बेंगलुरु में रिपोर्ट करेगी। यहां 6 और 7 अप्रैल को भविष्य के कोचिंग शिविरों और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन दौरों के लिए टीम में से 33 खिलाड़ियों की छंटनी होगी। पुणे में हाल ही में संपन्न सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद 60 खिलाड़ियों के ग्रुप को शॉर्टलिस्ट किया गया है। यह चयन पूरे टूर्नामेंट में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न राज्यों की होनहार प्रतिभाओं की पहचान करता है।

एक विज्ञप्ति में बताया गया है, 'अब इन खिलाड़ियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। वे भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए अंतिम 33 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप में जगह बनाने की दौड़ में हैं।'

## सार संक्षेप

### विवाद खत्म करने के लिए शाहीन अफरीदी से मिलेंगे पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी टीम के पूर्व कप्तान और तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी से मुलाकात करेंगे, जिसका मुख्य मकसद टीम में चल रहे विवाद को खत्म करना है। पीसीबी द्वारा बाबर आजम को टी20 और वनडे के लिए नया कप्तान घोषित किया गया। पीसीबी के फैसले से पूर्व कप्तान शाहीन अफरीदी नाराज दिखे। इस मामले की गंभीरता को समझते हुए पीसीबी प्रमुख स्थिति को स्पष्ट करने के लिए शाहीन से मिलने के लिए काकुल, एबटाबाद जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक, पीसीबी प्रमुख नकवी स्टार तेज गेंदबाज शाहीन के साथ गलतफहमियों को दूर करने की कोशिश करेंगे। नकवी काकुल में टीम के नए कप्तान बाबर आजम समेत टीम के अन्य खिलाड़ियों से भी मुलाकात करेंगे। पाकिस्तान टीम एबटाबाद में पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी (पीएमए) में एक फिटनेस प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रही है। पीसीबी का कहना है कि शाहीन को कप्तान पद से हटाने का कारण निरंतर शीर्ष प्रदर्शन स्तर सुनिश्चित करना था। हालांकि केवल एक सीरीज के लिए कप्तान रहने के बाद शाहीन को हटाने का पीसीबी का अचानक लिया गया फैसला इस स्टार तेज गेंदबाज के लिए दिल तोड़ने वाला है। यह कहना गलत नहीं होगा कि पीसीबी ने अपना और चयन समिति का पूरी तरह से मजाक उड़ाया। उसने टीम के कप्तान के चयन और बातचीत की प्रक्रिया के दौरान कई गलतियां की।

### फुटबॉल लीग से होगी प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान

**मुंबई।** देश में फुटबॉल की प्रतिभाओं और तलाशने और उन्हे प्रोत्साहित करने के मकसद से ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने सोमवार को ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप (डीएससी) के लॉन्च की घोषणा की। अप्रैल और मई में राष्ट्रीय स्तर की इस चैंपियनशिप में देश के छह प्रमुख फुटबॉल सेंटर शामिल होंगे। प्रमुख एआईएफएफ-मान्यता प्राप्त क्लबों और अकादमियों की टीमों को लेकर आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता भारतीय फुटबॉल में यूथ-बेस्ड कम्पटीशन को ऊपर उठाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की भागीदारी के साथ यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों को जून में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय शिविर के लिए चयन का मार्ग प्रशस्त करेगा। लीग के लॉन्च पर ड्रीम स्पोर्ट्स के सीओओ और सह-संस्थापक भावित शेठ ने कहा, हमारा मानना है कि विश्व स्तरीय चैंपियन बनाने का रास्ता दीर्घकालिक और टिकाऊ प्रोग्राम पर निर्भर करता है।